सूर्योदय 5:50 सूर्यास्त 7:00

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,273.75 |
| निफ्टी | 24,876.95 |
| सोना | 99,737 |
| चांदी | 1,14,017 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल के लिए किया क्वालिफाई

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 19 अगस्त 2025 | 4 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 231, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# मानसून सत्र : आपदा राहत पर पक्ष–विपक्ष में तकरार

## जयराम ने लगाया राशन वितरण में धांधली का आरोप, सीएम ने दिया जांच का भरोसा

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार को जोरदार हंगामे के साथ शुरू हुआ। हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा को लेकर सदन खूब गरमाया। आपदा राहत पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। विपक्ष ने सरकार पर राहत कार्यों में लापरवाही का आरोप लगाया, तो वहीं सरकार ने विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आपदा पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार ने आपदा प्रभावितों को जो राशन भेजा, वह एक कांग्रेस नेता के घर गया है। इस पर सीएम सुक्खू ने कहा कि अगर ऐसा हुआ है, तो जांच की जाएगी और दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार का आभार तभी जताया जाएगा, जब केंद्र से स्पेशल पैकेज मिलेगा।

वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जयराम ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि आप पहले दिल्ली पैसा रुकवाने जाते थे, लेकिन इस बार आप राहत के लिए दिल्ली गए हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि जब जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को कंडम गाड़ी दी थी और सरकारी आवास तक देने को तैयार नहीं थे।



हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से हाथ मिलाते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

### संकट की गंभीरता नहीं समझ पा रहा विपक्ष : हर्षवर्धन

संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विपक्ष की जल्दबाजी को अनुचित बताया और कहा कि सरकार ने संकट की गंभीरता को कम नहीं आंका है। उन्होंने कहा कि चर्चा जल्द ही शुरू हो जाएगी और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। आखिरकार, अध्यक्ष ने सदन के अन्य सूचीबद्ध कार्यों को स्थगित करते हुए मानसून की तबाही पर चर्चा को प्राथमिकता दी। इसके बाद सदन में बहस शुरू हुई, जहां सभी दलों ने इस आपदा से हुए नुकसान पर अपनी गंभीर चिंताओं को साझा किया।



### प्रदेश सरकार पूरी तरह असंवेदनशील : जयराम

सदन में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर असंवेदनशील होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस साल भरी मानसून ने हिमाचल पर कहर बरपाया है, यहां तक कि 12 से 13 हजार फुट की ऊंचाई वाले पहाड़ों में भी कटाव हुआ है, जहां पहले कभी नुकसान नहीं हुआ था। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की जमीनें तक नहीं बची हैं, ऐसे में वे लोग घर कहां बनाएंगे?

### आपदा की गंभीरता को समझ रहे : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार आपदा की गंभीरता को समझती है। उन्होंने पिछले साल की आपदा का ज़िक्र करते हुए कहा कि उस समय भाजपा ने सदन से बहिर्गमन किया था, लेकिन आज उनकी सरकार विपक्ष के प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा राजनीति का नहीं, बल्कि जनता के हित का है।

### नगरपालिका संशोधन विधेयक–2025 पेश

मानसून सत्र के पहले ही दिन लोक निर्माण विभाग और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल प्रदेश नगरपालिका संशोधन अध्यादेश–2025 सदन में पेश किया। इस विधेयक के पास होने के बाद, प्रदेश में नए गठित नगर निकायों में दो साल तक चुनाव टाले जा सकते हैं। इसके अलावा, कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कृषि और बागवानी विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति से जुड़ा एक संशोधन विधेयक भी सदन में पेश किया। इस दौरान, पुराने 2024 के संशोधन विधेयक को वापस लिया जाएगा, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया को संशोधित करना है।

### सुक्खू बोले–सरकार चर्चा को तैयार, विपक्ष न करे वॉकआउट

विधानसभा में आपदा पर नियम-67 के तहत चर्चा होगी। विपक्ष की ओर से लाए गए काम रोको प्रस्ताव को सरकार ने स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष काम रोको प्रस्ताव लाया है, इसलिए भाजपा विधायक पूरी चर्चा में हिस्सा लें और वॉकआउट न करें। कांग्रेस विधायकों के प्रस्ताव को भी काम रोको प्रस्ताव के साथ ही जोड़ा गया है। जयराम ठाकुर ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से डेढ़ घंटा पहले नोटिस दिया था। जयराम चाह रहे थे कि आपदा राहत पर जल्द चर्चा हो। जयराम बार-बार कह रहे थे कि आधे घंटे में चर्चा शुरू होनी चाहिए। वहीं, संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि आधे घंटे में आसमान नहीं फट जाएगा। नियम-67 में बहुत ही महत्वपूर्ण विषय आता है। यह भी महत्वपूर्ण विषय है। इस पर आधे घंटे में चर्चा होगी। यह नियम-130 के तहत होगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि नियम-67 में चर्चा करने से आज का बिजनेस लोप हो जाएगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### प्रदेश में भूस्खलन से 400 सड़कें बाधित



अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश में बरसात का कहर लगातार जारी है। जगह-जगह भूस्खलन, बाढ़ से राज्य में सैकड़ों सड़कें ठप हैं। इससे लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। राज्य में सोमवार शाम तक तीन नेशनल हाईवे सहित 400 सड़कें बंद रहीं। 883 बिजली ट्रांसफार्मर व 122 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। एनएच-305, एचएच-5 व एचएच-3 पर जगह-जगह भूस्खलन होने से वाहनों की आवाजाही बाधित है। मंडी जिले में सबसे अधिक 192 सड़कें, 303 बिजली ट्रांसफार्मर व 44 जल आपूर्ति स्कीमें ठप हैं। जिला किन्नौर में पोवारी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-5 धंस गया है। यहां सड़क का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। छोटे वाहनों को वाया रिकांगपिओ-शिल्टी मार्ग से भेजा जा रहा है। वहीं भारी बारिश के कारण कई जगह भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग भी बाधित है। इससे जगह-जगह गाड़ियां फंस गई हैं।

### दिल्ली के 3 स्कूलों को मिली बम की धमकी

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली के 3 स्कूलों को सोमवार को बम की धमकी मिली। इसके बाद एहतियात के तौर पर स्कूलों को खाली करा दिया गया। इन स्कूलों में दिल्ली पब्लिक स्कूल, मॉडर्न कॉन्वेंट और श्रीराम स्कूल का नाम शामिल है। दिल्ली फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सुबह 7 बजे स्कूल के अंदर एक विस्फोटक उपकरण होने की सूचना मिली थी। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वाड की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस को तलाशी में कोई भी विस्फोटक नहीं मिला। ( अनंत ज्ञान)

### दो कारों की टक्कर में 8 लोग जिंदा जले

एजेंसी, सुरेंद्रनगर। गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के वढवाण-लखतर हाईवे पर रविवार देर शाम 2 कारों की टक्कर के बाद आग लग गई, जिसमें 1 बच्ची समेत 8 लोग जिंदा जल गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़े गए और वह सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। वढवाण पुलिस ने बताया कि यह हादसा वढवाण-लखतर हाईवे पर डेडादरा गांव के पास हुआ। ( अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- अपात्रों को लाभान्वित करने वाले अधिकारी नपेंगे -पेज 2
- आपदा प्रबंधन पर बन सकता है ठोस रोड मैप: कुलदीप पठानिया -पेज 3
- टूटी खड़ा डंडा सड़क पर बच्चा बना सुरक्षा प्रहरी -पेज 5
- रेल परियोजना से प्रभावित मकानों की स्थिति पर विशेषज्ञों की नजर -पेज 6
- धोधंल नाले पर झूला पुल तैयार, ग्रामीणों को मिली राहत -पेज 10

## सियाचिन में लाहौल–स्पीति जिले का वीर सपूत शहीद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

शून्य से माइनस 50 डिग्री तापमान वाले सियाचिन ग्लेशियर में देश की रक्षा के लिए तैनात लाहौल–स्पीति का सपूत शहीद हो गया। शहीद अरुण कुमार लदाख स्काउट्स में अग्निवीर के रूप में भर्ती थे।

उनके चाचा ओम प्रकाश ने बताया कि अरुण कुमार पुत्र जय सिंह लगभग दो सप्ताह से सियाचिन ग्लेशियर पर अपनी ड्यूटी निभा रहा था। रविवार रात अचानक सिर में दर्द के कारण उसकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। अरुण कुमार 2023 में अग्निवीर के रूप में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे और लदाख में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। शहीद का पार्थिव शरीर मंगलवार तक किशोरी गांव लाया जाएगा। लाहौल–स्पीति की विधायक अनुराधा राणा और पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय और भाजपा नेता रवि ठाकुर ने अरुण कुमार की अचानक मृत्यु होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है।



2023 में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे अग्निवीर अरुण कुमार

## विक्रमादित्य सिंह फिर बनेंगे दूल्हा

### चंडीगढ़ में 22 सितंबर को अमरीन के साथ लेंगे सात फेरे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह फिर से शादी के बंधन में बनने जा रहे हैं। उनकी शादी 22 सितंबर को चंडीगढ़ में होनी तय हुई है। विक्रमादित्य सिंह की शादी पंजाब की अमरीन कौर से तय हुई है। इस शादी का निमंत्रण पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने लोगों का ध्यान खींचा है। विक्रमादित्य की यह दूसरी शादी है। इससे पहले उनकी शादी सुदर्शना कुमारी से 8 मार्च 2019 को हुई थी। सुदर्शना राजसमंद की आमेट रियासत से संबंध रखती हैं। मनमुटाव के चलते दोनों का करीब दो वर्ष पहले तलाक हो गया था।



हिमाचल के पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर हैं विक्रमादित्य सिंह



इस तलाक के बाद विक्रमादित्य सिंह ने दोबारा शादी करने का फैसला किया है। सूचना के अनुसार, अमरीन कौर चंडीगढ़ के सेक्टर दो के सरदार जोतिंद्र सिंह सेखो और ओपिंद्र कौर की बेटी हैं। वह पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में साइकोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। विक्रमादित्य सिंह की उनकी काफी समय से दोस्ती चल रही है। अब दोनों ने शादी के बंधन में बंधने का फैसला किया है।

विक्रमादित्य सिंह विधानसभा क्षेत्र सुन्नी से तीसरी बार विधायक और छह बार के सीएम रहे वीरभद्र सिंह के बेटे हैं।

## कर्मचारियों को अर्जित अवकाश का वित्तीय लाभ देना ही पड़ेगा

पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान

शिमला। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार कर्मचारियों को अर्जित अवकाश के वित्तीय लाभ देने से इनकार नहीं कर सकती। कोर्ट ने कहा है कि अर्जित अवकाश कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे सिर्फ काल्पनिक आधार पर कर्मचारी के खाते में जमा कर दिया जाए, बल्कि यह कर्मचारी के सेवाकाल का एक अभिन्न हिस्सा है। न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की एकल पीठ ने बैक डेट से नियमित हुए एक कर्मचारी की याचिका को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने वित्त विभाग के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसके तहत अर्जित अवकाश को बिना वित्तीय लाभ के ही गिना गया था। कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि जब सरकार अर्जित अवकाश के अधिकार को मान रही है, तो उससे जुड़े वित्तीय लाभ भी कर्मचारियों को मिलने चाहिए। यह मामला एक याचिकाकर्ता से जुड़ा है, जिसे पूर्व दुर्गा चंद मेमोरियल कॉलेज, जयसिंहपुर में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया था।

हाईकोर्ट ने वित्त विभाग का आदेश किया खारिज

## लोकसभा में शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा

### डॉ. जितेंद बोले-विपक्ष धरती, आकाश और अंतरिक्ष से भी नाराज

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के आगमन पर विशेष चर्चा हुई। इस चर्चा का शीर्षक '2047 तक विकसित भारत' के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान विपक्ष के हंगामे पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, 'आप (विपक्ष) हमारी अंतरिक्ष उपलब्धियों के लिए अंतरिक्ष विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों को बधाई देने में विफल रहे हैं। आपका गुस्सा सरकार से हो सकता है। आपका गुस्सा भाजपा और एनडीए से हो सकता है, लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि आप एक अंतरिक्ष यात्री से नाराज हो सकते हैं।

एक ऐसा अंतरिक्ष यात्री, जो एक अंतरिक्ष यात्री होने के साथ–साथ भारतीय वायु सेना का एक अनुशासित सिपाही भी है। वह किसी राजनीतिक दल से संबंधित नहीं है... आप धरती से नाराज हैं, आप आकाश से नाराज हैं और आज आप अंतरिक्ष से भी नाराज दिख रहे हैं।' (अनंत ज्ञान)



### राज्यसभा में भारतीय बंदरगाह विधेयक पास

नई दिल्ली। लोकसभा और राज्यसभा में सोमवार को भी विपक्ष की तरफ से जोरदार हंगामा किया गया है। इसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही कई बार स्थगित हुई। विपक्ष के हंगामे के बीच सरकार ने लोकसभा में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया। इसके अलावा राज्यसभा से भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025 भी सरकार ने पारित कराया।

## शुभांशु ने पीएम से की मुलाकात

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार को पीएम मोदी से मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को अपने अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन तक की यात्रा के अनुभव को बताया। पीएम मोदी ने शुभांशु से हाथ मिलाया और गले लगा लिया। पीठ थपथपाते हुए शाबाशी भी दी। शुभांशु ने टैबलेट पर उन्हें अंतरिक्ष के सफर की तस्वीरें दिखाईं। मोदी के साथ शुभांशु की यह मुलाकात करीब 20 मिनट चली। एस्ट्रोनॉट शुभांशु अमेरिका से शनिवार देर रात भारत लौटे थे। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने शुभांशु शुक्ला का स्वागत किया था। (अनंत ज्ञान)

## पुतिन ने पीएम मोदी को मिलाया फोन ट्रंप से हुई बातचीत की दी जानकारी

### भारत-रूस के रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर दिया जोर

एजेंसी, नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी को सोमवार शाम फोन किया। उन्होंने पिछले हफ्ते अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी। मोदी ने बातचीत के जरिए यूक्रेन जंग का शांतिपूर्ण समाधान खोजने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत इस संबंध में सभी कोशिशों का समर्थन करता है। पीएम मोदी ने पुतिन को अलास्का में ट्रंप के साथ उनकी बैठक के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर भी जोर दिया। बता दें कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने 12 अगस्त को पीएम मोदी को फोन कर बातचीत की। जेलेंस्की ने एक्स पर इसकी जानकारी दी थी। (अनंत ज्ञान)



## यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा क्रीमिया भी वापस नहीं मिलेगा

### ट्रंप बोले- लड़ाई रोकना और जारी रखना जेलेंस्की के हाथ

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कर दिया है कि यूक्रेन को सैन्य गठबंधन नाटो में शामिल नहीं किया जाएगा और न ही उसे 2014 से रूस के कब्जे वाला क्रीमिया वापस मिलेगा। उन्होंने याद दिलाया कि 12 साल पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के दौर में बिना गोली चले क्रीमिया रूस को सौंप दिया गया था और यूक्रेन भी नाटो में शामिल नहीं हुआ था। सोमवार को ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा, 'यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अगर चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त कर सकते हैं या फिर वे लड़ाई जारी रख सकते हैं। याद कीजिए कि यह कैसे शुरू हुआ था। ओबामा की ओर से दिया गया क्रीमिया वापस नहीं मिलेगा (12 साल पहले बिना एक भी गोली चलाए) और यूक्रेन का नाटो में शामिल होना भी संभव नहीं है। कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं!' (अनंत ज्ञान)



कहा- कुछ चीजें कभी नहीं बदलती

### सुरक्षा गारंटी मिलने की बात से जेलेंस्की खुश

एजेंसी, कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोमवार को यूरोपीय देशों के नेताओं से बात की। इस बातचीत के बाद जेलेंस्की ने अमेरिका द्वारा सुरक्षा गारंटी दिए जाने के फैसले पर खुशी जाहिर की। साथ ही जेलेंस्की ने शांति समझौते के लिए अमेरिका, रूस और यूक्रेन का एक तीन स्तरीय ढांचा बनाने की अपील की।



**प्लानिंग** विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की बनाई प्लानिंग

## सीईसी के खिलाफ लाया जा सकता है महाभियोग प्रस्ताव

एजेंसी, नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र वैसे तो 'ऑपरेशन सिंदूर' और अन्य विधायी कामों के लिए तय था, लेकिन हकीकत यह है कि सदन की ज्यादातर कार्यवाही सिर्फ एक ही मुद्दे मतदाता सूची में गड़बड़ी और 'वोट चोरी' के आरोप पर थमी हुई है। इसी पृष्ठभूमि में सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चैंबर में विपक्षी गठबंधन के नेताओं की अहम बैठक हुई।

बैठक में सबसे बड़ा विषय रहा कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया जाए? दरअसल, रविवार को ही चुनाव आयोग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह स्पष्ट कर दिया था कि विपक्ष की तरफ से पेश किए गए आंकड़े उनके नहीं हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि या तो इन आरोपों पर शपथपत्र देकर प्रमाणित करें या फिर पूरे देश से माफी मांगे। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। यदि सात दिनों में हलफनामा नहीं मिला तो इन आरोपों को निराधार मान लिया जाएगा।

इस बयान के बाद विपक्ष का आक्रोश और भड़क गया। कई नेताओं का मानना है कि चुनाव आयोग विपक्ष को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहा है, जबकि आरोप मूल रूप से भाजपा सरकार पर हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और सरकार दोनों पर सीधा हमला बोला है। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है, लेकिन जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर भी वही आरोप लगाते हैं, तो उनसे क्यों नहीं? क्या कानून सिर्फ विपक्षी नेताओं के लिए है? (अनंत ज्ञान)



### विपक्ष जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव सहित हर कदम उठाने को तैयार : हुसैन

विपक्षी गठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र के तहत उपलब्ध हर शक्ति का इस्तेमाल करेगा। हुसैन ने कहा कि अभी तक महाभियोग पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है, लेकिन जरूरत पड़ी तो महाभियोग प्रस्ताव सहित हर कदम उठाने के लिए विपक्ष तैयार है। इस बयान से साफ है कि विपक्ष अब पीछे हटने को तैयार नहीं है और मानसून सत्र में इस मुद्दे को बड़ा राजनीतिक हथियार बनाएगा।



### महाभियोग प्रस्ताव लाना आसान नहीं

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, महाभियोग प्रस्ताव लाना आसान नहीं है। इसके लिए संसद में बड़ी संख्या में समर्थन चाहिए। विपक्षी दलों की एकता भी परखी जाएगी- क्या वे सचमुच एकजुट होकर महाभियोग की राह पकड़ेंगे या यह केवल दबाव बनाने की रणनीति है? फिलहाल इतना तय है कि आने वाले दिनों में संसद का मानसून सत्र और गरमाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन में 20 और 21 को बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन विद्युत उपमंडल नादौन के अंतर्गत 132/33/11 केवी उपकेंद्र नादौन में विद्युत उपकरणों का आवधिक परीक्षण 20 व 21 अगस्त को किया जाना है। जिसके चलते टिल्लू, अमतर, भड़ोली, जलाड़ी, भूंपल, बटराण, नादौन तथा इनके साथ लगते क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम 5 बजे तक आंशिक रूप से बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए 132 केवी सब स्टेशन अनु के सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने बिजली उपभोक्ताओं से सहयोग दिए जाने का आग्रह किया है।

### पुतड़ियाल में प्राकृतिक खेती की दी जानकारी



**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की पुतड़ियाल पंचायत में आत्म प्रोजेक्ट कृषि विभाग नादौन के कलस्टर नेशनल फार्मिंग द्वारा आत्मा प्रोजेक्ट के सौजन्य से एकदिवसीय किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभाग के परियोजना निदेशक डॉ. नितिश शर्मा ने किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने किसानों को प्रदेश सरकार द्वारा किसानों. की फसलों के समर्थन मूल्य मक्की 40 रुपए किलो, गेहूं 60 रुपए किलो एवं हल्दी 90 रुपए किलो के बारे में अवगत करवाया एवं मिट्टी के सैंपलों के बारे में भी जानकारी दी। कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक करने के लिए पंचायत पुतड़ियाल में कृषि शिविर लगाने पर पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार ने विभाग का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उपप्रधान ने यह भी बताया कि इस जागरूकता शिविर में पंचायत के 40 किसानों ने भाग लिया।

### लॉ कॉलेज में एंटी रैगिंग प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई लॉ कालेज कल्लर जलाड़ी में एंटी रैगिंग दिवस पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीएएलएलबी व एलएलबी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के समन्वयक तन्वी संख्यल, स्नेहा, निशा व रेणुका कौशल रहे। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक राजेश कपिल के अलावा कॉलेज स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### तकनीकी विवि : एमबीए-एमसीए की काउंसिलिंग आज



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में सोमवार को बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण की काउंसलिंग में 145 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गईं। काउंसलिंग के तीसरे दिन सामान्य श्रेणी, बेटी है अनमोल और ऑल इंडिया कोटे के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी) की मेरिट के आधार पर सीटें आवंटित की गई। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई, उन्हें 20 अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। वहीं, 19 अगस्त को एचपीसीईटी के आधार पर एमबीए और एमसीए की दूसरे चरण की काउंसलिंग होगी। एमबीए और एमसीए में प्रवेश के लिए जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, उन्हें एक ही दिन काउंसलिंग के लिए बुलाया गया है।

### 20-21 को आंशिक रूप से बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत सब स्टेशन अणु में 20 और 21 अगस्त को विद्युत उपकरणों के परीक्षण के चलते भूंपल, जलाड़ी, बटराण, नादौन, टिल्लू, अमतर, भड़ोली और आसपास के क्षेत्रों में दोनों दिन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### हिम अकादमी स्कूल में किया पौधरोपण




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में सोमवार को भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन ईको क्लब के नेतृत्व में क्लब प्रभारी नेहा शर्मा की योजनाबद्ध दिशा-निर्देशों के तहत संपन्न हुआ। इस अवसर पर एनएसएस इकाई के सदस्य, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय व देसी प्रजातियों के पौधे लगाए गए ताकि हरियाली को बढ़ावा मिल सके और जैव विविधता को संरक्षित किया जा सके। अभियान का उद्देश्य माताओं और धरती मां दोनों को भावपूर्ण नमन अर्पित करना था। छात्रों को अपनी माताओं के नाम पर पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया जिससे उनमें पर्यावरणीय जिम्मेदारी का भाव और गहरा हो सके। विद्यालय प्रधानाचार्य ई. नैना लखनपाल ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए इस पहल को जीवन देने वालों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक सुंदर तरीका बताया। इस कार्यक्रम ने छात्रों को एक हरित और सतत भविष्य की ओर सार्थक कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### मशरूम उत्पादन पर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक महाविद्यालय हमीरपुर में सोमवार से तीन दिवसीय स्वरोजगार एवं कौशल विकास कार्यशाला का शुभारंभ हुआ, जिसका आयोजन इको क्लब एवं बोस बॉटनिकल सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं करियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला का मुख्य विषय मशरूम की खेती है, जिसमें मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉ. विद्या सागर शर्मा, सेवानिवृत्त उपनिदेशक, उद्यान विभाग, ने मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. शर्मा मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में 42 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं और उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक विधियों, स्वरोजगार के अवसरों की व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. कल्पना भंडारी ने बताया कि इस कार्यशाला में 200 से अधिक छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार, एवं अन्य विभागों के सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक दक्षता प्रदान कर स्वरोजगार की दिशा में सशक्त बनाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी दो दिनों तक जारी रहेगा।

### सिद्ध बाबा मंदिर में चढ़ाया रोट का प्रसाद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ककड़ियार के सिद्ध बाबा मंदिर में अंतिम दिन रोट का प्रसाद चढ़ाते मंदिर के पुजारी बलवंत सिंह।

# अपात्रों को लाभान्वित करने वाले अधिकारी नपेंगे

## नोटिस देने के बाद होगी कानूनी कार्रवाई, कामगार बोर्ड को 500 करोड़ का घाटा

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा है कि अप्रैल 2021 से अक्तूबर 2022 तक लगभग डेढ़ वर्षों के दौरान हजारों अपात्र लोगों को कामगार के रूप में पंजीकृत करने के बाद बोर्ड की योजनाओं से लाभान्वित करने के मामलों में संलिप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी किए जाएंगे और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार को बोर्ड के मुख्यालय में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले के कुछ महीनों के दौरान ही प्रदेश में लगभग 70 हजार श्रमिकों का पंजीकरण किया गया और अप्रैल 2021 से अक्तूबर 2022 तक लगभग 171.61 करोड़ रुपए के वित्तीय लाभ धड़ाधड़ बांटे गए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सरकार को रिपीट करने के लिए धड़ाधड़ अपात्र लोगों को यह राशि ट्रांसफर की है। इसकी जांच के दौरान



राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कंवर।

- **अब तक 1495 अपात्रों की हुई पहचान : नरदेव कंवर**
- **बोले-भाजपा ने सरकार रिपीट करने के लिए अपात्रों को बांटी 171 करोड़ से अधिक की धनराशि**

कई धांधलियां सामने आ रही हैं। इससे बोर्ड को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और कई पात्र एवं जरूरतमंद कामगारों को वित्तीय लाभ नहीं मिल पाए। उन्होंने बताया कि बोर्ड को 500 करोड़ का घाटा हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में अभी तक 1495 ऐसे लोगों की पहचान हुई है, जिन्होंने गलत हथकंडे अपनाकर बोर्ड की योजनाओं का लाभ उठाया है। इन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जा रही हैं।

एफआईआर के डर से अब 5 अपात्र कामगारों ने बोर्ड को धनराशि वापस भी कर दी है। नरदेव सिंह कंवर ने सभी जिलों के श्रम कल्याण अधिकारियों को 6 माह के अंदर कामगारों की हिम परिवार पोर्टल के माध्यम से ई-केवाईसी करने और प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को, यानि महीने के आठ दिन फील्ड में कामगारों की फिजिकल वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के स्पष्ट निर्देश हैं कि बोर्ड की सभी 14 योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद कामगारों तक पहुंचना चाहिए। इसलिए, कामगारों की ई-केवाईसी और फिजिकल वेरिफिकेशन पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि बोर्ड में 4.71 लाख से अधिक कामगारों का पंजीकरण हुआ है। जिला हमीरपुर में ही 81 हजार से अधिक और मंडी में लगभग 91 हजार कामगारों का पंजीकरण किया गया है। कामगारों के ये आंकड़े संदेहास्पद प्रतीत हो रहे हैं।

ई-केवाईसी और फिजिकल वेरिफिकेशन के बाद पात्र एवं जरूरतमंद कामगारों को उनके हक मिलेंगे तथा उनका कल्याण एवं उत्थान सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष में पात्र लोगों को 61 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जा चुके हैं।

# ईएसआईसी की योजनाओं का लाभ उठाएं निजी क्षेत्र के कर्मचारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- **31 दिसंबर से पहले पंजीकरण करवाने पर नहीं मांगा जाएगा कोई भी पुराना रिकॉर्ड : अमन**

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की हमीरपुर शाखा ने यहां टाउन हॉल में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया, जिसमें विभिन्न उद्यमों के नियोक्ताओं और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर हमीरपुर शाखा के अधिकारी अमन कुमार ने नियोक्ताओं और कर्मचारियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए निगम के माध्यम से कई सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चलाई जा रही हैं। सभी पात्र कर्मचारियों को इनका लाभ उठाना चाहिए तथा सभी नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों का पंजीकरण करवाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए निगम ने स्प्री-2025 योजना आरंभ की गई है। इस योजना के तहत एक जुलाई से 31 दिसंबर तक विशेष जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों, विशेष रूप से कांट्रेक्ट और अस्थायी तौर पर नियुक्त कर्मचारियों को ईएसआईसी के तहत पंजीकृत करवाकर उन्हें सामाजिक सुरक्षा और मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। अमन कुमार ने बताया कि 10 या इससे अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाले उद्यमों एवं संस्थानों और इनके कर्मचारियों को ईएसआईसी के तहत पंजीकृत किया जाता है, ताकि इन कर्मचारियों को ईएसआई एक्ट के तहत विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। जो नियोक्ता और कर्मचारी अभी तक पंजीकृत नहीं हुए हैं, उन्हें स्प्री-2025 योजना के तहत पंजीकृत करते समय उनसे पिछला रिकॉर्ड या बकाया नहीं लिया जाएगा।

इस योजना के तहत नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा और एमसीए पोर्टल के माध्यम से अपनी इकाइयों एवं संस्थानों और कर्मचारियों को ऑनलाइन पंजीकृत कर सकते हैं। यह पंजीकरण नियोक्ता द्वारा घोषित तिथि से वैध माना जाएगा। पंजीकरण से पहले की अवधि के लिए कोई अंशदान या हित-लाभ लागू नहीं होगा तथा उस अवधि का रिकॉर्ड भी नहीं मांगा जाएगा।

# दियाले दा घट के पास लगातार हो रही भारी बारिश से सड़क धंसी



दियाले दा घट के पास सड़क पर रखे पत्थर, जो वाहन चालकों को सचेत कर रहे हैं।

**अनंत ज्ञान, भोटा**

भोटा से कुछ दूरी पर नेशनल हाईवे 103 टियाले दा घट के पास भारी बारिश के कारण सड़क का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एनएच विभाग ने क्षतिग्रस्त हुई सड़क के पास पत्थर भी रख दिए, ताकि वाहन चालकों को पता चल सके कि सड़क यहां पर क्षतिग्रस्त है।

भारी बारिश के कारण सडक का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बाद वाहनों की आवाजाही जारी है। वहीं, अगर अगले दो दिनों तक भारी बारिश होती है। तो इस सड़क का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो सकता है और वाहनों की आवाजाही भी बंद हो सकती है।

वहीं, करेर वार्ड के जिला परिषद राजेश कुमार उर्फ मांगा, सौर पचांयत के प्रधान सरेंद्र व उपप्रधान सुरजीत कुमार, बीडीसी विनोद धीमान ने प्रशासन से अपील की है कि टयाले दा घट के पास क्षतिग्रस्त हुई सड़क को जल्द से जल्द रिपेयर किया जाए, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो क्योंकि बरसात का कहर अभी तकखत्म नहीं हुआ है।

# सुरजीत बने फोटोग्राफर एसो. के प्रधान

**संजीव कुमार, अनंत ज्ञान**



फोटोग्राफर एसोसिएशन हमीरपुर के चुनाव में गणमान्यों की मौजूदगी मेंसर्वसम्मति से फैसले हुए।

**भोटा।** फोटोग्राफर एसोसिएशन हमीरपुर का चुनाव फाउंडर कमेटी दिनेश कुमार, सुरेश चंद, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार तथा नामदेव की अध्यक्षता में हमीरपुर में संपन्न हुआ। इसमें सुरजीत धीमान को सर्व सहमति से प्रधान, प्रवीण कुमार को उपप्रधान, अशोक कुमार को सचिव व दिनेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इसके अलावा हमीरपुर के सभी ब्लॉकों से सह सचिव भी चुने गए, जिसमें बिझड़ ब्लॉक से अश्वनी कुमार, बड़सर से जय गोपाल, भोरंज से कमलेश कुमार, सुजानपुर से अश्वनी कुमार तथा अंकुश लगवाल, नादौन से सुरेंद्र कुमार आदि को सर्व समिति से चुना गया। जिला कांगड़ा से सह सचिव के पद के लिए समीर कुमार, सुनील कुमार तथा राजेंद्र कुमार को चुना गया। हमीरपुर फोटोग्राफी एसोसिएशन का गठन 2018 में हुआ था। 2018 से लगातार हर वर्ष वार्षिक समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें पूरे भारतवर्ष से नामी फोटोग्राफी कंपनियां हिस्सा लेती हैं।

पहले इस तरह की प्रदर्शनी को देखने के लिए हिमाचल के फोटोग्राफर भाइयों को दिल्ली जाना पड़ता था, लेकिन यह सुविधा सभी फोटोग्राफर भाइयों को हमीरपुर में ही मिल रही है। जल्द ही वार्षिक समारोह की तिथि भी घोषित की जाएगी। फोटोग्राफी एसो. फोटोग्राफरों की भलाई के लिए कार्य करती है।

अगर किसी फोटोग्राफर भाई की मृत्यु हो जाती है तो संगठन की तरफ से 25000 रुपए की राशि दी जाती है। इसमें सभी फोटोग्राफर भाई जो संगठन की जुड़े होते हैं, उन सभी का सहयोग होता है।

# बस सुविधा शुरू करने की रखी मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंचायत समिति हमीरपुर की बैठक अध्यक्ष हरीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी और बीडीसी मौजूद रहे। हरीश शर्मा ने कहा कि हिमाचल परिवहन निगम को सदस्यों की ओर से अलग-अलग क्षेत्र में बस सुविधा शुरू करने को लेकर डिमांड भेजी गई है, लेकिन इतने दिन भी जाने पर भी अभी तक यह पूरी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि बैठक में सदस्य ने इस मामले को रखा। परिवहन निगम के अधिकारियों ने कहा कि यह मामला अप्रूवल के लिए भेजा गया है, वहां से अप्रूवल मिलते ही बसों को शुरू कर दिया जाएगा। बीडीसी सदस्य ने मामला उठाया कि बहुत से गांव में सड़कों, बिजली और पानी की समस्या गंभीर होने लगी है। अभी 6 महीने पहले ही बनाई नाल्टी सड़क पर गड्ढे पड़ चुके हैं। सदस्यों ने कहा कि कि 15 दिन के भीतर उनकी मांगों को पूरा किया जाए। सदस्यों ने कहा कि अनु खुर्द में खतरा बना बिजली के पोल को तुरंत हटाया जाना चाहिए क्योंकि कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है।

# प्रथम चरण में 74 अध्यापक ले रहे ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में सतत् समग्र मूल्यांकन विषय पर तीन शिक्षा खंडों नादौन, गलोड़ और सुजानपुर के 74 प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला उपनिदेशक गुणवत्ता एक जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अध्यापकों को विद्यालयों में गुणवतापूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया तथा यह निर्देश दिए कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में सिखाए जाने वाले सभी कौशलों को धरातल पर उतारना है।

रंगस में आयोजित की जा रही इस कार्यशाला में स्रोत व्यक्ति के रूप में शैल्वी वर्मा और राहुल पांडे विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। जिला मूल्यांकन समन्वयक परमजीत डोगरा ने बताया कि इस चरण में जिला हमीरपुर के तीन शिक्षा खंडों के 354 अध्यापक प्रशिक्षित किए जा रहे हैं, जबकि सितंबर माह में शिक्षा खंडों हमीरपुर, भोरंज और बिझड़ी के शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

# मानसून सीजन में हमीरपुर में अभी तक 135 .54 करोड़ का नुकसान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

इस मॉनसून सीजन में 20 जून के बाद जिला हमीरपुर में बारिश के कारण हो रहे नुकसान का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार दोपहर तक जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत 24 घंटों के दौरान जिले भर में 4.80 लाख रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान है। इसी के साथ इस मानसून सीजन के दौरान जिला हमीरपुर में सरकारी और निजी संपत्ति के नुकसान का आंकड़ा 135.54 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

इस दौरान जिला में जल शक्ति विभाग को सर्वाधिक 72.35 करोड़ रुपए, लोक निर्माण विभाग को 58.82 करोड़, बिजली बोर्ड को 1.15 करोड़ और शिक्षा विभाग को 53.18 लाख रुपये की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 18.06 लाख रुपए और कृषि विभाग ने 1.15 लाख रुपए के नुकसान की रिपोर्ट प्रेषित की है। 18 कच्चे मकान और एक पक्का मकान ध्वस्त होने से लगभग 33.25 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। 97 अन्य कच्चे मकानों और 13 पक्के मकानों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है, जिससे 63 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। 18 अन्य भवनों को भी लगभग 7.30 लाख रुपए की क्षति पहुंची है।

जिलेभर में 92 डंगे गिरे हैं, जिनमें लगभग 77.31 लाख रुपए की क्षति हुई है। 140 गौशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 67.08 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने सभी विभागों के फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हुए नुकसान की रिपोर्ट तुरंत भेजें, ताकि प्रभावित लोगों की मदद की जा सके।

# नादौन शहर के हॉट स्पॉट अब कैमरे की निगरानी में, 50 मीटर होगी विजिबिलिटी

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

- **लोगों की सेफ्टी के लिए लगवाए सीसीटीवी कैमरे : शम्मी सोनी**

**नादौन।** नगर परिषद नादौन ने लोगों की सुविधा के लिए नादौन शहर के हॉट स्पॉट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे लोगों की सेफ्टी होगी और इस स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की पैनी नजर रहेगी। यह जानकारी देते हुए नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने इसके लिए नगर परिषद नादौन ने नादौन शहर में नादौन की एक नामी कंपनी के 8 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।



इनमें बस स्टैंड व कांप्लेक्स में 3 कैमरे लगाए गए हैं, जो बस स्टैंड पर नजर रखेंगे। एक कैमरा शौचालयों पर लगाया गया है। दो कैमरे बस स्टैंड के पास इंद्रपाल चौक पर लगाए गए हैं, जो ज्वालामुखी रोड, हमीरपुर रोड व होशियारपुर रोड पर नजर रखेंगे। उन्होंने बताया कि इन कैमरों की रेंज विजिबिलिटी 50 मीटर तक होगी। नगर परिषद नादौन को स्वच्छता के मामले में दूसरे पायदान पर पहुंचने से गदगद नगर परिषद नादौन स्वच्छता के मामले में भी कोई समझौता नहीं करना चाहती है।

नगर परिषद नादौन ने सभी वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा कचरा इकत्रित करना काफी समय पहले शुरू कर दिया है, जिसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इससे जहां लोगों को सुविधा हो रही है, वहीं शहर को स्वच्छ बनाने में भी मदद मिल रही है। शहर के क्विंटलों कूड़े कचरे की डिस्पोजल के लिए नगर परिषद ने नादौन शहर के वाघ नाला के पास मान खड्ड के किनारे कूड़े कचरे के लिए ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया है। नगर परिषद नादौन को स्वच्छता के मामले में प्रदेश भर में दूसरे नंबर पर आंका है, जो शहर वासियों के लिए खुशी की बात है। इसके लिए नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी ने शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नादौन के शहर वासियों का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में घोषित स्वच्छता सर्वेक्षण में पूरे हिमाचल प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर नगर परिषद ने एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है।

यह सम्मान नादौन शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों का परिणाम है। इन कैमरों का मुख्य उदेश्य शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए खुले में कूड़ा कचरा फेंकने वालों पर नजर रखना भी है। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से भी ये कैमरे काफी मद्दगार सिद्ध होंगे।

**बेखौफ** प्रशासनिक ब्लॉक और डायरेक्टर आवास के मध्य में हुई घटना

# एनआईटी में किसने काटे चंदन के तीन पेड़?

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर के परिसर से चंदन के तीन पेड़ कटने की घटना से संस्थान प्रशासन और उसकी सिक्योरिटी सकते में है। बीती रात को यह घटना हुई है, जिसमें करीब डेढ़ फुट मोटे डाय के बड़े चंदन के ये पेड़ किसी ने काट दिए तथा उसके बड़े हिस्से को वह चोरी करके ले गया, लेकिन विडंबना यह रही कि किसी को इसकी भनक तक नहीं लग पाई।

सोमवार दोपहर बाद जब इसका पता चला तो आनन-फानन में प्रशासन को एफआईआर दर्ज करवानी पड़ी। दिलचस्प बात यह है कि जहां पर यह पेड़ काटे गए हैं, वह जगह प्रशासनिक ब्लॉक और संस्थान के डायरेक्टर के आवास के मध्य में स्थित है, इसलिए इन पेड़ों के काटे जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं है, जबकि इसकी मांग लंबे समय से होती रही है। यहां पहले भी स्टूडेंट्स के झगड़े होते रहे हैं और तब यह कहा गया था कि यहां निश्चित रूप में सीसीटीवी कैमरा लगने चाहिए। मगर इस लापरवाही की वजह से अब यह नई घटना भी हो गई।

**जांच में हो पाएगा खुलासा :** काटे गए चंदन के पेड़, उनके ठुंठ और ऊपर का ताना जमीन पर गिर पड़ा। पिछले दिनों जब स्टूडेंट के दरमियान झगड़े की बड़ी घटना हुई थी और आपत्तिजनक चीज उनके कमरों से बरामद भी हुई थी, उसके बाद इसकी चारदीवारी को मजबूत करने का बीड़ा उठाया था और यह भी कहा गया कि चारदीवारी का काम मुकम्मल हो गया है। ऐसी स्थिति में चंदन के पेड़ कैंपस से बाहर कैसे चले गए, असल में सवाल यही पूछा जा रहा है परिसर में एंट्री के दो प्रमुख गेट हैं। जहां सिक्योरिटी रहती है। अब पेड़ काटे गए, फिर उन्हें कोई कैंपस से बाहर कैसे ले गया? इसका पता तो जांच से ही चलेगा।

**आज होगी बैठक :** मंगलवार को संस्थान प्रशासन ने एक बैठक बुलाई है, जिसमें सीसीटीवी लगाने और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए चर्चा होगी। संस्थान की रजिस्टर डॉ. अर्चना ननोटी का कहना है कि फिलहाल मामला छोटा नहीं है, इसलिए एफआईआर करवाई जा रही है। जहां पेड़ काटे हैं, वह जगह निश्चित रूप में अलग तरह की है। उस चौक पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इस पर मंगलवार को होने वाली बैठक में फैसला लिया जाएगा।

अनंत ज्ञान साइड स्टोरी



काटे गए चंदन के पेड़, उनके ढुंठ और ऊपर का ताना जमीन पर गिर पड़ा।

### वर्षों पहले लगाए थे पौधे

**दरअसल** जहां से यह पेड़ कटे हैं, वहां तकरीबन तीन दर्जन चंदन के पौधे वर्षों पहले लगाए गए थे। अब यह जैसे-जैसे बड़े हो रहे हैं, इन पर तीखी नजर भी चोरों की निश्चित रूप में पड़ना शुरू हो चुकी है। यह स्थान संस्थान के कैंपस का है और सिक्योरिटी का भी बड़ा अमला यहां मौजूद है। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रशासनिक भवन और डायरेक्टर के आवास के मध्य में जहां पर यह चंदन के पेड़ अब विराट रूप धारण करने लगे हैं। उनकी हिफाजत के लिए संस्थान प्रशासन चौकन्ना क्यों नहीं था।

# पशुपालन विभाग की टीम ने घायल सांड का किया रेस्क्यू

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**



घायल सांड का उपचार करता पशुपालन विभाग।

**नादौन।** नादौन शहर के होशियारपुर रोड पर एक लावारिश सांड बुरी तरह से घायल था। उसके सिर में कंटीली तार से गहरे घाव हो गए थे, ब्लीडिंग हो रही थी, जिससे सांड बहुत परेशान दिख रहा था। इसकी सूचना लोगों ने नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी को दी। उन्होंने पशुपालन विभाग को इसकी जानकारी दी तथा इस सांड का उपचार करने को कहा। सूचना पर पशु अस्पताल नादौन के एसवीओ डॉ. संदीप पाटिल, टीम सहित मौका पर पहुंचे।

टीम में डॉ. यशपालव फार्मासिस्ट बलजीत कुमार व नगर परिषद नादौन के सैनेटरी इंस्पेक्टर अक्षित सोनी भी शामिल थे, ने सांड को काफी मशक्कत के बाद पकड़कर उसके घावों की साफ सफाई की। इसके सिर पर पड़े घावों को साफ करने के बाद पट्टी बांधी तथा शीघ्र रिकवरी के लिए इंजेक्शन लगाए व दवाइयां दीं। पशुपालन चिकित्सालय नादौन के फार्मासिस्ट बलजीत सिंह ने बताया कि सांड के सिर पर गहरे घाव थे। पशु अस्पताल नादौन के एसवीओ डॉ. संदीप पाटिल के नेतृत्व में सांड का रेस्क्यू किया।

उन्होंने बताया कि इस सांड का नियमित तौर पर उपचार किया जाएगा ताकि यह शीघ्र रिकवर हो सके।

# आपदा प्रबंधन पर बन सकता है ठोस रोड मैप : कुलदीप पठानिया

## सर्वदलीय बैठक में आपदा से निपटने पर विशेष ध्यान, सत्ता और विपक्ष मिलकर करेंगे काम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र को सुचारु रूप से चलाने के लिए सभी सदस्यों से रचनात्मक सहयोग मांगा। इसके बाद उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सदन में जनहित से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हो। उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि हैं और जनता ने हमें उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए चुना है। उन्होंने सभी माननीय सदस्यों से अपील की कि वे सदन का ज्यादा से ज्यादा समय जनहित और प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों पर बहस करने में लगाएं।



कुलदीप पठानिया की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में भाग लेते कांग्रेस और भाजपा के नेता।

### प्राकृतिक आपदा पर की विशेष चर्चा

**पठानिया** ने बताया कि इस बार के सत्र में प्राकृतिक आपदा एक प्रमुख विषय होगा। सर्वदलीय बैठक में इस पर गंभीर चर्चा हुई। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष इस विषय पर गंभीरता से चर्चा करेंगे, ताकि भविष्य में ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए ठोस नीति और निर्णय लिए जा सकें। बैठक में जनहित के मुद्दों पर गंभीर और सार्थक चर्चा पर जोर दिया गया। साथ ही प्राकृतिक आपदा से निपटने की रणनीति पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें सत्ता और विपक्ष ने मिलकर काम करने पर सहमति जताई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 12 दिवसीय इस सत्र का कार्यक्रम विधानसभा को प्राप्त हो चुका है। सत्र लंबा है, समय भी पर्याप्त है, इसलिए विभिन्न विषयों पर गंभीर चर्चा हो सकेगी। मानसून सत्र में इस बार भी प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का मुद्दा प्रमुख रहेगा। वर्ष 2022 से लेकर अब तक मानसून ने प्रदेश में भारी तबाही मचाई है, जिससे सरकारी व निजी संपत्तियों को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा है। यह अत्यंत गंभीर विषय है, जिस पर पहले ही दिन से चर्चा प्रस्तावित है।

### सुचारु रूप से चलेगा सत्र, सभी सदस्यों को मिलेगा मेरा सहयोग

**विधानसभा** अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि सत्र सुचारु रूप से चलेगा। सभी माननीय विधायक विषयों पर गंभीरता से अपनी बात रखेंगे तथा दलों के बीच सहमति और आम सहमति भी बनेगी। आपदा प्रबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि विधानसभा में एक ठोस एजेंडा व व्यापक योजना तथा रोड मैप तैयार किया जा सकता है, ताकि भविष्य में किसी भी आपदा की स्थिति में स्वत: ही राहत व बचाव कार्य आरंभ हो जाएं और प्रभावितों को तुरंत सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि, इस सत्र का सदुपयोग करके गंभीर विषयों पर सार्थक चर्चा की जा सकती है। मेरी ओर से सभी सम्माननीय सदस्यों को पूरा सहयोग मिलेगा।

### विधानसभा सचिवालय को अब तक 1018 प्रश्न प्राप्त

**अब** तक विधानसभा सचिवालय को कुल 1018 प्रश्न प्राप्त हुए हैं, जिनमें 815 तारांकित और 203 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। नियम 62 के तहत 60, नियम 101 के तहत 4 और नियम 130 के तहत 8 प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं, जिनकी लिस्टिंग शुरू हो गई है। 2 सितंबर तक और प्रश्न आते रहेंगे। इस बैठक में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया और भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक सुखराम चौधरी भी मौजूद थे।

## मानसून सत्र की झलकियां...



मानसून सत्र शुरू होने से पहले गार्ड ऑफ ऑनर लेते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।



सीएम सुक्खू का स्वागत करते विस उपाध्यक्ष विनय।



कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार व मलेंद्र राजन।



बड़सर के भाजपा के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल।



नालागढ़ के कांग्रेस विधायक हरदीप बावा।



सदन की ओर जाते भाजपा विधायक रणधीर शर्मा, हंसराज, जीतराम कटवाल, विनोद व अन्य।

# आपदा राहत पर जयराम ठाकुर का तीखा हमला

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नियम 67 के तहत बोलते हुए सुक्खू सरकार को आपदा राहत कार्यों में कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जमकर घेरा। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि आपदा प्रभावितों की मदद करने की बजाय, उसने इसे राजनीतिक और आर्थिक फायदे के लिए इस्तेमाल किया।

जयराम ने कहा कि आपदा के दौरान सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने लोगों द्वारा भेजी गई राहत सामग्री को भी अपना बनाने की कोशिश की। इसके लिए अधिकारियों ने नाके लगवाए और लोगों पर राहत सामग्री एसडीएम को सौंपने का दबाव बनाया गया। ठाकुर ने सवाल उठाया कि जो सरकार खुद कुछ नहीं कर सकती, उसे कम-से-कम उन लोगों को काम करने देना चाहिए जो मदद कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने आपदा राहत में सरकार की तरफ से की गई मदद को भी अपर्याप्त बताया।



कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार का बोलबाला, प्रभावितों तक नहीं पहुंच रही मदद

उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ के नुकसान के बावजूद, मुख्यमंत्री ने केवल 2 करोड़ रुपए की सहायता कई किस्तों में दी, जिसके बाद भी सरकार उनसे वाहवाही की उम्मीद कर रही है। ठाकुर ने सरकार को आत्म-मूल्यांकन करने की सलाह दी कि क्या उनकी दी गई राहत पर्याप्त थी और क्या उनका काम सही था। उन्होंने कहा कि डेढ़ महीने बाद भी सड़कें नहीं खुलीं, जबकि भाजपा ने लोगों से मशीनें मांगकर 20 से ज्यादा जेसीबी लगाकर रास्ते खोले।

### सत्तासीन नेताओं ने आपदा को अवसर में बदल दिया

**जयराम** ठाकुर ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता के संरक्षित नेताओं ने आपदा को अवसर में बदल दिया और भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दीं। कांग्रेस नेता उन सड़कों का काम मांग रहे हैं जिन्हें भाजपा ने अपनी कोशिशों से खोला था। उन्होंने कहा कि सरकार ने हॉर्टिकल्चर कॉलेज को आपदा के नाम पर हड़प लिया। ठाकुर ने राहत वितरण में देरी पर भी सवाल उठाया और कहा कि 2500 रुपए की फौरी राहत देने में हफ्तों लग गए, जबकि 62 लोगों पर मुकद्दमा दर्ज करने में 1 मिनट भी नहीं लगा। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह अस्थाई शेल्टर बनाए ताकि आपदा प्रभावितों को बसाया जा सके।

### स्थानीय स्तर पर नेताओं की खींचतान पर लगे रोक

**जयराम** ने उन अधिकारियों की सराहना की जिन्होंने आपदा के दौरान अच्छा काम किया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कुछ क्षेत्रों में सुधार की सख्त जरूरत है, जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। स्थानीय स्तर पर नेताओं की खींचतान बहुत ज्यादा है, जिससे राहत कार्यों में बाधा आ रही है।

# आपदा से हुए नुकसान को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सत्र के पहले दिन कुल 48 प्रश्न पूछे गए, जिसमें 38 तारांकित और 10 अतारांकित प्रश्न शामिल थे। विपक्ष ने राहत कार्यों में देरी को लेकर सरकार पर हमला किया, वहीं सत्ता पक्ष ने आरोपों का खंडन करते हुए बचाव कार्य की सराहना की।

### जयराम का आपदा पर सियासत करने का आरोप

**जयराम** ठाकुर ने सदन में कहा कि 'आपदा कहीं भी आ सकती है, ये सरकार तय नहीं करेगी।' उन्होंने अपनी विधानसभा में हुए 500 करोड़ से अधिक के नुकसान का हवाला देते हुए कहा कि सरकार से केवल 2 करोड़ रुपए की मदद मिली है। उन्होंने सरकार पर आपदा पर सियासत करने का आरोप लगाया और कहा कि राहत कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता है। 12 से 13 हजार फुट की ऊंचाई वाले पहाड़ों का भी कटाव हुआ है, जो चिंता का विषय है।

### नदी-नालों पर कब्जे से हुआ नुकसान : विधायक अनिल शर्मा

**नियम** 67 के तहत स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि आज पूरा प्रदेश आपदा से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि 'नदी-नालों पर कब्जा कर घर बनाए जा रहे हैं,' और इसे नुकसान का एक बड़ा कारण बताया। उन्होंने कहा कि नुकसान को रोकने के लिए सड़कों के निर्माण से पहले ड्रेनेज बनाई जानी चाहिए, और नदी-नालों पर अवैध निर्माण को रोकने के लिए सख्त नियम बनाने की आवश्यकता है।

### गलत आंकड़े पेश कर रहे जयराम : मुख्यमंत्री सुक्खू

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर गलत आंकड़े पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 'जयराम ठाकुर डेढ़ घंटे बोले, लेकिन लास्ट के सात मिनट में ही अच्छे सुझाव दिए।' मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा को 45 दिन हो गए हैं, लेकिन केंद्र से एनडीआरएफ के तहत एक पैसा भी नहीं आया है। उन्होंने विपक्ष से आपदा पर राजनीति न करने का आग्रह किया।

### सरकार ने पूरी मेहनत से किया काम : मुकेश अग्निहोत्री

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि 'आपदा में सरकार ने पूरी मेहनत से काम किया है।' उन्होंने कहा कि यह पहली सरकार है, जिसने विपक्ष के कहने पर अधिकारियों को काम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि विपक्ष को राहत कार्यों में सहयोग करना चाहिए, न कि राजनीति करनी चाहिए।

# क्लाइमेट चेंज ही त्रासदी की एक बड़ी वजह : चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में आई भयावह आपदा के कारणों पर विधानसभा में एक महत्वपूर्ण चर्चा हुई, जिसमें विधायकों ने अपनी अलग-अलग राय रखी। नियम 67 के तहत लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर हुई इस चर्चा में जहां एक तरफ विधायक अनिल शर्मा ने नदी-नालों पर हुए अतिक्रमण को त्रासदी की मुख्य वजह बताया, वहीं विधायक चंद्रशेखर ने क्लाइमेट चेंज को सबसे बड़ी चुनौती करार दिया।

वहीं, दूसरी ओर विधायक चंद्रशेखर ने आपदा पर राजनीति न करने का आग्रह किया और कहा कि हिमाचल में क्लाइमेट चेंज ही त्रासदी की एक बड़ी वजह बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएचएआई द्वारा की जा रही अवैज्ञानिक तरीके से कटाई भी आपदा का एक प्रमुख कारण है।

उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में कंपनियों द्वारा किए जाने वाले निर्माण और ब्लास्टिंग के लिए स्थानीय विधायक की इजाजत और पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र को अनिवार्य किया जाना चाहिए।

### जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा

**पहले** दिन सदन में कुल 48 प्रश्न पूछे गए, जिनमें प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान, राहत एवं पुनर्वास, स्कूलों के विलय, सड़क और पुल निर्माण, और कर्मचारियों के बकाया भुगतान जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे। विपक्ष ने इन मुद्दों पर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली थी। कुल 981 प्रश्न विधानसभा सचिवालय को प्राप्त हुए हैं, जो यह दर्शाते हैं कि आगामी दिनों में भी सदन में जनहित के मुद्दों पर गहन और गरमागरम बहस जारी रहेगी।

# पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल के निधन पर शोकोद्गार से शुरू हुई सदन की कार्यवाही

**अनंत ज्ञान, शिमला**

विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे शुरू हुई। सबसे पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सदन में पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल के निधन पर शोकोद्गार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे इस माननीय सदन को यह सूचित करते हुए अत्यंत दु:ख हो रहा है कि पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल जी का 20 जुलाई, 2025 को 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ये माननीय सदन उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है। स्वर्गीय गणेश दत्त भरवाल का जन्म 6 फरवरी, 1946 को गांव व डाकघर भैरा, तहसील अंब, जिला ऊना में हुआ था। गणेश दत्त भरवाल ने वर्ष 1970 में युवा कांग्रेस के सक्रिय सदस्य के रूप में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की।

1978 में ग्राम पंचायत सदस्य के रूप में जनसेवा की। 1981 से जिला कांग्रेस समिति के सदस्य के रूप में कार्यरत रहे। वर्ष 1985 में वे हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। उनके निधन पर हार्दिक संवेदना प्रकट करते हुए ये माननीय सदन ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता है।



विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सदन की ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ जाते भाजपा विधायक दल के सदस्य।

# पहले दिन दोपहर दो बजे शुरू हुई विधानसभा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज सोमवार को हो गया है। पहले दिन की कार्यवाही दोपहर दो बजे शुरू हुई। इससे पहले विधानसभा परिसर में पहुंचने पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उपाध्यक्ष विनय कुमार व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वागत किया। सदन में पहुंचने पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने विपक्ष की गैलरी की तरफ जाकर नेता प्रतिपक्ष जरा जराम ठाकुर से मुलाकात की। बता दें कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र दो सितंबर तक चलेगा। मानसून सत्र के हंगामेदार रहने के पूरे आसार हैं। भष्टाचार, वेरोजगाही आदि मुद्दों पर सदन तप सकता है।

# प्रदेश के सरकारी स्कूलों में गाइड से पढ़ाने पर रोक

**अनंत ज्ञान, शिमला**

एनसीईआरटी की किताबें पढ़ाने की हिदायत हिमाचल प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में रेफरेंस और हेल्प बुक (कुंजी/गाइड) के इस्तेमाल पर पूर्णत रोक लगा दी गई है।

शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आज सभी डिप्टी डायरेक्टर को पत्र लिखा है। इसमें सभी स्कूलों के मुखिया को इन आदेशों पर अमल करने को कहा गया है। शिक्षा विभाग द्वारा लिखे पत्र में साफ कहा गया कि यदि किसी स्कूल में रेफरेंस/हेल्प बुक पाई गई तो संबंधित टीचर और स्कूल मुखिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

शिक्षा विभाग ने दी कार्रवाई की चेतावनी



### पहली से 12वीं कक्षा तक प्रतिबंध

**शिक्षा** विभाग के इन आदेशों के बाद पहली से 12वीं कक्षा तक के छात्रों को रेफरेंस और हेल्प बुक से नहीं पढ़ाया जा सकेगा। यदि शिक्षा विभाग के निरीक्षण के दौरान कोई टीचर ऐसा करते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसे लेकर आज निदेशालय ने चेतावनी जारी कर दी है।

### कुछ स्कूल रेफरेंस बुक का इस्तेमाल कर रहे : विभाग

**शिक्षा** विभाग के ध्यान में आया है कि कुछ स्कूलों में टीचर क्लासरूम में रेफरेंस व हेल्प बुक से बच्चों को पढ़ा रहे हैं। यह गुणात्मक शिक्षा के लिए ठीक नहीं है। इन किताबों के कारण बच्चों में शिक्षा की गुरवत्ता बेहद कम हो रही जिससे बच्चों को आने वाले समय में कई परेशानी पेश आ रही है। शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों में सिर्फ नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) की किताबें पढ़ाने के आदेश दिए हैं।

**पहल** | 'मोबाइल लाइब्रेरी' से बच्चों में पढ़ने की प्रवृत्ति बढ़ाएगा शिक्षा विभाग : रोहित

# बच्चों में फिर से जगाई जाएगी किताबों की आदत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में स्कूली विद्यार्थियों को किताबों से जोड़ने और उनमें पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा विभाग ने एक नया अभियान शुरू किया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सोमवार को राज्य सचिवालय से एक मोबाइल लाइब्रेरी को हरी झंडी दिखाकर इस पहल का शुभारंभ किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पुस्तकों के प्रति रुचि को पुनर्जीवित करना है।

यह अभियान 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर समाप्त होगा। इस दौरान मोबाइल लाइब्रेरी प्रदेश के लगभग 10,000 प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में जाएगी। वहां बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार आकर्षक किताबें दिखाई जाएंगी। अभियान के तहत कई विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे ताकि बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।

**शिक्षा मंत्री ने मोबाइल लाइब्रेरी को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ**

इसमें हर दिन 15 से 20 मिनट का 'प्लेज रीडिंग टाइम' होगा। इसके अलावा, सोमवार और शुक्रवार को 'रीड-अलाउड सेशन' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिक्षक या विद्यार्थी जोर से कहानियां पढ़ेंगे और बाकी बच्चे उन्हें ध्यान से सुनेंगे।



रोहित ठाकुर विधानसभा परिसर से मोबाइल लाइब्रेरी को हरी झंडी दिखाते हुए।

### किताबों का महत्व आधुनिक तकनीक से कहीं ज्यादा

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि यह चिंता का विषय है कि समय के साथ बच्चों की किताबों में रुचि कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा में डिजिटल गैजेट्स का प्रयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन किताबों का महत्व और उनका अनुभव किसी भी आधुनिक तकनीक या गैजेट से नहीं बदला जा सकता। उन्होंने इस अभियान को बच्चों में किताबों की आदत को फिर से जगाने का एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अभियान के समापन पर सबसे ज़्यादा किताबें पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

कुतस्त्वा कश्मलमिदं
विषमे समुपस्थितम्।
अनार्यजुष्टमस्वर्ग्यमकीर्ति
करमर्जुन

श्री भगवान बोले- हे अर्जुन! तुझे इस असमय में यह मोह किस हेतु से प्राप्त हुआ? क्योंकि न तो यह श्रेष्ठ पुरुषों द्वारा आचरित है, न स्वर्ग को देने वाला है और न कीर्ति को करने वाला ही है॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 19 अगस्त 2025

# चूड़धार महादेव

## हिमालय की गोद में आस्था का दिव्य शिखर

### एक पौराणिक गाथा और महायोद्धा की तपस्या

**हिमाचल** प्रदेश की बर्फीली घाटियों और देवदार के वनों से घिरा, सिरमौर जिले के शिरगुल देवता की भूमि पर एक ऐसा शिखर है, जहां प्रकृति और आध्यात्म का अद्भुत संगम होता है। यह है चूड़धार, जिसे चूड़ेश्वर महादेव के नाम से भी जाना जाता है। 3647 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह चोटी शिवालिक पर्वतमाला का सबसे ऊंचा शिखर है, जहां पहुंचने पर मन और आत्मा दोनों ही मानो स्वर्ग की सीढ़ियों पर पहुंच जाते हैं। यह केवल एक मंदिर का विवरण नहीं, बल्कि एक ऐसी यात्रा का सजीव चित्रण है, जो जीवन के संघर्षों और आस्था की गहराई को एक साथ प्रस्तुत करती है। चूड़धार का नामकरण कई पौराणिक कथाओं से जुड़ा है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इसका नाम 'चूरी' (चूड़ी) से पड़ा, जो एक भक्त की कहानी से संबंधित है। एक कथा के अनुसार, यहां शिरगुल महाराज का वास था, जिन्हें भगवान शिव का ही अंश माना जाता है। शिरगुल महाराज ने इस चोटी पर घोर तपस्या की थी और यहीं पर उन्होंने एक विशालकाय सर्प के रूप में आए एक दानव का संहार किया। एक अन्य कथा के अनुसार, महाभारत काल के योद्धा भी यहां से कुरुक्षेत्र के युद्ध का दृश्य देखते थे। इस शिखर पर स्थित विशालकाय शिवलिंग सदियों से भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र रहा है।

### महाभारत के महायोद्धा बर्बरीक की गाथा

**चूड़धार** के इतिहास का एक और महत्वपूर्ण और हृदयस्पर्शी अध्याय महाभारत के महायोद्धा बर्बरीक से जुड़ा है। बर्बरीक जो भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र थे, अपने तीन चमत्कारी बाणों के कारण युद्ध में किसी भी पक्ष को विजय दिला सकते थे। जब वे महाभारत युद्ध में शामिल होने जा रहे थे, तो भगवान श्रीकृष्ण ने एक साधु का रूप धारण कर उनसे उनका शीश दान में मांग लिया। बर्बरीक ने सहर्ष अपना शीश अर्पित कर दिया, परंतु उनकी अंतिम इच्छा थी कि वे युद्ध के अंत तक इसे देखना चाहते हैं। तब भगवान श्रीकृष्ण ने बर्बरीक के शीश को इस पवित्र चूड़धार शिखर पर स्थापित किया, जहां से वे पूरे कुरुक्षेत्र युद्ध का अवलोकन कर सकें। आज भी यह माना जाता है कि मंदिर में स्थापित शिवलिंग ही बर्बरीक का वही शीश है, जो अनंतकाल से यहां स्थित होकर अपनी भक्ति और त्याग की कहानी कह रहा है। इस तरह यह शिखर केवल शिरगुल महाराज की तपोभूमि ही नहीं, बल्कि एक ऐसे अद्वितीय योद्धा की शहादत का भी साक्षी है, जिसने अपने धर्म और वचन की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

### प्रकृति और साधना का संगम

**चूड़धार** की यात्रा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि एक रोमांचक ट्रेकिंग का अनुभव भी है। यह रास्ता प्रकृति की सुंदरता से भरा है, जहां हर मोड़ पर एक नया दृश्य आपका स्वागत करता है। घने जंगल, फूलों की वादियां, और शांत हवाएं इस यात्रा को और भी दिव्य बना देती हैं। जैसे-जैसे यात्री ऊपर चढ़ता है, हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों, जैसे किन्नौर कैलाश, श्रीखंड महादेव, और बद्रीनाथ-केदारनाथ के विहंगम दृश्य दिखाई देते हैं, जो मन को एक असीम शांति प्रदान करते हैं। यह यात्रा एक तरह से आत्म-खोज की यात्रा है, जहां कठिन रास्ते हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करना सिखाते हैं और शिखर पर पहुंचने का आनंद हर मुश्किल को भुला देता है।





## आस्था और संस्कृति का केंद्र

**मंदिर** परिसर में पहुंचने पर, लकड़ी और पत्थर से बनी इसकी प्राचीन वास्तुकला मन को मोह लेती है। यहां का शांत वातावरण और भक्तों का जयघोष एक अलग ही ऊर्जा का संचार करता है। शिरगुल महाराज, जो सिरमौर और जिला शिमला के चौपाल क्षेत्र के आराध्य देव हैं, की पूजा-अर्चना यहां की संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। यहां हर साल होने वाले यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान स्थानीय लोगों के लिए विशेष महत्व रखते हैं। माना जाता है कि इस पवित्र स्थान पर दो लोटे जल चढ़ाने से हर मनोकामना पूरी होती है।

## चूड़धार एक आध्यात्मिक संवाद

**यह** यात्रा हमें याद दिलाती है कि हमारी संस्कृति और धर्म का गहरा संबंध प्रकृति से है। यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि एक ऐसा तीर्थ है जो हमें प्रकृति की गोद में शांति और आध्यात्म की खोज करने के लिए प्रेरित करता है। यह शिखर हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के हर उतार-चढ़ाव में भगवान के साथ चलना है। चूड़धार, अपनी महिमा और ऐतिहासिकता के साथ, आज भी हमें एक आध्यात्मिक संवाद में शामिल होने का निमंत्रण देता है, जहाँ हिमालय की ऊंचाइयां और भक्तों की आस्था एक साथ मिलकर एक अद्भुत कहानी गढ़ती हैं।

*प्रस्तुति : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला*



# जन्म कुंडली में अष्टम भाव का प्रभाव

## स्वास्थ्य, रोग और आयु पर गहरा असर




**जन्म** कुंडली में अष्टम भाव को प्रायः आयु, दुर्घटनाओं, गुप्त रोगों, शल्य चिकित्सा और मानसिक-शारीरिक कष्टों का भाव माना जाता है। इस भाव में स्थित ग्रह जातक के स्वास्थ्य और जीवन की स्थिरता पर विशेष प्रभाव डालते हैं। यदि जन्म कुंडली में लग्नेश मजबूत है तो अष्टम भाव के ग्रह अधिक हानि नहीं पहुंचाते, लेकिन लग्नेश के कमजोर होने पर यहां स्थित ग्रह जातक के स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं। खासकर तब जब अष्टम भाव में स्थित ग्रह की दशा-अंतर्दशा चल रही हो और साथ ही गोचर भी प्रतिकूल हो, तो जातक को गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं झेलनी पड़ती हैं।

कभी-कभी अष्टम भाव के ग्रह जातक को नहीं, बल्कि उसके संबंधियों को कष्ट देते हैं। जिस भाव का स्वामी अष्टम भाव में स्थित हो, उस भाव से संबंधित व्यक्ति को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अष्टम भाव में स्थित ग्रह अपनी दृष्टि से अन्य भावों और ग्रहों को भी पीड़ित कर देते हैं, जिससे स्वास्थ्य के साथ-साथ अन्य जीवन क्षेत्रों में भी बाधाएं आती हैं। यदि लग्न के अंश अष्टम भाव के अंशों पर स्थित हों या लग्नेश अथवा आत्मकारक अष्टम भाव से जुड़ जाएं, तो जातक को शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

अष्टम भाव में एक से अधिक ग्रह होने पर उनके प्रभाव और भी गंभीर हो जाते हैं। ऐसे में उनकी दशा या अन्तर्दशा में गंभीर रोग उत्पन्न हो सकते हैं। कई बार तो बच्चे के जन्म के समय मिलने वाली दशा-अन्तर्दशा, अष्टम भाव से संबंधित होने के कारण, जन्म से ही स्वास्थ्य संबंधी विकार प्रदान कर देती है। यदि कोई ग्रह अष्टम भाव के अंशों के समीप स्थित हो, तो वह भी अपनी दशा-अन्तर्दशा में कष्टकारी परिणाम देता है। अष्टमेश जिस भाव में स्थित होता है। वहां के फल कम कर देता है और उस भाव के कारकत्व को भी क्षति पहुंचाता है। इसी प्रकार यदि कुंडली में षष्ठ, अष्टम या द्वादश भाव से संबंधित ग्रह की दशा चल रही हो और उसके साथ अष्टम भाव का ग्रह अन्तर्दशा में हो, तो जातक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से घिर जाता है। इसके अतिरिक्त, अष्टम भाव का ग्रह यदि गोचर के पाप ग्रहों (जैसे शनि, राहु, केतु या मंगल) से संबंध बना ले, तो भी रोग, दुर्घटना या मानसिक तनाव का कारण बनता है। इस प्रकार अष्टम भाव और उसके ग्रह स्वास्थ्य के उतार-चढ़ाव, रोग और आयु से गहराई से जुड़े होते हैं।



*विभा शर्मा, ज्योतिर्विद, जोगिंद्रनगर*

# अजा एकादशी व्रत

## से नष्ट होते हैं सभी पाप



भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष को अजा एकादशी का व्रत किया जाता है। इस व्रत को करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। प्राचीनकाल में भगवान श्रीराम के वंश में अयोध्या नगरी में एक चक्रवर्ती राजा हरिश्चंद्र नाम के एक राजा हुए। राजा अपनी सत्यनिष्ठा के लिए प्रसिद्ध थे। एक बार देवताओं ने इनकी परीक्षा लेने की योजना बनाई। राजा ने स्वप्न में देखा कि ऋषि विश्वामित्र को उन्होंने अपना राजपाट दान कर दिया है। सुबह विश्वामित्र वास्तव में उनके द्वार पर आकर कहने लगे तुमने स्वप्न में मुझे अपना राज्य दान कर दिया। राजा ने सत्यनिष्ठ व्रत का पालन करते हुए संपूर्ण राज्य विश्वामित्र को सौंप दिया। राजा हरिश्चंद्र को पत्नी, बेटा और खुद को बेचना पड़ा। हरिश्चंद्र को एक चांडाल ने खरीद लिया, जो श्मशान भूमि में लोगों के दाह संस्कार का काम करवाता था। हरिश्चंद्र को कफन लेने का काम किया, किंतु उसने इस आपत्ति में भी सत्य का साथ नहीं छोड़ा। जब इसी प्रकार उसे कई वर्ष बीत गए तो वह इससे मुक्त होने का उपाय खोजने लगे। वह इसी चिंता में बैठे थे कि गौतम ऋषि उसके पास पहुंचे। हरिश्चंद्र ने उन्हें प्रणाम किया। महर्षि गौतम ने कहा हे राजन! भादों माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी का नाम अजा है। तुम उस एकादशी का विधान पूर्वक व्रत करो तथा रात्रि को जागरण करो। इससे तुम्हारे सभी पाप नष्ट हो जाएंगे। अजा नाम की एकादशी आने पर राजा हरिश्चंद्र ने विधिपूर्वक उपवास किया। इस व्रत के प्रभाव से राजा के सभी पाप नष्ट हो गए। उस समय स्वर्ग में नगाड़े बजने लगे तथा पुष्पों की वर्षा होने लगी। उन्होंने अपने सामने ब्रह्मा, विष्णु, महेश तथा देवेंद्र आदि देवताओं को खड़ा पाया। उन्होंने अपने मृत पुत्र को जीवित तथा अपनी पत्नी को राजसी वस्त्र तथा आभूषणों से परिपूर्ण देखा। व्रत के प्रभाव से राजा को पुनः अपने राज्य की प्राप्ति हुई।

*अनिल शर्मा, नौबाही, मंडी*



# कुंडली में अमावस्या योग का प्रभाव



**ज्योतिष** शास्त्र में अमावस्या योग को एक विशेष महत्व दिया गया है। जब जन्म कुंडली में सूर्य और चंद्रमा एक ही भाव में स्थित होते हैं और उनकी युति होती है। तब अमावस्या योग का निर्माण होता है। अमावस्या तिथि पर जन्म लेने वाले जातक की कुंडली में यह योग प्रबल रूप से देखने को मिलता है। चूंकि अमावस्या के दिन चंद्रमा अदृश्य अवस्था में होता है, इसलिए इस योग के प्रभाव से जातक के मानसिक और भावनात्मक पहलुओं पर विशेष असर पड़ता है। इस योग के प्रभाव से व्यक्ति का स्वभाव रहस्यमयी, अंतर्मुखी और कभी-कभी अस्थिर हो सकता है। ऐसे जातक में कल्पनाशक्ति तो प्रबल होती है, लेकिन भावनाओं का संतुलन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यदि कुंडली में यह योग शुभ ग्रहों की दृष्टि में हो तो जातक को आध्यात्मिक प्रवृत्ति, गूढ़ ज्ञान और रहस्यविद्या में सफलता मिल सकती है। वहीं, पाप ग्रहों की दृष्टि या नीच राशि में यह योग होने पर मानसिक तनाव, आत्मविश्वास की कमी और निर्णय क्षमता में कमजोरी आ सकती है। अमावस्या योग वाले जातक का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा हो सकता है। ऐसे लोगों को जीवन में सफलता पाने के लिए धैर्य, आत्मसंयम और सकारात्मक सोच अपनाना आवश्यक होता है।

### अमावस्या योग में चंद्रमा को मजबूत करने के उपाय

**धार्मिक** दृष्टि से अमावस्या योग में चंद्रमा की स्थिति को मजबूत करने के लिए विशेष उपाय जैसे चंद्रमा को अर्ध्य देना, सफेद वस्त्र धारण करना, मोती रत्न धारण करना और सोमवार का व्रत करना लाभकारी माना जाता है।

*- अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर*

# दुःखों का निवारण करते हैं शनिदेव महाराज

**देवभूमि** हिमाचल प्रदेश में कई दिव्यता प्रदान करने देवी-देवताओं के मंदिर हैं, जो किसी न किसी पुरातन घटनाओं पौराणिक किंवदंतियों से जुड़े हुए हैं एवं प्रत्येक की अपनी ही महत्ता है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के उपमंडल बैजनाथ की शिव नगरी, जो शिव धाम से भी प्रचलित है, से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित भगवान महाकाल का दिव्यता प्रदान करने वाला मंदिर है और उस जगह का नाम ही महाकाल है। इसके इर्द-गिर्द के ग्रामीण क्षेत्रों को निहारना जैसे आप स्वयं नैसर्गिक सुंदरता को निहार रहे हो। भगवान महाकाल मंदिर के प्रांगण में पहुंचते ही श्रद्धालुओं को ऐसा अद्भुत एहसास होने लगता जैसे उनकी मनोकामना अवश्य ही पूर्ण होने वाली है। किंवदंती के अनुसार, जालंधर नामक एक दैत्य ने इस स्थान पर भगवान शिव की घोर तपस्या की थी और उससे प्रसन्न होकर भगवान भोलेनाथ ने उससे कोई एक वरदान मांगने को कहा। जालंधर दैत्य ने भगवान शिव से उसे कभी कोई काल न मार सके। ऐसे वरदान से उसे फलीभूत कर दें। भगवान भोले शंकर ने उसके द्वारा मांगे वरदान को तथास्तु कहकर शिरोधार्य किया, लेकिन देवों के देव महादेव द्वारा दैत्य को दिया गए वरदान का उसने दुरुपयोग करना आरंभ कर दिया और इस वरदान से मिली शक्ति से स्वर्ग लोक में बैठे देवताओं को तंग करना शुरू कर दिया और उन्हें वहां से भगाकर स्वयं स्वर्गलोक का राजा बन बैठा।



*तुलसी राम डोगरा, पालमपुर*

दैत्य के आए दिन के अत्याचारों से परेशान होकर देवताओं ने भगवान शिव की शरण में पहुंच कर दैत्य द्वारा उन्हें प्रताड़ित किए जाने की वास्तविकता से अवगत कराया और भोलेनाथ से उससे निजात दिलाने की गुहार लगाई। शिवशंकर ने दैत्य द्वारा किए जा रहे कृत्यों को सुनकर क्रोधित हो गए और भगवान शिव ने जालंधर दैत्य को युद्ध के लिया ललकारा। भगवान भोलेनाथ द्वारा दैत्य को दिए गए वरदान अनुसार उसे काल भी नहीं मार सकता था। ऐसे में भगवान शिव ने महाकाल का रूप धारण कर उस दैत्य का वध किया। महाकाल में भगवान शिव ने जालंधर दैत्य से उसकी आखिरी इच्छा पूछी। इस पर दैत्य ने कहा कि कलयुग में सृष्टि के समस्त प्राणी कई तरह की व्याधियों से ग्रसित होंगे, उस दौरान शनि, राहु और केतु ग्रहों का प्रभाव होगा। ऐसे में आप यहां महाकाल के रूप में स्थापित हों। कहा जाता है कि भगवान शिव यहीं पर एक शिवलिंग के रूप में स्थापित हो गए थे। वैसे भी भगवान महाकाल के पूरे देश में दो ही मंदिर हैं, एक हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के उपमंडल बैजनाथ के गांव महाकाल में और दूसरा उज्जैन में स्थित है। जिन पर शनि साढ़ेसाती चली आ रही है, उससे भी यहां मुक्ति पाई जा सकती है। महाकाल मंदिर में अनेको वर्षों से भाद्रपद माह में शनिवार मेलों की परंपरा चली आ रही है। इस दौरान श्रद्धालु शनि ग्रह की शांति के लिए मंदिर में स्थापित शनि शिला पर तिल, काला वस्त्र, काले माह और सरसों का तेल अर्पित कर शनिदेव से उनकी समस्याओं का निराकरण शीघ्र हो और घर में सुख-शांति बनी रहे, ऐसी मन्नत पूर्ण आस्था के साथ उनके समक्ष नतमस्तक होते हैं। इस बार भाद्रपद माह आगामी 16 अगस्त से प्रारंभ हुआ, जो एक माह तक चलेगा। श्रद्धालुओं के सैलाब को देखते हुए स्थानीय प्रशासन, पुलिस तथा मंदिर न्यास के समस्त सदस्य बड़ी सेवाभाव वह आत्मीयता के साथ भक्तजनों को सुचारु रूप से दर्शन करवाने और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्थित तौर से प्रबंध किए जाते हैं। इस बार मंदिर को और भी व्यवस्थित और अन्य प्रारूप देने के लिए मंदिर न्यास के अधिकारी ने श्रद्धालुओं व अन्य लोगों से सुझाव आमंत्रित किए हैं, ताकि इसे ओर भी सुविधाजनक एवं आकर्षण दिया जा सके।

*-तुलसी राम डोगरा, पालमपुर*





# टूटी सड़क पर बच्चा बना सुरक्षा प्रहरी

## जान जोखिम में डाल खड़ा डंडा मार्ग से गुजर रहे चालक, गुरुद्वारा रोड निवासी सूरज ने लगाया पहरा

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** धर्मशाला–मैक्लोडगंज वाया खड़ा डंडा मार्ग पर भारी बरसात के कारण एक हिस्सा टूट चुका है, फिर भी कई लोग जान जोखिम में डालकर इस खतरनाक पैच से दोपहिया वाहन लेकर गुजर रहे हैं। इस खतरनाक मार्ग पर धर्मशाला के गुरुद्वारा रोड निवासी एक छोटा बच्चा सुरक्षा पहरा दे रहा है, ताकि वाहन चालकों को इस खतरनाक रास्ते से गुजरने से रोका जा सके।





खड़ा डंडा पर टूटे मार्ग से जान जोखिम में डालकर गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों को रोकता बच्चा।

अनंत ज्ञान से बातचीत में बच्चे ने बताया कि सड़क के टूटे हुए हिस्से के नीचे खाई है, जिससे यहां से गुजरना बेहद खतरनाक है। उसने वहां झाड़ियां, पत्थर और लकड़ियां रखकर लोगों को रास्ता बंद करने की कोशिश की, लेकिन वाहन चालक बार–बार इन बाधाओं को हटाकर गुजरने का प्रयास कर रहे हैं। बच्चे ने कहा कि कई बार वह लोगों को समझाने की कोशिश करता है कि अपनी जान जोखिम में न डालें, लेकिन वे उसकी बात नहीं मानते। हाल ही में एक युवक बाइक लेकर उस जगह से गुजरने लगा तो बच्चे ने उसे रोककर चेतावनी दी कि यह जगह अत्यंत असुरक्षित है और सड़क का टूटे हुए हिस्सा कभी भी गिर सकता है। बच्चे की मंशा है कि प्रशासन इस जगह पर पुलिस जवान तैनात करे ताकि लोग सुरक्षित रह सकें और हादसे टल सकें। स्थानीय लोग भी मानते हैं कि जल्द ही प्रशासन को इस खतरनाक स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने चाहिए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# पौंग बांध का लगातार बढ़ रहा जलस्तर, 1382 फुट पहुंचा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**पौंग** बांध से छोड़ा जा रहा पानी निचले क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। हालांकि, जिला प्रशासन हर स्थिति पर नजर रखे हुए है, लेकिन पौंग बांध का बढ़ता जलस्तर चिंता का कारण बना हुआ है।

डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि पौंग बांध का जलस्तर वर्तमान में 1382 फुट पर है, जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि 60 हजार क्यूसेक के लगभग पानी छोड़ा जा रहा है। अगला सप्ताह मानसून की दृष्टि और मौसम विभाग के अनुसार थोड़ा राहत देने वाला है। ऐसे में उम्मीद है कि इनफ्लो घटेगा और आउटफ्लो मैंटेन करते हैं, तो पौंग बांध का जलस्तर घटना चाहिए, लेकिन ऐसी स्थिति नहीं बनती है और जलस्तर और बढ़ता है, तो ऐसी स्थिति में पौंग डैम से ज्यादा पानी भी छोड़ा जा सकता है। पौंग बांध प्रशासन से हम लगातार संपर्क में हैं तथा पानी छोड़ने की स्थिति में एक–दो दिन पहले सूचित करें, जिससे कि प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित निकाला जा सके।

## बरसात से जिले में 358 करोड़ का नुकसान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिलेभर में बरसात से अब तक 358 करोड़ के नुकसान का आकलन किया गया है। जिला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार, जिले में जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग बरसात से खासे प्रभावित हुए हैं। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि जिले में अब तक 358 करोड़ का नुकसान आंका गया है, जिसमें जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग को ज्यादा नुकसान हुआ है।

**जल शक्ति और लोक निर्माण विभाग ज्यादा प्रभावित**

**धर्मशाला-मैक्लोडगंज रोड़ सबसे ज्यादा प्रभावित:** धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाले ज्यादा रोड़ प्रभावित हुए हैं, वहां पर नेशनल हाइवे प्रशासन कार्य कर रहा है। प्रयास किए जा रहे हैं कि जो रोड़ प्रभावित हो रहे हैं, उन्हें सभी प्रकार के वाहनों के लिए समय रहते खोला जा सके। साथ ही इस तरह की समस्याओं के स्थायी समाधान भी ढूंढे जाएं। लोक निर्माण विभाग के जो रोड़ हैं, वहां पर भी विभाग के चीफ इंजीनियर व एक्सईएन को जल्द प्रभावित मार्गों को बहाल व दुरुस्त करने को कहा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नवोदय विद्यालय में दाखिले के लिए 27 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नवोदय विद्यालय समिति ने छठी कक्षा एडमिशन-2026 के लिए रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख बढ़ाकर 27 अगस्त कर दी है। यह जानकारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला राजेश कुमार ने दी। पंजीकरण तिथि में यह विस्तार उन छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, जो वर्तमान में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा पांच में अध्ययनरत हैं एवं इस परीक्षा में भाग लेने के इच्छुक हैं। यह विस्तार यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी पात्र विद्यार्थी किसी भी कारणवश इस अवसर से वंचित न रह जाए।

### भनाड़ में श्रीमदभागवत महापुराण कथा शुरू



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राधा कृष्ण मंदिर भनाड़ (थुरल) में सोमवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। यह कथा 18 से 24 अगस्त तक चलेगी। कथावाचक कुलवंत शास्त्री होंगे, जबकि किशोरी राणा और जसवीर राणा मुख्य यजमान हैं। कथा प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक पूजा-अर्चना और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक प्रवचन होगा। कथा के अंतिम दिन 24 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कलश यात्रा में जोगिंदर सिंह, महेंद्र राणा, कल्याण सिंह, करतार राणा सहित कई लोगों ने भाग लिया।

### प्रताप वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में श्रद्धा और उत्साह के साथ जन्माष्टमी का पावन पर्व मनाया गया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, नाट्य प्रस्तुति, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और मटकी फोड़ जैसी गतिविधियों में भाग लेकर भगवान श्रीकृष्ण की झलक पेश की। स्कूल परिसर की सुंदर सजावट ने उत्सव का माहौल और भी भव्य बनाया। निदेशक सनी महाजन ने कहा कि जन्माष्टमी बच्चों को भारतीय परंपराओं से जोड़ती है और उनमें एकता व संस्कृति के प्रति सम्मान पैदा करती है। प्राचार्य सुश्रा रानी ने कहा कि यह आयोजन प्रेम, करुणा और विनम्रता जैसे मूल्यों को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम शांति और समृद्धि की प्रार्थनाओं के साथ समापन हुआ।

### परख में बेहतर प्रदर्शन के लिए नोडल अधिकारी सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह में हिमाचल प्रदेश की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार और परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट सफलता को रेखांकित किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी सुधीर भाटिया को कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर और ऊना जिलों में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। हिमाचल ने राष्ट्रीय स्तर पर 5वां स्थान प्राप्त किया है, जबकि 2021 में यह 21वें स्थान पर था। कक्षा 3 में दूसरा, कक्षा 6 में पांचवां और कक्षा 9 में चौथा स्थान मिला। हमीरपुर ने गणित-विज्ञान, ऊना ने भाषा, और चंबा ने समग्र प्रगति में योगदान दिया। सुधीर भाटिया ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के मार्गदर्शन को दिया।

### एंटी-रैगिंग सप्ताह में स्टूडेंट्स किए जागरूक

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में 12 से 18 अगस्त तक राष्ट्रीय एंटी-रैगिंग सप्ताह का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक प्रो. युवराज (इतिहास विभाग) ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सप्ताहभर विद्यार्थियों को रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक किया गया और सुरक्षित, समावेशी वातावरण बनाने का संदेश दिया गया। समापन दिवस पर एंटी-रैगिंग पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई, जिसमें इसके दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र शर्मा ने कहा कि रैगिंग एक गंभीर अपराध है और विद्यार्थियों को आपसी सम्मान, सहयोग व करुणा की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए।

### कृषि विवि में रैगिंग विरोधी जागरूकता सप्ताह मनाया

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रदेश चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने 12 से 18 अगस्त तक रैगिंग विरोधी जागरूकता सप्ताह मनाया गया। सप्ताह का उद्देश्य रैगिंग के दुष्प्रभावों के प्रति छात्रों को जागरूक करना और विश्वविद्यालय की शून्य सहिष्णुता नीति को सुदृढ़ करना रहा। इस दौरान नारा लेखन, पोस्टर निर्माण और लेख लेखन जैसी छात्र-केंद्रित गतिविधियां आयोजित की गईं। समापन समारोह में कुलपति डॉ. नवीन कुमार ने विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और रैगिंग-मुक्त परिसर की दिशा में छात्रों व स्टाफ की भागीदारी की सराहना की। उन्होंने समावेशी शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया। समारोह में विश्वविद्यालय के संविधिक अधिकारी, विभागाध्यक्ष व अन्य मौजूद रहे।

### योल में पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प



**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** इनर व्हील क्लब धर्मशाला सिविल लाइंस की ओर से योल में पर्यावरण संरक्षण के तहत विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। क्लब की सदस्याओं ने आंवला, कचनार, जामुन समेत कई प्रकार के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। क्लब अध्यक्ष अनीता वत्स ने कहा कि पेड़-पौधे जीवन के लिए अनिवार्य हैं और बदलते पर्यावरण संकट के दौर में पौधारोपण ही सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर नीलू महाजन, संतोष, नीलू शर्मा, रेखा दत्ता, राजकुमारी आदि सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# रेडक्रॉस लक्की ड्रॉ का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के दौरान पुलिस मैदान धर्मशाला में सोसायटी द्वारा रेडक्रॉस लक्की ड्रा जनता के समक्ष निकाला गया। टिकट नंबर 156595 को मारुती ऑल्टो कार, टिकट नंबर 001408 को स्कूटी, टिकट नंबर 122592 को 32 इंच एलईडी टीवी, टिकट नंबर 084585 को रेफ्रिजरेटर, टिकट नंबर 007975 को सेमी ऑटो वाशिंग मशीन, टिकट नंबर 168240 को एंड्रॉयड मोबाइल फोन, टिकट नंबर 163463 को इंडक्शन चूल्हा, टिकट नंबर 039043 तथा 018153 को सिलाई मशीन और टिकट नंबर 125685 व 166423 को 2500–2500 रुपए का सांत्वना पुरस्कार निकला है। उन्होंने बताया कि यह विजयी पुरस्कार प्राप्त करने के लिए विजेता को मूल टिकट एक माह के भीतर जिला रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में जमा करवानी आवश्यक होगी।

# आदेशों की अवहेलना पर एक–एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे उद्घोषित अपराधी

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** बैजनाथ न्यायालय के अधिवक्ता राजेश वर्मा ने बताया कि सुखराम ठाकुर निवासी सेहल बैजनाथ से अपर भट्टू के सुरेंद्र कपूर जो मौजूदा समय में अपर भाजपा मंडल के अध्यक्ष भी हैं और विजय कुमार जो शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं, ने दो–दो लाख रुपए लिए थे। बाद में दो–दो लाख के चेक ठाकुर सुखराम को दिए, मगर बैंक में दोनों चेक बाउंस हो गए।

डेढ़ साल पहले इसको लेकर सुखराम ने मामला बैजनाथ न्यायालय में दर्ज कराया। अधिवक्ता राजेश वर्मा ने बताया कि बार–बार समन भेजने पर सुरेंद्र कपूर व विजय कुमार अदालत में नहीं पहुंचे। इस बीच माननीय न्यायालय द्वारा इन दोनों को जमानती वारंट भेजे, बाद में गैर जमानती वारंट भी भेजे, मगर इस पर भी अदालत में न आने पर इस दोनों को माननीय न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी करार दिया गया। बैजनाथ पुलिस द्वारा इस दोनों को सोमवार को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा इस दोनों को न्यायालय के आदेशों की अवेहलना करने पर एक–एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के आदेश दिए। अधिवक्ता राजेश वर्मा ने बताया कि 19 अगस्त को उन दोनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# बाइक स्किड होने से युवक की मौत, एक घायल

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

**डरोह।** नागनी में रविवार देर रात बाइक स्किड होने से धीरा निवासी शिवा पुत्र रवि मेहरा की मौत हो गई। शिवा अपने एक दोस्त अनमोल के साथ नागणी स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डलवाने जा रहा था, तो नागनी चौक के समीप बाइक स्किड हो जाने पर उसके सिर में चोट लग जाने से शिवा गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका दोस्त अनमोल भी घायल हो गया। दोनों को सिविल अस्पताल भवारना ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने शिवा को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके दोस्त अनमोल की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

एसएचओ भवारना गुरदेव सिंह ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सोमवार को अध्यक्ष राजीव बाली ने 40 घंटे के मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण जिला कांगड़ा और चंबा के लगभग 20 वकीलों को दिल्ली से आए प्रशिक्षक रीमा भंडारी और दीपिका जैन द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शीतल शर्मा, नीतिन मितल, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी हकीकत ढांडा और सचिव शिखा लखनपाल उपस्थित रहे। राजीव बाली ने बताया कि मध्यस्थता एक तटस्थ प्रक्रिया है, जिसमें पांच चरण होते हैं- निर्णय, तैयारी, जानकारी साझा करना, समाधान वार्ता और समापन। उन्होंने प्रभावी मध्यस्थ के लिए निष्पक्षता, संचार कौशल, धैर्य और गोपनीयता जैसे गुणों को आवश्यक बताया गया।

# प्रोफिशिएंसी टेस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में इंस्पायरिंग क्रिएटिव माइंड्स फॉर फ्यूचर इनोवेशन विद एसटीईएम एक्सप्लोरेशन पहल के तहत 18-19 अगस्त तक दो दिवसीय प्रोफिशिएंसी टेस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कांगड़ा जिले के 149 सरकारी विद्यालयों के 133 विज्ञान अध्यापक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन उप निदेशक (गुणवत्ता नियंत्रण) कंचन ज्योति ने किया। अजीलो रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड के जोनल मैनेजर सुखवीर सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर नितिन यादव, मोहित, प्रवीण कुमार, नागेंद्र यादव और पियाशा द्वारा प्रदान किया जा रहा है। कंचन ज्योति ने कहा कि एसटीईएम गतिविधियों को कक्षाओं में शामिल कर शिक्षा को रचनात्मक व आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने वाला बनाया जाएगा। जिला एसटीईएम समन्वयक विश्वनाथ मलकोटिया ने बताया कि यह प्रशिक्षण चरणबद्ध रूप से सभी लक्षित विद्यालयों तक पहुंचेगा।

# डाडासीबा में सैर मेले का महादंगल 16 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में सैयर मेले का महादंगल 16 सितंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें नामी पहलवान प्रदर्शन करेंगे। इस उपलक्ष्य में लखदाता कांजूपीर दंगल कमेटी की बैठक रविवार को राधा कृष्ण मंदिर परिसर में कमेटी प्रधान रविदत्त शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रितेश शर्मा को उपप्रधान, कश्मीर सिंह सचिव, अशोक मेहरा कोषाध्यक्ष और रंजीत कुमार परमार सदस्य नियुक्त किए गए। 15 सितंबर को स्टार नाइट कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें हिमाचली कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस मौके डाडासीबा के व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, उपप्रधान परमेश्वरी दास, पूर्व प्रधान राम कुमार, प्रमोद जसवाल, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने महिला तस्कर को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत 52.12 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़े गए आरोपी की पूछताछ के आधार पर पुलिस ने वांछित महिला तस्कर रोजी उर्फ डिम्पी को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी गुरदासपुर के डीडा सांसियां गांव से हुई। एसपी अशोक रतन ने बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# भाजपा संगठनात्मक जिला कांगड़ा ने बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा संगठनात्मक जिला कांगड़ा की बैठक सर्किट हाउस धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा ने की, जबकि कांगड़ा-चंबा संगठन मंत्री राजपाल सिंह मुख्य अतिथि थे। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई और पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। नवगठित कार्यकारिणी का परिचय भी कराया गया। राजपाल सिंह ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा ने पंचायत चुनावों की तैयारियों पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विफल हो चुकी है और भाजपा को एकजुट होकर चुनाव लड़ना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन और जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया और कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाना जरूरी है। अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# लोधवा में बिना लाइसेंस चल रही दवा फैक्टरी सील

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नूरपुर के लोधवा क्षेत्र में स्थित एक दवा फैक्टरी को ड्रग विभाग ने बिना लाइसेंस दवाइयां बनाने के आरोप में सील कर दिया। ड्रग इंस्पेक्टर प्यार चंद ठाकुर ने बताया कि फैक्टरी का लाइसेंस दिसंबर 2024 में निरस्त किया गया था और संचालक को दवा निर्माण न करने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद फैक्टरी में चोरी-छिपे इंजेक्शन बनाए जा रहे थे। निरीक्षण के दौरान करीब 23 हजार इंजेक्शन जब्त किए गए। इसके चलते फैक्टरी को सील कर 18-C/ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# वीर सपूत हवलदार विकास को दी सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल की सकड़ी पंचायत के दयोड़ा गांव निवासी भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स में तैनात 41 वर्षीय हवलदार विकास भंडारी का पार्थिव शरीर सोमवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा। जम्मू के कुपवाड़ा सेक्टर में ड्यूटी के दौरान स्वास्थ्य खराब होने से उनका निधन हो गया था। महाकाल में उनका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सेना के जवानों ने सलामी दी और 'भारत माता की जय' तथा 'विकास भंडारी अमर रहें' के नारों से वातावरण गूंज उठा। अंतिम यात्रा में एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम, डीएसपी अनिल शर्मा व तहसीलदार रमन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, सेना के जवान और युवा शामिल रहे। एसडीएम ने परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा में दिया गया यह बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। उपप्रधान व पूर्व सैनिक कुलदीप नलोच ने बताया कि विकास भंडारी एक मिलनसार और प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी थे।

## श्री साई ग्रुप में इंडियन एयरफोर्स का विशेष सिम्युलेटर वाहन व सेशन

# वायुसेना अधिकारियों ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन




श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में भारतीय वायुसेना की ओर से विशेष सिम्युलेटर वाहन व सेशन का आयोजन किया गया।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में दीक्षारंभ कार्यक्रम में ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज व एमडी तृप्त पुंज की अध्यक्षता में भारतीय वायुसेना द्वारा एक विशेष सिम्युलेटर वाहन व सेशन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भारतीय वायुसेना के पठानकोट के विंग कमांडर विवेक मोहन, स्क्वॉडियन लीडर अभिमन्यु कादियान, फ्लाइट लेफ्ट गुरशरण और स्क्वॉडियन लीडर सुब्रमण्यम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में वायुसेना के अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए और अनुशासन, टीम वर्क एवं दृढ़ता के महत्व पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। डायरेक्टर प्लेसमेंट्स प्रोफेसर सुलक्ष्य कुमार मुरगई व सीईओ छोल ठाकुर ने बताया कि समूह के सीएमडी तुषार पुंज के निर्देशन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है। चेयरपर्सन तृप्त पुंज ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर डॉ. विपिन गुप्ता, प्रो. संजय पंडित, प्रो. समरिन्दर तरवाल, डॉ. दिनेश महाजन, रितिका, कांची आदि उपस्थित थे।

## कैमल ट्रैक को अस्थायी रूप से खोलने की मांग तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बारिश से मैक्लोडगंज, भागसूनाग और धर्मकोट मार्गों की हालत खराब हो गई है, जिससे खड़ा डंडा मार्ग बंद हो गया है। इससे टैक्सी चालकों और पर्यटकों को भारी परेशानी हो रही है। ऐसे में होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला, टैक्सी यूनियन मैक्लोडगंज, ऑटो यूनियन व व्यापार मंडल ने प्रशासन से कैमल ट्रैक को अस्थायी रूप से हल्के वाहनों के लिए एकतरफा खोलने की मांग की है। एसोसिएशन अध्यक्ष राहुल धीमान ने बताया कि यह ट्रैक मनोचा निवास से शमशानघाट तक मुख्य सड़क के समानांतर चलता है और इससे ट्रैफिक दबाव कम हो सकता है। सड़कों की मरम्मत व जाम की समस्या से निपटने के लिए भी प्रशासन से ठोस कदम उठाने की अपील की गई है।

# लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ



लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान में शैक्षिक सत्र के शुभारंभ पर हवन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान में सोमवार को नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हवन के साथ किया गया। कॉलेज खुलते ही विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। पहले दिन छात्र अपने साथियों से मिलकर काफी खुश हुए और अभिभावक समय से पहले बच्चों के साथ संस्थान पहुंचे। संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. रण सिंह, निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत ने स्वागत किया। हवन में छात्रों और अभिभावकों ने आहुतियां अर्पित कीं। प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत ने कहा कि सभी नए विद्यार्थियों का महाविद्यालय में स्वागत है और उन्हें सर्वोत्तम शिक्षण संसाधन, व्यावहारिक अनुभव और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने छात्रों को फार्मेसी पेशे की महत्ता से अवगत कराते हुए मेहनत, अनुशासन और लगन से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही समाजसेवा और व्यक्तित्व विकास पर भी बल दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण और फार्मेसी क्षेत्र में संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। छात्रों को कॉलेज की नियमावली, पाठ्यक्रम संरचना, प्रयोगशालाओं और अन्य शैक्षिक सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष और स्टाफ उपस्थित रहे।

**बैठक** केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक काउंसिल की बैठक में मिली मंजूरी

# शहीद पवन की बेटी को सीयू देगा निःशुल्क शिक्षा

**10 क्रेडिट का स्किल कोर्स करने पर मिलेगी यूजी-पीजी की डिग्री**

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय शहीद सूबेदार मेजर शहीद पवन कुमार की बेटी अनामिका को पोस्ट ग्रेजुएशन तक मुफ्त शिक्षा मुहैया करवाएगा। अनामिका अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकती हैं।

अनामिक मूलतः शाहपुर की रहने वाली है और अभी हाल ही केंद्रीय विश्वविद्यालय में 15 अगस्त को हुए कार्यक्रम में मिलिट्री ऑपरेशन में शहीद हुए पवन कुमार के पिता और उनकी बेटी को सम्मानित किया गया था। इस संबंध में सोमवार को धौलाधार परिसर के सेमिनार हाल में हुई अकादमिक काउंसिल की बैठक में इस फैसले की सराहना करते हुए इस फैसले को मंजूरी दी है।



केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इस मौके पर सदस्य सचिव के तौर पर कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार सांख्यान ने भाग लिया। वहीं, भारत सरकार और यूजीसी ने पूरे भारत में पांच केंद्रीय विश्वविद्यालयों को मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) दिए हैं, इसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय भी एक है। अकादमिक काउंसिल ने कुलपति के प्रयासों की इसके लिए सराहना की है और इसे जल्द से जल्द शुरू करने के लिए कहा है। इसमें संकाय सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, इस मौके पर कई समझौता ज्ञापनों को मंजूरी दी गई है। बैठक में इस फैसले को भी मुहर लगाई गई, जिसमें यूजी–पीजी करने वाले विद्यार्थी को डिग्री प्राप्त करने के लिए छात्रों को 10 क्रेडिट का स्किल पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से करना होगा। इसके लिए एक बास्केट तैयार की गई है, जिसमें विद्यार्थी अपनी पंसद के कोर्स चुन पाएगा। यह फैसला इसी सत्र से लागू हो रहा है।

# केवल पठानिया ने जरूरतमंद छात्रा की भरी फार्मेसी फीस



करेरी दौरे पर पहुंचे उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया से साक्षी ने साझा की समस्या।

अनंत ज्ञान, शाहपुर

**पलौथा** पंचायत के अंतर्गत सैर वार्ड (कैंथली) की रहने वाली साक्षी ने कड़ी मेहनत और लगन से फार्मेसी का प्रवेश परीक्षा (एंट्रेंस एग्जाम) पास किया, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वह आगे की पढ़ाई के लिए फीस भरने में असमर्थ थी।

माता–पिता की आर्थिक स्थिति भी इतनी मजबूत नहीं थी कि वह बेटी का दाखिला फार्मेसी में करवा पाते। इसी बीच शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया बरसात से प्रभावित क्षेत्रों का हालचाल जानने के लिए करेरी दौरे पर पहुंचे। यह अवसर साक्षी के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हुआ। वह अपना प्रार्थना पत्र लेकर विधायक के पास पहुंची और अपनी समस्या साझा की। पठानिया ने बिना समय गंवाए छात्रा की पूरी फीस भरने का वादा किया और उसे आश्वस्त किया कि पैसों की चिंता किए बिना पढ़ाई पूरी करे। उन्होंने कहा कि फीस के अतिरिक्त यदि आगे भी मदद की आवश्यकता होगी तो तुरंत पूरा किया जाएगा।

# सुन्नी में बनेगा अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट

## मंत्री विक्रमादित्य बोले–18.83 करोड़ की लागत से होगा निर्माण, मंडी व आसपास के लोगों को भी मिलेगा लाभ

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सुन्नी अस्पताल में एक अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित करने की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण कदम क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में एक मील का पत्थर साबित होगा। सोमवार को अस्पताल परिसर के औचक निरीक्षण के बाद, मंत्री ने बताया कि यह यूनिट 18.83 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया जाएगा, जिसमें से 13.09 करोड़ रुपये निर्माण पर खर्च होंगे। यह परियोजना केंद्र सरकार के पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत पूरी की जाएगी।



सुन्नी में लोगों की समस्याएं सुनते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

यह नया क्रिटिकल केयर यूनिट न केवल सुन्नी के लिए बल्कि पड़ोसी मंडी जिले के निवासियों के लिए भी जीवन-रक्षक साबित होगा। अभी तक, गंभीर रूप से बीमार या घायल मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में जाना पड़ता था, जिसमें काफी समय और संसाधन खर्च होते थे। यह यूनिट इस समस्या का समाधान करेगा और लोगों को स्थानीय स्तर पर ही उच्च-स्तरीय चिकित्सा देखभाल प्रदान करेगा। मंत्री ने अधिकारियों को मौजूदा भवन को केवल उतना ही तोड़ने के निर्देश दिए, जितनी आवश्यकता है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि परियोजना की ड्राइंग में बदलाव कर सभी औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा किया जाए और नेशनल हेल्थ मिशन को भेजा जाए।

### आधुनिक बेड और सुविधाओं की उपलब्धता

**इस** दो-मंजिला क्रिटिकल केयर यूनिट में कुल 50 बेड की व्यवस्था होगी। इसका डिज़ाइन इस तरह किया गया है कि यह विभिन्न प्रकार के मरीजों को गहन चिकित्सा देखभाल प्रदान कर सके। ग्राउंड फ्लोर पर 5 इमरजेंसी बेड, 2 मैटरनल एंड चाइल्ड हेल्थ बेड और 2 आइसोलेट रूम होंगे। पहली मंजिल पर 2 डायलिसिस बेड और 24 आइसोलेटेड बेड की सुविधा होगी, जो विशेष देखभाल की आवश्यकता वाले मरीजों के लिए है। वहीं, दूसरी मंजिल पर 6 हाइ डिस्पेंसरी यूनिट बेड और 10 आईसीयू बेड होंगे, जो सबसे गंभीर मरीजों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन सुविधाओं से सुन्नी अस्पताल की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### सामाजिक सहयोग और भविष्य की योजनाएं

इस महत्वपूर्ण घोषणा के साथ ही, विक्रमादित्य सिंह ने सामाजिक जिम्मेदारी का भी परिचय दिया। उन्होंने राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन की ओर से सुन्नी अस्पताल की रोगी कल्याण समिति को एक लाख रुपये का चेक भेंट किया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का लक्ष्य पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के पदचिन्हों पर चलकर प्रदेश में एक समान विकास करना है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने लोक निर्माण विभाग को अस्पताल में रिक्त पदों को भरने और कर्मचारियों के आवासों की मरम्मत का भी निर्देश दिया।

## लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने किया थली पुल का निरीक्षण

# घराट नाला से घांघर तक बनेगा डबल लेन पुल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**लोक** निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज भारी बारिश से प्रभावित सुन्नी के थली पुल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार नए पुलों का निर्माण करेगी, ताकि शिमला और मंडी के बीच संपर्क बहाल हो सके।

मंत्री ने लोक निर्माण विभाग को घराट नाला से घांघर तक डबल लेन पुल के लिए जगह तलाशने और उसका एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डैम के कारण हर साल पानी का स्तर बढ़ रहा है, जिससे थली पुल बार-बार क्षतिग्रस्त हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में लोगों की आवाजाही में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए एक नए पुल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें एसजेवीएनएल और एनटीपीसी का सहयोग भी लिया जाएगा। मंत्री ने थली पुल की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को इसके स्ट्रक्चर ऑडिट के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक समिति का गठन किया जाएगा, जो पुल की स्थिति का आकलन करेगी। समिति की सकारात्मक रिपोर्ट के बाद ही पैदल चलने वालों को पुल से गुजरने की अनुमति दी जाएगी, क्योंकि लोगों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इसके अलावा, विक्रमादित्य सिंह ने भारी बारिश से प्रभावित आईटीआई परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पानी को परिसर में आने से रोकने के लिए डंपिंग साइट बनाने और जमा हुए पानी की निकासी के लिए पोकलेन मशीन तैनात करने के निर्देश दिए, ताकि आईटीआई को जल्द से जल्द बहाल किया जा सके।

### डैम प्रभावित क्षेत्रों के लिए बनेगी व्यापक योजना

**विक्रमादित्य** सिंह ने बताया कि पिछले दो सालों से डैम की वजह से सुन्नी क्षेत्र में खतरा बढ़ गया है और नदी से सटे इलाकों में पानी भर गया है। पिछले साल भी थली पुल क्षतिग्रस्त हुआ था, जिसकी सरकार ने मरम्मत करवाई थी, लेकिन इस साल यह फिर से टूट गया।

### क्षतिग्रस्त शिमला-करसोग मार्ग को जांचा

**इस** समस्या के स्थायी समाधान के लिए उन्होंने इसी सप्ताह सचिवालय में एनटीपीसी, एसजेवीएनएल और अन्य हितधारकों के साथ एक बैठक बुलाने की घोषणा की है। इस बैठक में डैम से प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक व्यापक योजना तैयार की जाएगी, ताकि भविष्य में लोगों को किसी भी प्रकार के नुकसान का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही, मंत्री ने तत्तापानी में क्षतिग्रस्त शिमला-करसोग मार्ग का भी निरीक्षण किया और छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग खोलने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### रैगिंग के विरुद्ध सजग रहने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय, सीमा की एनसीसी इकाई द्वारा एंटी-रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को रैगिंग जैसी कुप्रथा के दुष्प्रभावों और इसके खिलाफ बनाए गए कठोर कानूनों की जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिसर को सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनिल चौहान ने बताया कि रैगिंग भारतीय कानून में दंडनीय अपराध है, इसलिए प्रत्येक छात्र को इसे रोकने में योगदान देना चाहिए। समिति संयोजक प्रो. भरत खेपन ने कहा कि संस्थान शून्य सहिष्णुता की नीति पर कार्य करता है। इस अवसर पर एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई और दो एनसीसी कैडेट्स ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन का आधार आपसी सम्मान और सहयोग होना चाहिए, न कि उत्पीड़न। कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा यह संकल्प लेते हुए किया गया कि वे रैगिंग के विरुद्ध सदैव सजग रहेंगे और परिसर में सुरक्षित वातावरण बनाएंगे।

### प्रियंका बनी प्रबंधन क्लब की पहली अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय, सीमा के बीबीए विभाग ने प्रबंधन क्लब का गठन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे क्लब छात्रों को नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन कौशल और टीम भावना विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। क्लब की अध्यक्षता के लिए प्रियंका को अध्यक्ष और अर्नव घमटा को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा आयोजन समिति, सोशल मीडिया एवं फोटोग्राफी समिति, जलपान समिति तथा मंच संचालन समिति का भी गठन किया गया। प्रबंधन क्लब की स्थापना से छात्रों को आयोजन प्रबंधन, टीमवर्क और संवाद कौशल को निखारने का अवसर मिलेगा। साथ ही यह क्लब महाविद्यालय के सांस्कृतिक और शैक्षणिक माहौल को और अधिक समृद्ध बनाएगा।

## निरंकारी मिशन ने रोपे देवदार के पौधे

दशमी रावत, अनंत ज्ञान, **रोहड़ू।** रोहड़ू में निरंकारी मिशन द्वारा 'वननेस वन' परियोजना के पांचवें चरण का आयोजन उत्साहपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। संयोजक एरिया रोहड़ू के पलकन गांव में पानवी क्षेत्र में 100 से अधिक देवदार के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर मिशन के सभी शाखाओं से आए भाई-बहनों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि यह अभियान केवल हरियाली फैलाने का प्रयास नहीं, बल्कि प्रकृति से जुड़ाव, मानवीय उत्तरदायित्व और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करने का प्रयास है। वर्ष 2021 में शुरू हुए इस अभियान के तहत अब छोटे वनों का निर्माण हो चुका है, जो जैव विविधता और प्रवासी पक्षियों की वापसी को प्रोत्साहित कर रहे हैं। यह पहल भविष्य की पीढ़ियों को समृद्ध और स्वच्छ वातावरण देने का संदेश देती है।

# मोजैक और चिल्ली लीफ कर्ल वायरस ने चौपाल में शिमला मिर्च की फसल बर्बाद की

- कृषि विशेषज्ञ की सलाहः वायरस के इलाज पर खर्च न करें प्रभावित पौधों को बदलें
- किसानों की आर्थिकी पर संकट

अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा

**उपमंडल** चौपाल में शिमला मिर्च की फसल मोज़ैक और चिल्ली लीफ कर्ल नामक लाईलाज वायरस की चपेट में आकर बुरी तरह प्रभावित हो चुकी है। करीब डेढ़ हजार किसानों की आर्थिकी शिमला मिर्च पर ही निर्भर है। झिकनीपुल के प्रगतिशील किसान विशाल चौहान ने बताया कि उन्होंने आठ हजार से अधिक पौधे लगाए थे और इस पर लगभग दो लाख रुपए खर्च हो चुके थे, लेकिन फसल तैयार होने से ठीक पहले वायरस के कारण पौधे सिकुड़ने और सड़ने लगे। कृषि विभाग के अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण किया और बताया कि वायरस का कोई इलाज उपलब्ध नहीं है। विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार चौपाल में 1300 किसानों ने 70-80 हेक्टेयर जमीन में फसल लगाई थी, जिससे 30-40 टन उत्पादन की संभावना थी, लेकिन 40-45 हेक्टेयर जमीन में वायरस फैलने से फसल प्रभावित हुई है।



लाइलाज वायरस की चपेट में आए शिमला मिर्च के पौधे।

### कृषि विशेषज्ञों की सलाह और लक्षण

**कृषि** प्रसार अधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने कहा कि वायरस के इलाज के लिए स्प्रे या अन्य खर्च करना व्यर्थ है। प्रभावित पौधों को उखाड़कर उनकी जगह अन्य फसल लगाना ही सुरक्षित उपाय है। विशेषज्ञों के अनुसार वायरस से पत्ते पीले होने लगते हैं, काले धब्बे आते हैं और फल सिकुड़कर सड़ने लगते हैं। कृषि विशेषज्ञ चौपाल लायक राम हेटा ने बताया कि एक पौधे में वायरस आने पर सफेद मक्खियां इसे तेजी से पूरी फसल में फैला देती हैं। यह वायरस डीएनए रहित आरएनए वायरस है, इसलिए इसका कोई उपचार संभव नहीं।

# डकोलड़ में महिला की मौत के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। विगत 14 अगस्त को पुलिस थाना रामपुर में सूचना प्राप्त हुई थी कि डकोलड़ में अंजलि नाम की महिला अपने किराये के कमरे में मृत हालत में पड़ी है।

मामले की जांच के लिए पुलिस थाना से पुलिस टीम मौका पर पहुंची तथा पीड़िता के परिवारजनों की मौजदूगी में मौके के निरीक्षण करने के बाद पीड़िता के मृत शरीर को कब्जा कर पुलिस में लिया गया। मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए रामपुर पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी। 16 अगस्त की पीड़िता के मृत शरीर का शव विच्छेदन आईजीएमसी शिमला में करवाया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले से जुडे आरोपी पति सुशील पुत्र रोशन लाल निवासी गांव व डाकघर देवठी तहसील रामपुर जिला शिमला उम्र 25 वर्ष के खिलाफ धारा 103



- रामपुर पुलिस ने न्याय दिलाने का किया वादा

भारतीय न्याय संहिता के तहत अभियोग पंजीकृत करके आरोपी को 18 अगस्त को गिरफ्तार करके पुलिस हिरासत में ले लिया है।

पुलिस मामले से जुड़े अन्य साक्ष्यों को एकत्रित कर रही है तथा अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है। उप मंडलीय पुलिस अधिकारी रामपुर ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा है कि रामपुर पुलिस पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कटिवद्ध है। उन्होंने बताया कि रामपुर क्षेत्र में अपराध करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# रेल परियोजना से प्रभावित मकानों की स्थिति पर विशेषज्ञों की नजर

## एनआईटी हमीरपुर ने किया था दौरा; बारिश से बाधित रहा निरीक्षण, ग्रामीणों का धरना 79वें दिन भी जारी

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो



मकान में आई दरारें।

अनंत ज्ञान स्पैशल

**बिलासपुर।** बध्यात और नोग गांव के लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। रेलवे सुरंग निर्माण के कारण मकानों में पड़ी दरारों की जांच के लिए करीब 15-20 दिन पहले एनआईटी हमीरपुर की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन भारी बारिश और गीली मिट्टी के चलते अब तक कोई ठोस निरीक्षण या रिपोर्ट सामने नहीं आ सकी है।

इस देरी से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और लोग लगातार धरना व क्रमिक भूख हड़ताल पर डटे हुए 66 दिन हो गए हैं और आंदोलन को चले 79वें दिन हुए हैं। अभी तक प्रशासन के द्वारा इन्हें लिखित में कोई आश्वासन नहीं दिया गया है। क्रमिक भूख हड़ताल पर सोमवार को रामलाल, सुखमणि देवी, कौशल्या देवी मीना देवी तथा बंती देवी बैठे हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेलवे परियोजना के तहत बन रही टनल नंबर-17 के निर्माण के दौरान की जा रही ब्लास्टिंग से उनके घरों की नींव कमजोर हो चुकी है। नतीजतन, मकानों में गहरी दरारें आ गई हैं और बरसात के मौसम में दीवारों के गिरने का खतरा लगातार बना हुआ है। प्रशासन ने इससे पहले लोक निर्माण विभाग से भी जांच करवाई थी, लेकिन वहां से भी कोई स्पष्ट निष्कर्ष नहीं निकल पाया। इसके बाद ग्रामीणों की मांग पर एनआईटी हमीरपुर के विशेषज्ञों को निरीक्षण के लिए भेजा गया।



सोमवार को क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीण।

टीम चार बार क्षेत्र का दौरा कर चुकी है, लेकिन तकनीकी जांच का कार्य मौसम बाधित कर रहा है। रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं हुई है। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया है कि सुरंग निर्माण के चलते कई प्राकृतिक जल स्रोत सूख चुके हैं। विशेषकर स्वारघाट ब्लॉक के भुवाई, कैंची मोड़ और गरारी जैसे गांवों में पानी की भारी किल्लत हो गई है। जलस्तर में गिरावट से भविष्य में गंभीर जलसंकट की आशंका जताई जा रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन सिर्फ आश्वासन देता है, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। जब तक लिखित में मुआवजा या पुनर्वास से जुड़ा फैसला नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

### मुख्य बिंदु

- टनल निर्माण के कारण कई गांवों के घरों में दरारें
- एनआईटी हमीरपुर की टीम अब तक 4 बार कर चुकी है दौरा
- बारिश और मिट्टी की नमी से निरीक्षण रुका
- जलस्रोत सूखने की भी ग्रामीणों ने जताई चिंता

### उच्च न्यायालय ने रेल मंत्रालय को भेजा नोटिस

इस मामले को लेकर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। अदालत ने केंद्रीय रेल मंत्रालय, राज्य सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका में रेलवे परियोजना के चलते मकानों में दरारें आने और पर्यावरणीय असर को लेकर चिंता जताई गई है। ग्रामीणों की मांग है कि जब तक स्थिति का वैज्ञानिक और निष्पक्ष मूल्यांकन नहीं होता और उसके आधार पर उचित मुआवजा या पुनर्वास नीति नहीं बनाई जाती, तब तक रेलवे निर्माण कार्य को रोका जाए।

### रिपोर्ट आने के बाद उठाया जाएगा कदम : एसडीएम

**एसडीएम** सदर डॉ. राजदीप सिंह ने बताया कि नोग गांव में मकानों की वर्तमान स्थिति को लेकर एनआईटी हमीरपुर के विशेषज्ञ गहन तकनीकी जांच कर रहे हैं। टीम ने अभी तक फाइनल रिपोर्ट नहीं दी है। टीम का कहना है कि बारिश और मिट्टी गीली होने के कारण जांच कार्य में बाधा आ रही है। निरीक्षण पूरा होने के बाद ही फाइनल रिपोर्ट दी जाएगी। इसके बाद प्रशासन द्वारा अगला कदम तय किया जाएगा।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दधोल सोसायटी को मिला प्रथम पुरस्कार : जेएस पटियाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** द दधोल कृषि सहकारी समिति सीमित पड़यालग की 71वीं वार्षिक आम सभा जोरावर सिंह पटियाल की अध्यक्षता में हुई। सभा में जोरावर सिंह पटियाल ने बताया कि समिति को नाबार्ड की ओर से सहकारी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेशभर में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया, जो 18 जुलाई को शिमला में सचिव रोड नाजिम द्वारा नाबार्ड के 44वें स्थापना दिवस पर प्रदान किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमराज निखिल ने आमसभा का एजेंडा प्रस्तुत किया, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति दी। सभा में नए सदस्य प्रवेश, हिस्सा हस्तांतरण, ऋण सीमा, व्यापारिक विकास योजना, ब्याज दरें और अंकेक्षण की नियुक्ति को भी स्वीकृति मिली। इस अवसर पर उपप्रधान परमजीत, जागीर सिंह मेहता, शंकर राम कौशल, पवन कुमार गौतम, जगदीश राम शर्मा, अंजना देवी, एरीना देवी समेत बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## जरोड़ा गांव में पहली बार पहुंची एचआरटीसी बस



**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** उपतहसील भराड़ी की गाहर पंचायत के जरोड़ा गांव में पहली बार परिवहन निगम की बस पहुंचने पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। जैसे ही बस गांव में पहुंची, ग्रामीणों ने माता के जयकारों और तालियों के साथ भव्य स्वागत किया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज से बस का स्वागत किया। अब गांव तक नियमित बस सेवा शुरू होने से विद्यार्थियों, महिलाओं, किसानों और कामकाजी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पंचायत प्रतिनिधियों ने इसे विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

## बरमाणा में तीन दिवसीय गुग्गा मेला 22 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरमाणा में हर वर्ष आयोजित होने वाला गुग्गा मेला इस बार रजत जयंती के रूप में 22 से 24 अगस्त तक एसीसी स्पोर्ट्स ग्राउंड में मनाया जाएगा। मेला पहले से अधिक भव्य और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध होगा। पहली संध्या में काकू राम ठाकुर, दूसरी में करनैल राणा और अंतिम संध्या में हिमाचल पुलिस का 'हारमनी ऑफ द पाइंस' ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुति देगा। आयोजन समिति ने प्रदेशवासियों से इस ऐतिहासिक अवसर पर भाग लेने की अपील की है। बरमाणा के गुग्गा मंदिर में गुग्गा की प्रतिमाएं श्रद्धा का केंद्र बनी हुई हैं।

## जनसेवा नारायण सेवा समिति गेहड़वीं ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** जन सेवा नारायण सेवा समिति गेहड़वीं की मासिक बैठक समिति अध्यक्ष प्रकाश चंद धीमान की अध्यक्षता में हुई। इसमें संस्थापक कृष्ण सिंह चंदेल, राकेश शर्मा, उपप्रधान, सचिव, पवन चंदेल, सह सचिव, शंकरदास नड्डा, कोषाध्यक्ष जगदीश चंदेल, सदस्य, बली राम नड्डा, ओंकार चंदेल, राम कृष्ण ठाकुर, पवन चंदेल, दुनीचंद, तिलक राज, किशोरी लाल चंदेल आदि उपस्थित रहे। वहीं, समिति में दो नए सदस्यों जज्जर, सरित शर्मा बरवाड़ ने सदस्यता ग्रहण की। समिति द्वारा अंजू देवी पत्नी लाल सिंह निवासी गांव पोली डाकघर थुरान को 6000 की आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की गई, जिसका बेटा निखिल कुमार गंभीर बीमारी से पीड़ित है। कुलवंत चंदेल जज्जर, सरित शर्मा बरवाड़ ने सदस्यता ग्रहण की।

## तनयूर में की 70 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** प्रयास संस्था की ओर से झंडूता विधानसभा की बडोल देवी पंचायत के तनयूर गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। संयोजक आकाश चंदेल ने बताया कि शिविर में 30 पुरुषों और 40 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। मधुमेह के 10, जोड़ों के दर्द के 15 व अन्य 45 लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित पाए गए। डॉक्टर देवेश के नेतृत्व में फार्मासिस्ट कुसुम लता, लैब टेक्नीशियन आशीष कुमार और चालक अक्षय राव ने सेवाएं दीं। शिक्षिका रेणुका ने भी योगदान दिया।

## सेवानिवृत्ति तिथि में बदलाव का विरोध

**अनंत ज्ञान, दधोल (बिलासपुर)।** हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल रनौत ने शिक्षकों की सेवानिवृत्ति तिथि को 31 मार्च निर्धारित करने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इससे विभाग में पदोन्नति के अवसरों में कमी आएगी तथा बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलने में विलंब होगा। संघ का मानना है कि यदि रिटायरमेंट की उम्र 31 मार्च तक बढ़ाई जाती है, तो हजारों युवा, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, समय पर नौकरी से वंचित रह जाएंगे। इससे न केवल युवाओं के साथ अन्याय होगा, बल्कि सरकार पर एक साथ सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को पेंशन लाभ देने का आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा।

संघ ने सरकार से मांग की है कि सेवानिवृत्ति तिथि को यथावत रखा जाए और सभी विभागों में रिक्त पदों को शीघ्रता से भरा जाए, जिससे रोजगार और पदोन्नति दोनों प्रभावित न हों।

# बरोहा में रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने खून देकर कमाया पुण्य



इंसानियत समाज सुधार एवं विकास समिति डाहड ने बरोहा में लगाया रक्तदान शिविर।

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

**इंसानियत** समाज सुधार एवं विकास समिति डाहड द्वारा बरोहा में आयोजित रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में 50 से 60 लोगों ने भाग लिया। संस्था के प्रधान पवन चंदेल ने बताया कि अस्पतालों में रक्त की बढ़ती मांग को देखते हुए संस्था हर माह एक या दो रक्तदान शिविर आयोजित करती है।

इस शिविर में संस्था के प्रमुख सहयोगी आशीष ठाकुर, धनीराम शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, राजकुमार, सिम्मी भबोरिया, अंकिता ठाकुर और शिक्षक दिनेश शर्मा ने महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। भारतीय सेना में कार्यरत आशीष ठाकुर ने छुट्टी के दौरान न केवल शिविर में भाग लिया, बल्कि रक्तदान कर प्रेरणा भी दी। पवन चंदेल ने बताया कि अंकिता ठाकुर और सिम्मी बबोरिया ने छोटी उम्र में 13 रक्तदान शिविरों का हिस्सा बनकर समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। ये बेटियां आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। संस्था का उद्देश्य केवल रक्तदान नहीं, बल्कि समाज में सेवा और जागरूकता की भावना को मजबूत करना है।

## शराब ठेका शिफ्ट करने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्लासीं-बड्डू में खोले गए शराब के ठेके को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने सोमवार को पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग की अगवाई में एसडीएम गौरव चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एकत्रित लोगों ने तहसील परिसर के समीप धरना-प्रदर्शन भी किया। लोगों का कहना है कि ग्लासीं-बड्डू में खोले गए शराब के ठेके को शिफ्ट करने की मांग को लेकर स्थानीय लोग लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। लोग ठेके के सामने बारिश में भी प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव में शराब ठेका होने के चलते कुछ शराबी लोग महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं तथा अभद्र शब्द प्रयोग कर रहे हैं, जिससे महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही स्कूलों बच्चों पर भी गलत असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि इस ठेके को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी दो बार ज्ञापन सौंपे थे। लेकिन आज तक कोई सरकारी अधिकारी व प्रबुद्ध व्यक्ति संघर्ष स्थल पर नहीं आया। उन्होंने कहा कि शराब ठेके के खिलाफ जारी संघर्ष सोमवार को 15वें दिन में प्रवेश कर गया है। यदि भविष्य में किसी प्रकार की जन-धन की होनि होती है, तो इसके उत्तरदायी आप व सरकारी तंत्र होगा।

# डेढ़ सौ बार रक्तदान कर कर चुके सुशील सम्मानित



सुशील पुंडीर को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में सुशील पुंडीर एक ऐसा नाम और व्यक्तित्व है, जो न सिर्फ शिक्षा बल्कि, अभिनय, खिलाड़ी, कलाकार, साहित्यकार, कवि, रक्तसेवक और समाज सेवक के रूप में जाना जाता है। स्वतंत्रता दिवस पर उन्हें शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा बिलासपुर में उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान में सुशील पुंडीर ने करीब 150 बार जरूरतमंदों को रक्त देकर उनकी जान को बचाने का पुण्यार्थ कार्य किया है। अब सुशील पुंडीर 65 वर्ष आयु के हो चुके हैं। अब स्वास्थ्य विभाग के मापदंडों के अनुसार वह रक्तदान नहीं कर सकते हैं। यह फरमान सुशील पुंडीर को उस समय मिला, जब बिलासपुर के कोठीपुरा स्थित एम्स संस्थान में किसी जरूरतमंद की सेवा के लिए रक्तदान के लिए पहुंच चुके थे। इन्होंने अंतरराष्ट्रीय दिवस के मौके पर 8 मई को जीवन की इस अविरल सेवा को विश्राम दिया। सुशील पुंडीर अब युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का बीड़ा उठाए हुए हैं। युवाओं को नशे से दूर रखना तथा रक्तदान सहित अन्य समाजिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए इनके भागीरथी प्रयास अब और तेज हो गए हैं।

## पूर्व सैनिकों ने राहत कोष में दिए 1.40 लाख रुपए



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष तथा भूतपूर्व सैनिक जिला बिलासपुर के जिलाध्यक्ष सेवानिवृत्त कैप्टन बालक राम शर्मा की अगुवाई में गैलेंट 25 पंजाब रेजीमेंट के सेवानिवृत्त सैनिकों ने डीसी मंडी अपूर्व देवगन के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष में एक लाख 40 हजार रुपए का चेक भेंट किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कैप्टन नंद लाल ठाकुर, कैप्टन राज कुमार ठाकुर, सूबेदार जगदीश चंद, मदल लाल, गोपाल दास, हवलदार गोपाल ठाकुर, प्रकाश चंद, मस्त राम और लाभ सिंह उपस्थित रहे।

## बलोह में मिक्स्चर मशीन रिपेयर करते समय युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के गांव बलोह में रविवार को 45 वर्षीय संजीव कुमार की मिक्स्चर मशीन रिपेयर करते समय ऊंचाई से गिरने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। संतुलन बिगड़ने से नीचे गिरने पर गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हुई। यह घटना इलाके में शोक की लहर दौड़ा गई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से परिवार को आर्थिक सहायता की मांग की है।

# पहाड़ी दरकने से दुनाली-बतोट मार्ग अवरुद्ध

## खुंदेल व बलोठ पंचायत की कनेक्टिविटी टूटी; राहगीरों की सुरक्षा पर मंडराया खतरा, स्थायी समाधान की मांग

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

**पिछले** कई दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के चलते दुनाली-बतोट मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। रविवार रात बेलजेडी क्षेत्र में पहाड़ी दरकने से भारी-भरकम चट्टानें सड़क पर आ गिरीं, जिससे खुंदेल और बलोठ पंचायत को जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग बंद हो गया।

बलोठ पंचायत के प्रधान देवराज ने बताया कि इस मार्ग के अवरुद्ध होने से न केवल वाहनों की आवाजाही थम गई है, बल्कि स्थानीय लोगों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बेलजेडी क्षेत्र में लगातार पत्थर गिरने की घटनाएं राहगीरों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनी हुई हैं।



मूसलाधार बारिश के चलते दुनाली-बतोट मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हुआ।

राहगीरों ने भी चिंता जताते हुए कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यहां किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रह सकती है। प्रधान देवराज और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर सड़क बहाल करने और स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

# सतोली गांव में मकान ढहा बाल-बाल बचा परिवार

**अनंत ज्ञान, सलूणी**

**उपमंडल** सलूणी की ग्राम पंचायत पिछला डियूर के सतोली गांव में बीती रात जमाल दीन का मकान अचानक ढह गया। हादसे में परिवार को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। राहत की बात यह रही कि घटना के समय घर के सभी सदस्य बाहर निकल गए, जिससे किसी तरह की जान-माल की हानि नहीं हुई।

ग्रामीणों के अनुसार मकान के ढहने से घर का अधिकांश सामान मलबे में दब गया और परिवार खुले आसमान तले आ गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवार को अस्थायी मदद उपलब्ध कराई। प्रभावित परिवार ने प्रशासन से त्वरित राहत और पुनर्वास की मांग की है। वहीं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी मौके का जायजा लेकर जिला प्रशासन से शीघ्र सहायता सुनिश्चित करने की अपील की है।



**प्रशासन से प्रभावित परिवार ने मांगी त्वरित राहत**

# भारी भूस्खलन से गगल गांव संकटग्रस्त

## वार्ड पंच ने उठाई आवाज, प्रतिनिधियों संग एसडीएम से मिले ग्रामीण

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** भारी बारिश के चलते गगल गांव के कई घर भूस्खलन की चपेट में आ गए हैं। इससे पूरे गांव पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। हालात को देखते हुए वार्ड पंच शरीफ मुहम्मद ने प्रभावित क्षेत्रों की रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी और प्रभावित परिवारों के लिए उचित मुआवजे की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि आपदा ने ग्रामीणों का जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है, ऐसे में सरकार को त्वरित सहायता देनी चाहिए।

शरीफ मुहम्मद के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम चुराह अंकुर ठाकुर से मिला। इस दौरान ग्राम पंचायत देहाग्रां के प्रधान पति लोभी राम, उपप्रधान देस राज, वार्ड पंच खान मुहम्मद सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने प्रभावित परिवारों की परेशानियों को सामने रखते हुए राहत और पुनर्वास की मांग की।



वार्ड पंच शरीफ मुहम्मद के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम चुराह अंकुर ठाकुर से मिलते हुए।

### प्रशासन ने दिया हर संभव सहयोग का भरोसा

**एसडीएम** अंकुर ठाकुर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि नुकसान की रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी और मुआवजा दिलाने की पूरी कोशिश होगी। उन्होंने कहा कि भूस्खलन को रोकने और प्रभावित इलाकों को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को सांसद हर्ष महाजन ने दी शुभकामनाएं

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने महाराष्ट्र के राज्यपाल एवं वरिष्ठ राजनेता सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया है। इस घोषणा पर राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि राधाकृष्णन का सार्वजनिक जीवन सदैव देश के लिए प्रेरणादायी रहा है।



हर्ष महाजन ने बताया कि राधाकृष्णन लंबे समय से सामाजिक सरोकारों, शिक्षा, प्रशासन और संसदीय दायित्वों से जुड़े रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से उनका जुड़ाव उन्हें राष्ट्रसेवा, अनुशासन और संगठनात्मक क्षमता का प्रतीक बनाता है। उनकी सादगीपूर्ण जीवनशैली, ईमानदार छवि और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अटूट निष्ठा ने उन्हें एक आदर्श जनप्रतिनिधि का दर्जा दिलाया है।

सांसद हर्ष महाजन ने विश्वास जताया कि अपने अनुभव और दूरदृष्टि से राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन का योगदान न केवल संसद बल्कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को भी सशक्त करेगा। महाजन ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व को भी साधुवाद प्रेषित किया और अंत में कामना की कि ईश्वर राधाकृष्णन को स्वस्थ, सफल और दीर्घ सार्वजनिक जीवन प्रदान करे।

# स्कूलों में 'रूम टू रीड' अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश द्वारा रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से पूरे प्रदेश में 'रूम टू रीड अभियान' की शुरुआत की गई है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है और सरकारी विद्यालयों में जीवंत पुस्तकालय स्थापित करने की व्यापक दृष्टि का समर्थन करती है।

जिला चंबा में इस अभियान की शुरुआत केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला परछोड़ से हुई, जिसका शुभारंभ जिला उप शिक्षा निदेशक (गुणवत्ता) एवं जिला प्रयोजना अधिकारी कमलेश ठाकुर ने किया। इस अवसर पर बच्चों को समूह में बिठाकर पठन गतिविधियां शुरू की गईं। विद्यालय का पूरा स्टाफ भी मौजूद रहा। यह मुहिम 15 अगस्त से 8 सितंबर 2025 तक चलेगी। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में आनंददायक पठन आदतों का निर्माण करना है, जिससे उनकी पढ़ाई में रुचि और भाषा कौशल दोनों को मजबूती मिलेगी।

# पठानकोट से श्रद्धालुओं को लेकर मणिमहेश जा रही टैम्पो ट्रैवलर में एनएच पर लगी अचानक आग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**सोमवार** शाम राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच पर बनीखेत पेट्रोल पंप के समीप मणिमहेश यात्रा पर जा रहा एक टेंपो ट्रैवलर अचानक आग की चपेट में आ गया। यह वाहन पठानकोट से श्रद्धालुओं को लेकर भरमौर की ओर जा रहा था। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग व वाहन चालक सुरक्षित स्थानों की ओर भागे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने आशंका जताई कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है, हालांकि फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हुई है। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। तब तक वाहन पूरी तरह जलकर राख हो चुका था।

सबसे बड़ी राहत यह रही कि इस घटना में किसी भी यात्री को जानी नुकसान नहीं पहुंचा। समय रहते यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।

गौरतलब है कि इस समय मणिमहेश यात्रा पूरे जोरों पर है और प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भरमौर की ओर जा रहे हैं। ऐसे में मार्ग पर हुई इस घटना ने यात्रियों को दहशत में जरूर डाल दिया, लेकिन सभी सुरक्षित रहने से उन्होंने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन व अग्निशमन विभाग की तत्परता की सराहना की।



**अग्निशमन विभाग की टीम ने पाया आप पर काबू, सभी सुरक्षित**

# भाजपा नेता शिशु बोले, गुटबाजी से नहीं मिलेगा सशक्त नेतृत्व

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**कहा- राजनीति का मूल उद्देश्य होना चाहिए राष्ट्र निर्माण और समाजसेवा**

भाजपा नेता शिशु गुप्ता ने एक प्रेस वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि धड़ों और टुकड़ों में बंटी राजनीति कभी भी समाज को सशक्त नेतृत्व प्रदान नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि राजनीति केवल शासन की व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज की आत्मा और भविष्य का मार्गदर्शन है।



शिशु गुप्ता ने कहा कि जब राजनीति गुटबाजी में उलझ जाती है, तब सबसे बड़ा आघात जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण जैसे मूल उद्देश्यों पर होता है। इससे नेतृत्व अस्पष्ट हो जाता है, नीतियाँ केवल व्यक्तिगत या क्षेत्रीय हितों तक सीमित रह जाती हैं और जनता का लोकतंत्र पर से विश्वास डगमगाने लगता है।

उन्होंने जोर दिया कि आज समाज को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो सिद्धांतों पर आधारित हो, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर कार्य करे और समाज को जोड़ने वाला सेतु बने। गुप्ता ने कहा कि राजनीति का असली मूल्य तभी है जब वह समाज को जोड़ती है, तोड़ती नहीं।

उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि गुटबाजी से तात्कालिक लाभ भले ही मिल जाए, लेकिन इतिहास केवल उन्हीं नेताओं को याद रखता है जिन्होंने समाज को एकता और शक्ति प्रदान की। उन्होंने सभी राजनेताओं से आह्वान किया कि वे संकीर्ण स्वार्थों से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्रहित की व्यापक दृष्टि अपनाएं।

# आदर्श सोलर ग्राम के रूप में चयनित हरिपुर पंचायत

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मिलेगा एक करोड़ का अनुदान



जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रधानमंत्री** सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ज़िला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम पंचायत हरिपुर को आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में चयनित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत हरिपुर को आदर्श सोलर गांव के रूप में विकसित करने के लिए एक करोड़ रुपए की राशि अनुदान स्वरूप प्रदान की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जिला स्तरीय समिति की बैठक में दी, जो राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित हुई।

उपायुक्त ने परियोजना अधिकारी हिम ऊर्जा को निर्देश दिए कि पंचायत में सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर आमजन में जागरूकता लाने हेतु प्रचार सामग्री तैयार कर खंड विकास अधिकारियों को उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही पंचायत प्रधान को आगामी ग्राम सभा में इस विषय को चर्चा के लिए रखने को कहा गया। बैठक में कार्रवाई का संचालन परियोजना अधिकारी एवं ऊर्जा शशिकांत डोगरा ने किया और योजना के विभिन्न घटकों की जानकारी दी। समिति के गैर-सरकारी सदस्यों में ललित ठाकुर, ओंकार सिंह, दीपक राणा, विजय कुमार, पूजा शर्मा और पूजा कुमारी उपस्थित रहे। वहीं सरकारी सदस्यों में अधिशासी अभियंता विद्युत प्रवेश ठाकुर व खंड विकास अधिकारी महेश ठाकुर भी शामिल हुए।

# कंदला में 1 सितंबर को मनाया जाएगा ड्राइवर दिवस



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**ऑल** प्राइवेट ड्राइवर कल्याण संघ चंबा की बैठक सोमवार को कंदला में संघ के प्रधान मनोज टंडन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी संघ द्वारा 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ठाकुर स्टोन क्रशर, कंदला में होगा। बैठक में सभी सदस्यों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। आयोजन को खास बनाने के लिए राहुल ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

प्रधान मनोज टंडन ने कहा कि ड्राइवर दिवस, सभी ड्राइवर भाइयों की मेहनत, सम्मान और एकता को समर्पित है। कार्यक्रम के अंत में पारंपरिक चंबयाली धाम का भी आयोजन किया जाएगा।

## भारतीय पब्लिक स्कूल में चित्रकला व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता आयोजित

# विजेता बच्चों को उपहार देकर किया प्रोत्साहित

**अनंत ज्ञान, सुल्तानपुर**

**भारतीय** पब्लिक स्कूल सुल्तानपुर में चित्रकला एवं प्रोजेक्ट मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों और विजेता बच्चों को ड्रॉइंग कॉपियां, कलर्स, पेंसिल्स और बिस्किट्स प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में क्लब की प्रेसिडेंट ज्योति सम्मी, सेक्रेट्री अस्मिता अवस्थी, कोषाध्यक्ष अनिला शर्मा, एडिटर पुष्पा अमर के साथ नीरू वर्मा, सुषमा पूरी और रेणु सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक बच्चों का हौसला बढ़ाया। बच्चों में शिष्टाचार, अनुशासन और अच्छे आचरण की जागरूकता के तहत सुषमा पूरी ने बच्चों को महत्वपूर्ण शिष्टतापूर्ण बातें समझाईं। प्रधानाचार्य रिद्धि महाजन ने अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा निखारने के साथ-साथ उनमें सकारात्मक संस्कार भी भरते हैं।



### सूडोकु नवताल- 7526

*****
सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7525 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

मंगलवार, 19 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** एकादशी (05:24) **: नक्षत्र** मृगशिरा (02:06), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** हर्शाण (10:59), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:49)। **राहुकाल** (07:29-09:08)।

**विशेष दिन**

- 19 अगस्त अजा एकादशी व्रत आज।
- 19 अगस्त वत्स द्वादशी आज।

**मेषः** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृषः**कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मिथुनः** सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**कर्क**: कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**सिंहः** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी।

**कन्याः** कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**तुलाः** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिकः** कुछ आर्थिक ड्क्षचताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनुः** आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**मकरः** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभः** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीनः** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ड्क्षचता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

# 700 पदों पर भर्ती प्रक्रिया होगी शुरू

**बेरोजगार लाइब्रेरी संघ को मिला बड़ा आश्वासन**

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बेरोजगार लाइब्रेरी संघ के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। संघ के पदाधिकारियों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रकाश चौधरी और एपीएमसी चेयरमैन संजीव गुलरिया के नेतृत्व में ललिता कुमारी की अध्यक्ष में मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में 700 पदों पर लाइब्रेरियन भर्ती की अधिसूचना जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन से लंबे समय से नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों में उत्साह का माहौल है। बेरोजगार लाइब्रेरी संघ ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस कदम से हजारों युवाओं को रोजगार का रास्ता मिलेगा और प्रदेश में पुस्तकालय व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। संघ सदस्य ललिता कुमारी ने कहा कि वे लंबे समय से प्रदेश सरकार से मांग कर रहे थे कि लाइब्रेरी सेवाओं को मज़बूत करने के लिए नियमित आधार पर भर्तियां निकाली जाएं। इसके लिए कई बार सरकार से मांग की गई, अब मुख्यमंत्री द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिए जाने से बेरोजगार युवाओं को नई उम्मीद जगी है। इस मौके पर बेरोजगार लाइब्रेरी संघ के सदस्य ललिता कुमारी, देवेंद्र कुमार, निखिल, मंजू, राकेश, ममता शर्मा, रमेश, टिंकू, तारा चंद, बलवंत और अमित सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चंबा में स्वरोजगार दर्जी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू

## जिला रोजगार अधिकारी बोले-आत्मनिर्भरता की ओर युवाओं को मिल रहा नया अवसर

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान चंबा में स्वरोजगार दर्जी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वरोजगार अपनाना आज के समय की जरूरत है। ऐसे प्रशिक्षण न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं। चौहान ने प्रतिभागियों को विभिन्न करियर विकल्पों और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी ताकि वे इन अवसरों का लाभ उठाकर अपने भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बना सकें। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार ही वह माध्यम है जो युवाओं को रोजगारदाता बना सकता है, न कि केवल नौकरी तलाशने वाला। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए आयोजकों और संस्थान का आभार व्यक्त किया और भरोसा जताया कि यह प्रशिक्षण उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा।



अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, किरण कुमार** पुत्र किशोरी लाल, मकान संख्या 15 सीएसआईआर आईएचबीटी भारमात कॉलोनी होल्टा (226) तह. पालमपुर जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176061, घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने अपनी बेटी का नाम रीधिमा कौशल बदलकर रिधिमा कौशल कर दिया है। तथा बेटी के मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट में उसकी माँ का नाम रचना गलत दर्ज था। जबकि उसकी माँ का सही नाम रचना देवी है। कृपया इसे नोट करें।

**HIMACHAL PRADESH**
**RURAL DEVELOPMENT& PANCHAYATI RAJ DEPARTMENT**
**NOTICE INVITING TENDERS**

Sealed item rate tender are hereby invited by the Block Engineer (Dev) Development Block Sangrah on behalf of **the Chief Executive Officer (Panchayat Samiti) Cum Block Development Officer Development Block sangrah Distt. Sirmour H.P.** from the approved/eligible contractors registered in HPPWD/I&PH Deptt for the following works, so as to reach in this office on **Dt 20.08.2025 up to 3.00 PM** and shall be opened on same day at **3.30 PM** in the presence of intending contractors or their authorized representative who may like to be present. The tender from can be had from this office against cash payment (non-refundable) up to **11.00 AM on 20.08.2025.** The tender from will he issued to the contractor giving proof of sale tax clearance certificate, work done certificate Proof of machinery etc.

The earnest money in the shape of NSC/Time Deposit account/saving account in any of the post office in H.P. duly pledged in the name of **Block Engineer (Dev) Development Block Sangrah District Sirmour (H.P.)** must be accompanied with the application. conditional tender and tender received without earnest money will be rejected. The undersigned reserves the right to keep the tender open for **120 days.** The Assistant Engineer reserves the right to reject any or all tenders without assigning the reason. if there happens to be any holiday the same will he opened on the next working day.

| Sr. No. | Name of Work | Tender Cost (Rs.) | Earnest money | Time Limit | Cost of From |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Upgradation Panchayat Samiti Building/Asset at Dev Block Sangrah District Sirmour HP | 4,70,000/- | 9,400/- | 02 Month | 350 |

1. The tender documents shall be issued to only those contractors/forms who possess valid H.P. Sales Tax Registration under H.P. state Sales Tax ACT 1968 and production of copy of the same N.O.C. from the Excise and Taxation Department.
2. If any date mentioned above happens to be local/gazette holiday, the same shall be processed on next day.
3. The earnest money for above cited work should be submitted with the application for purchase of tender form.
4. The contractor/Firms are requested to insert the rate of each item in words as well as in figure/failing which Assistant Engineer reserve the right to accept/reject any or all tenders.

Block Engineer (Dev)
Development Block Sangrah
District Sirmour (H.P.)

**जो** शांत और प्रसन्न स्वभाव का होता है, उसे उम्र का दबाव शायद ही महसूस होगा। -प्लेटो

## संपादकीय

# शांति की उम्मीद

रूस-यूक्रेन युद्ध ने यह साबित कर दिया है कि 21वीं सदी में भी ताकत की राजनीति, सामरिक महत्वाकांक्षा और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा पूरी दुनिया को अस्थिर कर सकती है। यह संघर्ष तीन साल से अधिक समय से जारी है, लेकिन इसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। सवाल यह नहीं है कि युद्ध कब खत्म होगा, बल्कि यह है कि इसका अंत किस कीमत पर होगा और क्या यह दुनिया को ज्यादा सुरक्षित बनाएगा या और अधिक अस्थिर? आज दुनिया को एक ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो दोनों पक्षों को विश्वास में लेकर शांति की राह दिखा सके। भारत इस दिशा में सार्थक भूमिका निभा सकता है और कर भी रहा है। अगर रूस और यूक्रेन थोड़ी उदारता दिखाएं, तो आने वाले समय में यह संघर्ष खत्म होकर इतिहास का हिस्सा बन सकता है।

फरवरी 2022 में जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर सैन्य आक्रमण का आदेश दिया, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह संघर्ष इतना लंबा खिंचेगा। रूस और यूक्रेन के बीच तनातनी अचानक पैदा नहीं हुई। इसकी जड़ें वर्ष 2014 तक जाती हैं, जब रूस ने यूक्रेन के क्रीमिया प्रायद्वीप पर कब्जा कर लिया था। यही वह मोड़ था, जिसने दोनों देशों के रिश्तों में स्थायी दरार डाल दी। इसके बाद पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में रूसी समर्थित अलगाववादी और यूक्रेनी सेना के बीच लगातार झड़पें होती रहीं, लेकिन 24 फरवरी 2022 को यह विवाद एक खुले युद्ध में बदल गया और यूरोप ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद का सबसे बड़ा संघर्ष देखा। आज की स्थिति यह है कि रूस यूक्रेन के लगभग 19 से 20 प्रतिशत भू-भाग पर कब्जा जमाए हुए है। इसमें क्रीमिया, डोनबास के बड़े हिस्से, खेरसॉन और जापोरिज्जिया के क्षेत्र शामिल हैं।

लाखों लोग अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट बताती हैं कि करीब 1.4 करोड़ यूक्रेनी नागरिक या तो देश के भीतर ही शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं या फिर यूरोप के पड़ोसी देशों में जाकर शरण ले चुके हैं। युद्ध का सीधा असर यूक्रेन की अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। उद्योग चौपट हो गए, कृषि उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ और बुनियादी ढांचा खंडहर में बदल चुका है। दूसरी ओर, रूस को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा है। पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कड़े आर्थिक प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा दिया है। सैन्य मोर्चे पर भी हजारों रूसी सैनिक मारे जा चुके हैं और लाखों घायल हुए हैं। यह युद्ध केवल यूरोप तक सीमित नहीं रहा। ऊर्जा संकट, खाद्य संकट और वैश्विक महंगाई सीधे तौर पर इस संघर्ष के कारण बढ़ी है। रूस विश्व का सबसे बड़ा ऊर्जा निर्यातक है और यूक्रेन अनाज का प्रमुख उत्पादक। जब दोनों ही युद्ध में उलझ गए, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल, गैस और अनाज की आपूर्ति प्रभावित हुई।

भारत जैसे देशों को भी इसका असर झेलना पड़ा। एक ओर खाद्य वस्तुएं महंगी हुईं, दूसरी ओर कच्चे तेल की कीमतों ने बजट संतुलन बिगाड़ा। साथ ही, युद्ध ने जलवायु संकट को भी बढ़ावा दिया। विस्फोटों, बमबारी और तेल-गैस के बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान ने वायुमंडल में कार्बन उत्सर्जन को और तेज कर दिया। यूक्रेन के जंगल जल गए, शहरों के खंडहर धूल और धुएं से भर गए, और यह प्रदूषण पूरे यूरोप में फैलने लगा। अब सवाल यह है कि इस युद्ध को समाप्त कैसे किया जाए? रूस और यूक्रेन दोनों ही शांति की बात तो करते हैं, लेकिन शर्तें इतनी कठोर हैं कि समाधान तक पहुंच पाना लगभग असंभव लगता है। रूस चाहता है कि उसके कब्जे वाले क्षेत्रों को औपचारिक मान्यता मिल जाए, जबकि यूक्रेन अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं करना चाहता।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की और युद्ध विराम के लिए बातचीत की। हालांकि बैठक को अच्छा बताया गया, लेकिन कोई ठोस समझौता सामने नहीं आया। इसके समानांतर, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दोनों पक्षों से लगातार संवाद बनाए रखा है। मोदी ने कई अवसरों पर पुतिन और जेलेंस्की दोनों से बात की और यह संदेश दिया कि भारत युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर है। भारत का रुख स्पष्ट है—किसी भी समाधान में यूक्रेन की भागीदारी और संप्रभुता का सम्मान अनिवार्य होगा। इतिहास गवाह है कि हर युद्ध का अंत बातचीत से ही होता है। सवाल यह है कि रूस और यूक्रेन कब तक लड़ते रहेंगे और किस मोड़ पर बातचीत की राह खोलेंगे। भारत जैसे देश, जिनके दोनों पक्षों से अच्छे रिश्ते हैं, इस संघर्ष में मध्यस्थता की महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में पुतिन और जेलेंस्की दोनों से बातचीत कर शांति का संदेश दिया है।

हालांकि अभी समाधान दूर नजर आता है, लेकिन इन कोशिशों से उम्मीद जिंदा है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति का सच यही है कि शांति की राह कभी सीधी नहीं होती। लंबी जद्दोजहद, असफल वार्ताओं और अनगिनत कोशिशों के बाद ही समाधान निकलता है। रूस और यूक्रेन के बीच भी यही होगा। आज भले ही दोनों पक्ष अपने-अपने मोर्चों पर अड़े हुए हों, लेकिन थकान, मानवीय त्रासदी और आर्थिक बोझ अंततः उन्हें बातचीत की मेज तक खींच लाएंगे। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के नौवें राष्ट्रपति

**डॉ.** शंकरदयाल शर्मा भारत के नवें राष्ट्रपति थे। शंकरदयाल शर्मा मध्य प्रदेश के पहले ऐसे व्यक्ति रहे, जो अपनी विद्वता, सुदीर्घ राजनीतिक समझबूझ, समर्पण और देश-प्रेम के बल पर भारत के राष्ट्रपति बने। इन्होंने 'भारत के स्वतंत्रता संग्राम' में मुख्य रूप से भाग लिया था। शंकरदयाल शर्मा ने 1992 में भारत के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति का कार्यभार ग्रहण किया था। अब यह मध्य प्रदेश में है। इनके पिता का नाम पंडित खुशीलाल शर्मा था और वह एक प्रसिद्ध वैद्य थे। इनकी माता का नाम सुभद्रा देवी था। डॉ. शंकरदयाल शर्मा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय 'दिगंबर जैन स्कूल' में हासिल की थी। उन्होंने 'सेंट जोंस कॉलेज', आगरा और बाद में इलाहाबाद विश्वविद्यालय और लखनऊ विश्वविद्यालय से एल एलबी की उपाधि प्राप्त की। 7 मई 1950 में श्री शंकरदयाल शर्मा का विवाह विमला शर्मा के साथ संपन्न हुआ। शर्मा दंपती को दो पुत्र एवं दो पुत्रियों की प्राप्ति हुई। विवाह के बाद विमला शर्मा समाज सेवा के कार्यों में व्यस्त रहती थीं। 1985 में वह उदयपुरा क्षेत्र से मध्य प्रदेश विधानसभा की विधायिका चुनी गईं। इस सीट से यह प्रथम महिला विधायिका निर्वाचित हुई थीं। ■



**डॉ. शंकरदयाल शर्मा**
**जन्म :** 19 अगस्त, 1918
**मृत्यु :** 26 दिसंबर, 1999



कविता

## तन्हा तन्हा

*राकेश रुखसार, केसीसी बैंक, थुरल*

*तन्हा तन्हा सा रहता हूं, सूखे दरिया सा बहता हूं।*
*मीठा झूठ आता नहीं, सच कड़वा सा कहता हूं।*
*मसरूफ है हर कोई यहां, वजम भी खामोश सी है।*
*नजम पूरी सुनेगा कौन यहां, फकत मतला सा कहता हूं।*
*अश्क हूं तकदीर का मारा हुआ,*
*रंक हूं हर दरबार से हारा हुआ ।*
*बंद हो पलक तो सिसकता हूं,*
*खुले तो रुखसार तक बहता हूं।*
*दिल में रहा तो सुकून से जिया, आंखों से आया तो टपका दिया।*
*कभी फलक में तो कभी जमीं पर, संभलता हूं और फिर ढहता हूं।*
*तन्हा तन्हा सा रहता हूं, सूखे दरिया सा बहता हूं।*
*मीठा झूठ आता नहीं, सच कड़वा सा कहता हूं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारत की सैन्य ताकत से बेचैन अमेरिका और पाकिस्तान



इसे इत्तेफाक कहें या सैन्य ताकत का जलवा। अमेरिका तथा पाकिस्तान दोनों मुल्कों की जम्हूरियत पर फौजी जरनैलों की ही हुकूमत रही है। दुनिया के सबसे ताकतवर देशों में शुमार अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर आसीन होने वाले 30 से ज्यादा राष्ट्रपतियों ने अमेरिका की सेनाओं में पेशेवर सैनिक के रूप में अपनी सैन्य सेवाएं दी थी। अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन खुद एक सैनिक थे। इसके अलावा जेम्स मेडिसिन, एंड्रयू जैक्सन, विलियम हैरिसन, जॉन टायलर, जेम्स पोलक, जैफरी टेलर, अब्राहम लिंकन तथा जापान पर परमाणु हमले को स्वीकृत करने वाले हैरी एस ट्रूमैन जैसे राष्ट्रपति अमेरिकी सेनाओं के पूर्व सैनिक थे। सन् 1990 के दौर में अमेरिका के 41वें राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश ने सन् 1968 की वियतनाम जंग में फायटर पायलट के तौर पर ड्यूटी निभाई थी।

भावार्थ यह है कि अमेरिका की सत्ता पर काबिज रहने वाले फौजी हुक्मरानों की तरबियत व तालीम आग उगलने वाले हथियारों तथा बारूद बरसाने वाले लड़ाकू विमानों के साए में हुई है। पाकिस्तान की जम्हूरियत को कुचलने वाले पाक जरनैलों की परवरिश कट्टरपंथ के मजहबी मकतबों में हुई है। मगर हिंदोस्तान के जम्हूरी निजाम में सैन्य क्षेत्र का अनुभव रखने वाले वेटरन्स को कभी तरजीह नहीं दी गई। दुनिया की चौथी बड़ी भारतीय सैन्य ताकत तथा फराज छू रही मईशत से अमेरिका तथा पाकिस्तान एक मुद्दत से बेचैन हैं। दोनों मुल्कों की बेचैनी को समझने के लिए तारीख के पन्ने खंगालने होंगे। पाकिस्तान वजूद में आते ही अमेरिका का कठपुतली बन गया था। अमेरिकी सेना के दिग्गज जरनैल रहे 'डेविड डी आइजनहावर' सन् 1954 में अमेरिका के राष्ट्रपति बने। आइजनहावर ने पाकिस्तान को एशिया में अमेरिका का सबसे सहयोगी मित्र बताया था। मई 1954 में पाक वजीरे आजम 'मोहम्मद अली बोगरा' तथा आइजनहावर के बीच रक्षा समझौता हुआ। अमेरिका ने पाक सेना को लड़ाकू विमानों, पैटन टैंकों व तोपों तथा गोला बारूद से लैस करके भारत को चुनौती पेश कर दी थी। पाक हुक्मरानों ने उस एहसान के बदले आइजनहावर को पाक के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से सरफराज कर दिया था।



**प्रताप सिंह पटियाल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दो विश्व युद्धों में भाग लेने वाले अमेरिकी आर्म्ड कोर के जनरल 'जार्ज एस पैटन' ओलंपियन खिलाड़ी भी थे। उसी दिग्गज जरनैल के सम्मान में अमेरिका ने टैंकों का नाम पैटन टैंक रखा था। वही टैंक अमेरिका ने पाकिस्तान को दिए थे। खैरात में मिले दूसरी जंग-ए-अजीम के उन पैटन टैंकों के दम पर पाक जरनैल अयूब खान भारत पर कब्जा करने का जहालत भरा ख्वाब देखने लगे। आखिर अगस्त 1965 में पाक सेना ने भारत पर हमला कर दिया। मगर भारतीय सेना ने पलटवार करके खेमकरण सेक्टर में पूरे पाक पैटन टैंक डिवीजन को कब्रिस्तान में तब्दील करके पाकिस्तान के साथ अमेरिका को भी आईना दिखा दिया था। अमेरिकी नौसेना के पूर्व सैनिक रिचर्ड निक्सन सन् 1971 में अमेरिका के राष्ट्रपति थे। पाक हुक्मरानों ने अगस्त 1969 में रिचर्ड निक्सन को भी निशान-ए-पाकिस्तान से नवाजा था। सन् 1971 की भारत-पाक जंग में निक्सन ने एडमिरल 'जॉन मेकेन' के नेतृत्व में अमेरिका का सातवां जंगी बेड़ा 'यूएसएस एंटरप्राइस' पाक सेना की मदद के लिए बंगाल की खाड़ी में तैनात कर दिया। लेकिन भारतीय सेना ने बेखौफ अंदाज में पूर्वी पाक को नए मुल्क बांग्लादेश में तब्दील करके अमेरिका सहित पूरी दुनिया को भारत की सैन्य ताकत से मुखातिब करा दिया था।

सन् 1999 की कारगिल जंग में पाक सेना की आबरू बचाने के लिए वजीरे आजम नवाज शरीफ को बिल क्लिंटन की खुशामद करनी पड़ी। अन्यथा भारतीय सेना पीओके में घुस जाती। पिछले कुछ समय से अमेरिका ने पाक वायुसेना को एफ-16 लड़ाकू विमानों से लैस कर दिया है। 22 फरवरी 2019 को बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान भारतीय जांबाज पायलट ने पाकिस्तान का एफ-16 विमान मार गिराया था। मई 2025 में आपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिका से पाकिस्तान को खैरात में मिले एफ-16 को भारतीय वायुसेना ने बर्बाद करके अमेरिका को आलमी सतह पर एक बार फिर बेआबरू कर दिया। भारतीय सेना द्वारा चार युद्धों में शर्मनाक शिकस्त का दंश झेल चुके पाकिस्तान ने अपने आका अमेरिका को भी आलमी सतह पर जिल्लत झेलने के लिए मजबूर कर दिया है। लिहाजा पाकिस्तान के साथ अमेरिका की बेचैनी तथा खुन्नस को समझा जा सकता है।

27 जुलाई 2025 को पाक राष्ट्रपति ने एवान-ए-सदर में अमेरिका की सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल 'माइकल कुरिल्ला' को पाकिस्तान के सैन्य एजाज निशान-ए-इम्तियाज से सरफराज किया। यह सैन्य सम्मान 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रहार से पाकिस्तान की बेचैनी को जाहिर करता है। पाक सदर ने अगस्त 2024 में चीन की ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर जनरल 'ली किया ओमिंग' को भी 'निशान ए इम्तियाज' से नवाजा तथा अप्रैल 2015 को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को निशान ए पाकिस्तान से सरफराज किया था।

जून 2025 में अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करके दलील पेश की थी कि ईरान का परमाणु संपन्न मुल्क बन जाना वैश्विक शांति के लिए खतरा है, लेकिन भारत के पड़ोस में आतंक की दारूल हुकूमत पाकिस्तान अपना परमाणु जखीरा लगातार बढ़ा रहा है। जो कि भारत के लिए सीधी चुनौती है। कश्मीर में भारतीय सेना द्वारा जहन्नुम की परवाज पर भेजे जा रहे आतंकियों के पास अमेरिका में बनी एम4 कारबाइन असॉल्ट राइफल जैसे हथियार बरामद हो रहे हैं। मगर पाकिस्तान की उल्फत का परवाना अमेरिका इन मुद्दों पर मशकूक किरदार अदा कर रहा है। ताकतवर सैन्यशक्ति वाले देश ही महाशक्ति के रूप में जाने जाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान पर ब्रह्मोस के अचूक प्रहारों से भारतीय सेना ने दुनिया को पैगाम नसर कर दिया कि हिंद की सेना जश्न-ए-जम्हूरिया के मौके पर नुमाइश करने वाले अपने हथियारों की वक्त आने पर आजमाइश भी करती है। हमें गर्व है कि भारत के पास दुनिया की बेहतरीन सैन्य ताकत है। इसी सैन्य ताकत के खौफ से बेचैन हो चुके डोनाल्ड ट्रंप का भारत पर टैरिफ अटैक तथा पाकिस्तान से नजदीकियां एक बड़े मंसूबे की ओर इशारा करता हैं। अतः भारत को हर चुनौती के लिए मुश्तैद रहना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# अभी भी वक्त है प्रकृति से छेड़छाड़ मत कीजिए

प्रकृति भेदभाव नहीं करती, लेकिन इंसान ने प्रकृति को इतने जख्म दिए हैं कि प्रकृति बदला लेने पर मजबूर हो गई है और तबाही की इबारत लिख रही है। अभी भी वक्त है प्रकृति से छेड़छाड़ मत कीजिए। देवभूमि हिमाचल में बरसात से हो रहा तबाही तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। तबाही का यह मंजर बहुत ही खौफनाक है। किन्नौर से भरमौर तक बरसात का कहर बरप रहा है। चारों तरफ तबाही ही तबाही हो रही है। प्रतिदिन बादल फट रहे हैं।



**विक्रम डोगरा**
नागचला, मंडी

पहाड़ दरक रहे हैं। बाढ़ आ रही है। भूस्खलन हो रहे हैं। बरसात ने अनमोल जिंदगियां लील ली हैं, अभी भी काफी लोग लापता हैं। 30 जून को मंडी के सराज में बादल फटने से हुई तबाही का मंजर देखकर आत्म सिहर उठती है, पल भर में प्रलय हो गया चंद सेकंड में लोगों के आलीशान आशियाने मिट्टी में मिल धराशायी हो गए। सराज में हुई इस प्राकृतिक आपदा में दर्जनों लोग बह गए, दब गए। सराज के बाद मंडी में भी बादल फटने की घटना हुई, जिसमें तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सयांज के पंगलियूर में एक ही परिवार के नौ लोग बह गए थे।

सैंज में भी बाप बेटी की बाढ़ में बहने से मौत हो गई थी। बेकसूर लोग अकाल ही मौत के आगोश में समाते जा रहे हैं। प्रकृति इंसान को आगाह करती रहती है, मगर इंसान मनमानी से बाज नहीं आ रहा है और अपनी गलतियों का खामियाजा भुगत रहा है। फोरलेन व अन्य सड़कों को बनाने के लिए पहाड़ियों को काटा जा रहा है, जिससे



पहाड़ हिल गए हैं और दरक रहे हैं। गाड़ियों पर पहाड़ों से पत्थर गिर रहे हैं, लोग बेमौत मर रहे हैं, इंसान ने खड्डों व नालों के किनारे मकानों के निर्माण किए हैं, जिससे नालों का पानी अवरुद्ध हो रहा है, फिर पानी के तेज बहाव में सब कुछ बह रहा है। पेड़ों को काटा जा रहा है, इस तबाही के लिए इंसान खुद जिम्मेदार है। बरसात करोड़ों की संपत्ति बहा ले गई और बेजुबान पशु बह गए और जानमाल का नुकसान हुआ है।

प्रतिवर्ष बरसात से नुकसान होता है, लेकिन इंसान सबक नहीं लेता, अगर सबक लेता तो यह तबाही रुक सकती है। सैंज, करसोग, मंडी रामपुर, श्रीखंड में बहुत तबाही हुई है, इंसान को सबक लेना चाहिए। प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती, प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता, प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा व पानी दे रही है। मानव कृतध्न बनता जा रहा है। मानव ने स्वार्थों की पूर्ति के लिए प्रकृति को लहूलुहान किया है। आज प्रकृति ने अपना बदला ले लिया है। अतीत में की गए कुकर्मों का पश्चाताप कर रहे है।

प्रकृति ने मानव को समय-समय पर आगाह किया, मगर इंटरनेट की दुनिया के जाल में फंसा मानव खुद को प्रकृति से बड़ा माने लगा था उसे यह आभास नहीं था कि प्रकृति सबसे बड़ी गुरु है। प्रकृति ने बहुत कुछ सहा है चारों तरफ गंदगी है वातावरण अशुद्ध हो गया है। वातवरण कि शुद्धि के लिए प्रकृति मजबूर हो गई और मगरूर हो चुके इंसान का गुरूर तोड़ कर रख दिया है। अनजाने में हुई भूल को माफ किया जा सकता है, मगर जानबूझकर की गई गलतियों की सजा प्रकृति ने मानव को दे दी है। मानव को जीवन और मौत की परिभाषा सिखा दी है। यह प्रलय की आहट है।

कुदरत ने भटक चुके मानव को पाप और पुण्य का अंतर समझा दिया है। प्रकृति का एक संदेश है भटक चुके व अहंकारी इंसान के लिए जो कुदरत से खिलवाड़ करता था। प्रकृति के प्रकोप से बचना है तो मानव को अपनी जीवन शैली बदलनी होगी, छेड़छाड़ बंद करनी होगी। पुलिस व अग्निशमन के कर्मचारियों को भी समय-समय पर ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए। अगर सभी लोग आपदा से बचाव के तरीके समझ जाएंगे, तो तबाही कम हो सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**मोबाइल** फोन आज के युग में हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। पहले यह सिर्फ बात करने के लिए इस्तेमाल होता था, लेकिन अब यह एक स्मार्ट डिवाइस बन गया है। इसके माध्यम से हम इंटरनेट, सोशल मीडिया, वीडियो कॉल, ऑनलाइन क्लास, शॉपिंग और बैंकिंग जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। यह हमारी जीवनशैली को आसान और तेज बनाता है। आजकल बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई मोबाइल का इस्तेमाल करता है। हालांकि, इसके अधिक प्रयोग से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है, जैसे आंखों की समस्या, नींद की कमी और मानसिक तनाव। हमें मोबाइल का उपयोग संतुलित तरीके से करना चाहिए। यदि इसका सही और सीमित उपयोग किया जाए, तो यह हमारे लिए एक वरदान साबित हो सकता है। **दीपक सिंह, शाहपुर**

# ब्रेक द फेक न्यूज : चलिए...सनसनी से सच्चाई की ओर

चाइनीज विस्पर्स, कुछ लोग जिसे टेलिफोन गेम के नाम से भी जानते हैं, याद है? इस खेल में कहा गया वाक्य पहले कान से आखिरी कान तक पहुंचते-पहुंचते इतना बदल जाता है कि अंत में उसकी पहचान ही मुश्किल हो जाती है। बचपन में यह केवल रोमांचित करने वाला खेल लगता था, पर आज वही प्रवृत्ति डिजिटल दुनिया में खतरनाक रूप ले चुकी है। मनुष्य का मन-मस्तिष्क सनसनीखेज और रहस्यमई बातों से प्रभावित होने में, उन्हें फैलाने में तथा आधी-अधूरी बातों से मनगढ़ंत निष्कर्ष निकालने में तेज होता है और सोशल मीडिया ने इस आदत को जैसे पंख दे दिए हैं-अब कुछ ही क्लिक्स में, कोई भी व्यक्ति लाखों लोगों तक प्रस्तावित बात पहुंचा सकता है, चाहे वह पूरी तरह गलत क्यों न हो। अक्सर ऐसी डिजिटल अफवाहें *Clickbait* तकनीक के जरिए फैलती हैं-ऐसी हेडलाइन जो जिज्ञासा को उकसाए, भावनाओं को भड़काए और हमें क्लिक करने पर मजबूर कर जाए। अदाहरणार्थ देखिए 'आप यकीन नहीं करेंगे कि इस एक्टर के घर से क्या मिला' 'पांच मिनट में अमीर बनने का तरीका-चौथा तरीका आपको हिला देगा' 1710 में जोनाथन स्विफ्ट ने अपने एक लिख में लिखा था,'*Falsehood flies, and the truth comes limping after it*' ('झूठ उड़ जाता है और सच लंगड़ाता हुआ पीछे-पीछे आता है।')। **फेक न्यूज़ के असली मकसद:** इतिहास गवाह है किस कद्र अफवाहें युद्ध की आग भड़का सकती हैं, अर्थव्यवस्था हिला सकती हैं और लोकतंत्र में अविश्वास की दीमक लगा सकती हैं। इसका असर केवल व्यक्ति की सोच तक सीमित नहीं रहता।



**अन्नू रानी शर्मा**
स्वतंत्र लेखिका

**फेक न्यूज अक्सर इन मुख कारणों से फैलाई जाती है :** भावनाओं का दोहन करना-डर, गुस्से और पूर्वाग्रह को भड़काना।



पहचान का ध्रुवीकरण करना- 'हम बनाम वे' की सोच को मजबूत करना।

सूचना का सैलाब- इतनी जानकारी प्रेषित करना कि सत्यापन का समय ही न मिले।

*Confirmation Bias*- वही मानना जो हमारे पहले से बने विचारों से मेल खाता हो।

कौन फंसता है इस जाल में-यह मान लेना गलत है कि केवल अशिक्षित ही शिकार बनते हैं। पढ़े-लिखे लोग भी भावनात्मक उकसाहट और अपने पूर्वाग्रहों के कारण गलत सूचना साझा कर बैठते हैं। उदाहरण के तौर पर कुछ समय पहले फेसबुक पर एक 'वायरल डिस्क्लेमर' फैला जिसमें दावा था कि यह पोस्ट करने से आपका डेटा चोरी होने से बच जाएगा।

**बचाव:** मानसिक अनुशासन और सत्यापन फेक न्यूज पर केवल कानून या तकनीकी नियंत्रण से काबू पाना संभव नहीं।

**सच की जांच:** कदम पांच + जरूरी टूल्स

**स्रोत की जांच:** न्यूज का असली स्रोत, तारीख और लेखक का नाम अवश्य देखें।

अंतरराष्ट्रीय-*Whois Lookup, Google Search* भारत-विशेष-*Press Information Bureau (PIB) Fact Check*

**Cross Verification-** कम से कम दो विश्वसनीय स्रोतों से तुलना करें।

अंतरराष्ट्रीय-*Snopes, PolitiFact*
भारत-विशेष-*Alt News, Boom Live, Factly, India Today Fact Check*

**हेडलाइन से आगे पढ़ें:** केवल शीर्षक देखकर शेयर न करें। *Google News Aggregator, The Hindu, The Indian E&press*

**फोटो/वीडियो सत्यापित करें:** रिवर्स इमेज सर्च या वीडियो वेरिफिकेशन टूल का इस्तेमाल करें। अंतरराष्ट्रीय-*Google Reverse Image Search, TinEye, InVID*
भारत-विशेष- *SM Hoa& Slayer*

**भावनात्मक प्रतिक्रिया पर नियंत्रण:** अगर कोई खबर आपको आक्रोशित, भयभीत या उत्तेजित कर रही है, तो तुरंत शेयर न करें। शांत मन से पुनः विचार करें।
अंतरराष्ट्रीय-*Mindfulness Apps (Headspace, Calm)*

अंत में यही कहूंगी कि सच्ची जानकारी प्रेषित करना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। ऐसा करना केवल हमारी जागरूकता ही नहीं दिखाता अपितु सामाजिक दायित्व के प्रति हमारी कटिबद्धता भी दिखाता है। जब हर व्यक्ति जिम्मेदार होकर जानकारी की जांच करेगा, तो यह '*Digital Chinese Whisper*' अपने दुष्प्रभाव दिखा ही नहीं पाएगी और हमारा समाज एक मजबूत, सूचित और एकजुट समाज बन पाएगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल:कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान का सच

भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती की नींव उसकी संवैधानिक संस्थाएं हैं, लेकिन सवाल तब गंभीर हो जाते हैं जब इन्हीं संस्थाओं को बचाने का दावा करने वाले दल का इतिहास और वर्तमान, इन्हें कमजोर करने की लंबी सूची से भरा पड़ा हो। आज कांग्रेस और उसके सहयोगी संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा की दुहाई देते हैं, तो इतिहास के पन्ने पलटकर सच सामने रखना जरूरी हो जाता है।

**विभाजन से पहले का सत्ता संघर्ष-आंतरिक लोकतंत्र की पहली हत्या:** 1946 में, विभाजन से पहले बनी अंतरिम सरकार में प्रधानमंत्री के चयन के लिए कांग्रेस की 15 प्रांतीय समितियों से नामांकन हुए। सरदार वल्लभभाई पटेल को 14 समितियों का समर्थन मिला, जबकि पंडित जवाहरलाल नेहरू को केवल एक। लोकतांत्रिक परंपरा के मुताबिक प्रधानमंत्री पटेल को बनना चाहिए था, लेकिन महात्मा गांधी के दबाव में पटेल को पत्र लिखकर अपना दावा छोड़ना पड़ा और नेहरू को पद सौंप दिया गया। यह कांग्रेस के भीतर आंतरिक लोकतंत्र पर पहला बड़ा प्रश्नचिह्न था।



**श्रेय अवस्थी**
हिमाचल प्रदेश अनइंप्लॉयड यूथ फेडरेशन राज्य संयोजक

**कांग्रेस अध्यक्ष पद और वोट हेराफेरी:** इसी दौर में, मौलाना अबुल कलाम आजाद को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने के लिए पर्दे के पीछे जोड़-तोड़ और वोट की हेराफेरी हुई। सत्ता की



सीढ़ियां चढ़ने के लिए कांग्रेस में 'लोकतांत्रिक प्रक्रिया' को कैसे दरकिनार किया जाता था, यह इसका सटीक उदाहरण है।

**सोनिया गांधी का नागरिकता विवाद** :1980 में सोनिया गांधी ने कांग्रेस के आंतरिक मतदान में भाग लिया, जबकि आधिकारिक रूप से वे अप्रैल 1983 में भारतीय नागरिक बनीं। नागरिकता प्राप्त करने से पहले ही वोट का अधिकार मिलना लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सीधा सवाल है।

**राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता का मामला:** राहुल गांधी एक ब्रिटिश कंपनी के निदेशक रहे हैं। ब्रिटिश कानून के अनुसार कंपनी का निदेशक केवल ब्रिटिश नागरिक हो सकता है। इसका सीधा मतलब—उन्होंने ब्रिटिश नागरिकता ली थी।

**वोटर आईडी में गड़बड़ी और दोहरे मानदंड:** विपक्षी गठबंधन INDIA के नेता तेजस्वी यादव के पास दो-दो वोटर आईडी कार्ड पाए गए। विडंबना यह है कि यही लोग भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाते हैं, जबकि उनके अपने रिकॉर्ड संदेहों से भरे हैं।

**2014 से पहले का भ्रष्टाचार साम्राज्य** : कांग्रेस शासन में 2014 से पहले रॉबर्ट वाड्रा जमीन सौदों से करोड़ों कमाते थे। पी. चिदंबरम के परिवार पर आरोप था कि वे गमलों में 'लाखों की सब्जी' उगाकर काला धन सफेद करते थे। सत्ता के जरिए अपार संपत्ति अर्जित करना उस दौर में आम बात थी, लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद इन 'धंधों' पर विराम लग गया।

**जमानत पर नेता और संवैधानिक भाषण:** आज राहुल गांधी कई मामलों में जमानत पर हैं, फिर भी संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा पर भाषण देते हैं। यह विरोधाभास जनता के सामने कांग्रेस की राजनीतिक नैतिकता पर सवाल खड़ा करता है।

**आपातकाल-लोकतंत्र पर कांग्रेस का सबसे बड़ा हमला:**1975 का आपातकाल कांग्रेस की सरकार ने लगाया था। प्रेस की आजादी छीन ली गई, विपक्षी नेताओं को जेल में डाला गया और मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए। यह भारतीय लोकतंत्र पर कांग्रेस द्वारा किया गया सबसे बड़ा हमला था।

**चिंता लोकतंत्र की या सत्ता की?:** कांग्रेस और उसके नेता जब संवैधानिक संस्थाओं की दुहाई देते हैं, तो यह सवाल उठना लाज़मी है—क्या यह चिंता लोकतंत्र के लिए है या सिर्फ अपनी राजनीतिक जमीन बचाने के लिए? इतिहास और वर्तमान, दोनों बताते हैं कि कांग्रेस का रिकॉर्ड इन संस्थाओं को अपने हित में इस्तेमाल करने और कमजोर करने का रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# आपदा में फंसे 1300 यात्री किए रेस्क्यू

## भारी बारिश व भूस्खलन के कारण बंद मुख्य सड़कों को बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी : उपायुक्त

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि भारी बारिश एवं भूस्खलन के कारण बाधित मंडी-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग को सोमवार दोपहर बाद यातायात के लिए खोल दिया गया है। इस दौरान विभिन्न स्थानों में ठहरे यात्रियों व अन्य लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि गत दिवस भारी बारिश व भूस्खलन के कारण जिला के विभिन्न क्षेत्रों में आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग का मंडी से कुल्लू तक का भाग मूसलाधार बारिश व


एसडीएम मंडी सदर बथेरी क्षेत्र में राहत कार्यों का जायजा लेते हुए।

फ्लैश फ्लड के चलते औट, पनारसा, टकोली, थलौट सहित अनेक स्थानों पर बाधित हो गया था। स्थानीय प्रशासन ने संबंधित

**मंडी-कुल्लू एनएच पर दोनों ओर यातायात बहाल**

विभागों व एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आज दोपहर बाद इस सड़क मार्ग को यातायात के लिए खोल दिया है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय से लगातार राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की जा रही है। एसडीएम बालीचौकी देवीराम को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और राहत एवं बचाव कार्यों के दृष्टिगत सभी संबंधितों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। राहत से संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई जारी है।

अपूर्व देवगन ने बताया कि विभिन्न जगहों पर रुके यात्रियों को सुरक्षित निकालने का कार्य शुरू कर दिया गया है। लगभग 1300 लोगों को इन स्थानों से सुरक्षित निकाला गया है। इनमें स्थानीय लोगों के अलावा देश-विदेश से आए यात्री भी शामिल हैं। उपायुक्त ने बताया कि द्रंग विधानसभा क्षेत्र के कटौला से आगे बथेरी में भारी बारिश व फ्लैश फ्लड की घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य जारी हैं। एसडीएम सदर रुपिंदर कौर ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

# बीज गुणन फार्म छातर और गुडेहरी की जमीन को मीर बख्श के नाम हस्तांतरित करने के खिलाफ आवाज तेज

**किसान संगठन न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे**

अनंत ज्ञान, नेरचौक

**जिला** मंडी के कृषि विभाग से संबंधित बीज गुणन फार्म छातर एवं गुडेहरी की जमीन को मीर बख्श के नाम हस्तांतरित करने की प्रक्रिया के खिलाफ अब आवाज तेज हो गई है। कृषि विशेषज्ञों और सेवानिवृत्त अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि यह भूमि केवल किसानों के हित और बीज उत्पादन के उद्देश्य से ही सुरक्षित रखी जाए।

सेवानिवृत्त कृषि विशेषज्ञों डॉ. वेद प्रकाश शर्मा, डॉ. ओआर शर्मा, डॉ. प्रकाश कटोच, डॉ. प्रकाश राणा, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. सुधीर वशिष्ठ, डॉ. अजय चौहान, डॉ. सुरेश शर्मा और अन्य अधिकारियों का कहना है कि यदि यह जमीन निजी हाथों में चली गई तो सरकारी बीज उत्पादन पर गहरा असर पड़ेगा।

### कृषि विभाग के अनुसार संभावित प्रभाव

**सरकारी** बीज उत्पादन में 35-40 प्रतिशत तक कमी होगी, जिस कारण किसानों के लिए बीज कीमतों में 20-30 प्रतिशत तक वृद्धि होना स्वाभाविक है। इस कारण किसानों को निजी विक्रेताओं से महंगे दाम पर बीज खरीदने की मजबूर होना पड़ेगा। किसान हितैषी संगठनों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस भूमि को हर हाल में कृषि विभाग के पास ही सुरक्षित रखा जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो किसान संगठन न्यायालय की शरण लेने को मजबूर होंगे।

### मीर बख्श की 110 बीघा भूमि पर खींचतान

**नेरचौक** निवासी मीर बख्श की करीब 110 बीघा भूमि के बड़े हिस्से पर लंबे समय से सरकारी कार्यालय और नेरचौक मेडिकल कॉलेज बने हुए हैं। मीर बख्श ने इस मामले में उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जहां से उन्हें न्याय मिला और प्रदेश सरकार को भूमि वापस देने के आदेश दिए गए। लेकिन सरकार की धीमी कार्रवाई के चलते उन्हें दोबारा अदालत का सहारा लेना पड़ा। अब सरकार उक्त भूमि मीर बख्श को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया में है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिद्धपुर के अनिरुद्ध का एमबीबीएस में चयन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिद्धपुर के गुजर गहा गांव के होनहार युवा अनिरुद्ध सिंह ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. गुलाब सिंह के पोते तथा सीमा देवी व सूबेदार वीरेंद्र कुमार (भारतीय सेना) के सुपुत्र अनिरुद्ध सिंह का चयन लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में एमबीबीएस पाठ्यक्रम हेतु हुआ है। अनिरुद्ध की प्रारंभिक शिक्षा आर्मी स्कूलों में हुई और उन्होंने 12वीं कक्षा आर्मी स्कूल देहरादून से पूरी की। उनकी सफलता में परिवारजन, दादी शकुंतला देवी, ताऊ-ताई एवं चाचा-चाची का मार्गदर्शन और आशीर्वाद अहम रहा। पंचायतवासी भी उनकी इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हैं।

### 21 से 24 तक बंद रहेंगे कपड़े के प्रतिष्ठान

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** कपड़ा एसोसिएशन जोगिंद्रनगर की बैठक एसोसिएशन प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जोगिंद्रनगर के सभी कपड़ा व्यापारी 21 से 24 अगस्त तक चार दिनों का अवकाश रखेंगे। प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अलग-अलग ड्रेस कोड लागू होने से अभिभावकों और दुकानदारों दोनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री से हस्तक्षेप करने की अपील की है। बैठक के दौरान प्रदेश के विभिन्न इलाकों में हाल ही में बादल फटने से हुई तबाही पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और भगवान से प्रार्थना की गई।

### जोगिंद्रनगर में बने तीन नए पोलिंग बूथ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** चुनाव आयोग के नए दिशा-निर्देशों के तहत जिन बूथों में 1180 से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं, वहां नए पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसी क्रम में जोगिंद्रनगर उपमंडल में तीन नए पोलिंग बूथ गठित करने का निर्णय लिया गया है। एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता एसडीएम ने की। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। निर्णय के अनुसार नए बूथ स्तैन से तलकेहड़, योरा से ढेलू हार और मसोली से छतर में बनाए जाएंगे। एसडीएम ने कहा कि इन बूथों के गठन से मतदाताओं को नजदीकी स्थान पर मतदान की सुविधा मिलेगी और भीड़भाड़ कम होगी। इससे मतदान प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी व सुगम बनेगी तथा मतदान प्रतिशत में भी बढ़ोतरी होगी। बैठक में सभी दलों ने इस निर्णय का स्वागत किया और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### परिजनों को सौंपी 2 लाख की सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत उपमंडल सरकाघाट के गांव वैहन्जी निवासी अभिषेक कुमार पुत्र कुलदीप कुमार के परिवार



को आर्थिक संबल मिला है। अभिषेक की हाल ही में पुणे, महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। अभिषेक का बचत खाता प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा गोपालपुर में था और उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भी ले रखी थी। योजना के अंतर्गत उनकी माता कुंता देवी को बीमा की पूरी राशि दो लाख रुपए बैंक खाते के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई है। शाखा प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि मात्र 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 18 से 50 वर्ष तक का कोई भी नागरिक इस योजना का लाभ ले सकता है। उन्होंने ग्राहकों से समय पर प्रीमियम भरने और योजना से जुड़ने का आग्रह किया।

### एंटी रैगिंग सप्ताह पर छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अप्पर भांबला स्थित लार्ड बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एंटी रैगिंग सप्ताह के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, पैराग्राफ राइटिंग, भाषण और क्विज प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा सेल्फी कॉर्नर भी आकर्षण का केंद्र रहा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दिनेश, अंशुल और रॉबिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनामिका, शिवानी, श्रेया और आस्था द्वितीय तथा सरिता, पूजा और किरण तृतीय स्थान पर रहे। स्लोगन राइटिंग में दीक्षा, श्रेया, मधु और कामना प्रथम, प्रियंका और अंकिता द्वितीय तथा रियांशु और बनीता तृतीय स्थान पर रहे। पैराग्राफ राइटिंग में वनिता प्रथम और शगुन द्वितीय रहीं। सेल्फी कॉर्नर में रितिका, साक्षी और आकांक्षा ने पहला, सोनिका और रॉबिन ने दूसरा तथा अलीशा, मुस्कान और अंजली ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### जोगिंद्रनगर कॉलेज में एंटी-रैगिंग सप्ताह संपन्न

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में 12 से 18 अगस्त तक एंटी-रैगिंग सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर नारा लेखन, पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन तथा रैगिंग विरोधी नाटिका जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवियों और एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत दो नाटिकाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। दर्शकों ने इन्हें खूब सराहा। समापन अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम की सफलता में अध्यापक वर्ग और विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

# सरकाघाट-रिस्सा मार्ग पर लापरवाही से बिगड़े हालात

## बंद नालियों से सड़क धंसी और डंगे ढहे, वर्षा जल से खेतों व मकानों को खतरा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**सरकाघाट-रिस्सा** सड़क मार्ग पर लापरवाही और रखरखाव की कमी अब लोगों के लिए खतरा बन चुकी है। सड़क किनारे बनी नालियों के लंबे समय से बंद पड़े होने के कारण वर्षा का पानी सड़क पर बह रहा है। परिणामस्वरूप जहां जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, वहीं पानी के तेज बहाव से सड़क के नीचे बने डंगे ढह चुके हैं और सड़क के नीचे की उपजाऊ भूमि भी बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है।

नौउणू गांव के स्थानीय निवासी ज्ञान चंद, रमेश चंद, काली दास, ओम चंद, हेम राज, बंशी लाल और बसंत सिंह ने बताया कि


सरकाघाट-रिस्सा सड़क मार्ग पर खस्ताहाल सड़क के हाल।

नालियों की सफाई न होने से सारा पानी सड़क पर बहते हुए सीधे नीचे की ओर बने मकानों और खेतों में पहुंच रहा है। इससे जहां लोगों के मकानों को खतरा उत्पन्न हो गया है, वहीं उपजाऊ भूमि खंडहर में बदलती जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वे कई बार इस समस्या को लेकर प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं तथा जन-धन की हानि की भी संभावना है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से पुनः मांग की है कि बंद नालियों को तत्काल खोला जाए और पक्की नालियों का निर्माण किया जाए ताकि पानी सही तरीके से खड्ड तक पहुंचे और लोगों की जान-माल की सुरक्षा हो सके।

# डॉ. पवन ठाकुर ने 57 की उम्र में हासिल की पीएचडी की उपाधि

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**शिक्षा** की कोई उम्र नहीं होती, यह बात डॉ. पवन कुमार ठाकुर ने 57 वर्ष की आयु में ग्रामीण विकास में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला पर्यावरण एवं स्थिरता एकीकृत विभाग केंद्र हिमालय अध्ययन से पीएचडी. की उपाधि प्राप्त करके साबित की है। इनके शोध का विषय इंपैक्ट ऑफ गवर्नमेंट इंसेंटिव फॉर सस्टेनेबल रूरल डेवलपमेंट इन रूरल डेवलपमेंट इन द्रंग और जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण जीवन और सतत विकास के लिए योगदान था। उनकी 57 साल की उम्र में यह उपलब्धि हमें जुनून और लगन की शक्ति का प्रतीक बनाती है और यह दिखाती है कि उम्र की सीमाएं हमारे सपनों को पूरा करने में बाधा नहीं बन सकती। यह बात साबित है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला


पवन ठाकुर को सम्मानित करते हुए।

लौंगनी में कार्यरत लौंगनी गांव के निवासी भूगोल शास्त्र के प्रवक्ता पवन ठाकुर प्रदेश के पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हे ग्रामीण विकास विषय में पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया। उनकी इस उपलब्धि पर सामाजिक और राजनीतिक बड़ी हस्तियां व उनके चाहने वालों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# पूर्व सैनिकों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में किया 1.40 लाख रुपए का योगदान


मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान देते हुए पूर्व सैनिक।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**प्रदेश** पूर्व सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष तथा भूतपूर्व सैनिक जिला बिलासपुर के जिलाध्यक्ष सेवानिवृत्त कैप्टन बालक राम शर्मा की अगुवाई में हिमाचल प्रदेश व गैलेंट 25 पंजाब रेजीमेंट के सेवानिवृत्त सैनिकों ने उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष में एक लाख 40 हजार रुपए का चेक भेंट किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कैप्टन नंद लाल शर्मा, राज कुमार ठाकुर, सूबेदार जगदीश चंद, मदन लाल, गोपाल दास, हवलदार गोपाल ठाकुर, प्रकाश चंद, मस्त राम और लाभ सिंह उपस्थित रहे।

कैप्टन बालक राम शर्मा ने बताया कि गैलेंट 25 पंजाब रेजीमेंट के सेवानिवृत्त सैनिकों ने अपनी नेक कमाई से मंडी आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में अर्पित की है। उपायुक्त ने इस पुनीत कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## सुंदरनगर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर-13 शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन

# शिमला की सान्वी व चंबा का शिवम ठाकुर अव्वल

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**जिला** मंडी शतरंज संघ द्वारा हिमाचल राज्य शतरंज संघ के तत्वावधान में अंडर-13 (ओपन व गर्ल्स) राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन 17 व 18 अगस्त को सुंदरनगर में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कमांद के कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष प्रो. वरुण दत्त ने किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी प्रो. राजेश्वरी दत्त, राज्य शतरंज संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा, जसवीर सिंह, अमित शर्मा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि वरुण दत्त ने कहा कि शतरंज बच्चों के सर्वांगीण मानसिक विकास के लिए सर्वोत्तम खेल है। प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में


राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी आयोजकों के साथ।

19 और छात्र वर्ग में 42 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चीफ आर्बिटर राज कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि छात्र वर्ग में 6 और छात्रा वर्ग में 5 दौर की बाजियां खेली गईं।

अंडर-13 छात्रा वर्ग में शिमला की सान्वी परिहार प्रथम, हमीरपुर की अर्णिका ठाकुर द्वितीय, कांगड़ा की आर्शिया चौधरी तृतीय तथा हिया शर्मा चौथे स्थान पर रही। वहीं छात्र वर्ग में चंबा के शिवम ठाकुर ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि सक्षम सहगल (चंबा) दूसरे, माधव गर्ग (सिरमौर) तीसरे और लवित डढवाल चौथे स्थान

**शीर्ष दो-दो खिलाड़ी गोवा में दिखाएंगे दमखम: हंस राज**

पर रहे। इशाना शर्मा (कांगड़ा) को बेस्ट यंगेस्ट छात्रा तथा यशमित चौहान (कांगड़ा) को बेस्ट यंगेस्ट छात्र घोषित किया गया। प्रतियोगिता का समापन मठ मंदिर सराय के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल शर्मा ने किया और विजेताओं को ट्रॉफी व मेडल भेंट किए।

डिप्टी चीफ आर्बिटर हंस राज ठाकुर ने बताया कि शीर्ष दो-दो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता (3 से 9 अक्तूबर, गोवा) का पंजीकरण शुल्क राज्य शतरंज संघ वहन करेगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन में आर्बिटर नैना देवी, प्रवीण शर्मा व प्रांजली शर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

## चौंतड़ा के नागन-द्रोबडी गोसदन में वन महोत्सव का शुभारंभ

# गोसदन परिसर में रोपे 100 से अधिक पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**उपमंडल** चौंतड़ा के अंतर्गत नागन-द्रोबडी गोसदन में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने किया। इस अवसर पर वन विभाग जोगिंद्रनगर के अधिकारी अश्विनी शर्मा, कर्मचारी तथा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


पौधरोपण करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर।

महोत्सव के दौरान विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। डीएफओ अश्विनी शर्मा ने बताया कि गोसदन परिसर में पीपल, वटवृक्ष और शीशम सहित 100 से अधिक पौधे लगाए गए। जीवन ठाकुर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण से निपटने के लिए समाज और विभाग का संयुक्त प्रयास जरूरी है। उन्होंने लगाए गए पौधों की देखभाल को सभी की जिम्मेदारी बताया। स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधों को सुरक्षित व हरा-भरा रखने का संकल्प लिया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह ने अधीक्षक भर्ती नियमों में किया संशोधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह जिला मंडी ने छात्रावास अधीक्षक (हॉस्टल सुपरिंटेंडेंट) की भर्ती संबंधी अनुभव शर्तों में संशोधन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एस.डी. शर्मा ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए बालिका सदनों हेतु एक महिला एवं एक पुरुष अधीक्षक अनुबंध आधार पर नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए 19 अगस्त को विद्यालय परिसर में वॉक-इन-इंटरव्यू होगा।

**अब केवल दो वर्ष का अनुभव ही माना जाएगा पर्याप्त**

संशोधित सूचना के अनुसार अब अभ्यर्थियों के पास किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में सातवें वेतन आयोग या समकक्ष वेतनमान के स्तर-3 (21,700 रुपए) या उससे ऊपर के वेतनमान में न्यूनतम दो वर्ष का कार्य अनुभव होना अनिवार्य है। पूर्व रक्षा कर्मियों के लिए भी यही शर्त लागू होगी।

पूर्व में जारी नियमों के अनुसार न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव आवश्यक था, जिसे अब घटाकर दो वर्ष कर दिया गया है। इससे योग्य अभ्यर्थियों के चयन की संभावना और बढ़ गई है।

## श्रमिक कल्याण बोर्ड के खिलाफ जनसंपर्क अभियान शुरू

# 9 को हमीरपुर में होगा घेराव : भूपेंद्र


सीटू ने श्रमिक कल्याण बोर्ड के खिलाफ चलाया जनसंपर्क अभियान।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**सीटू** से संबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन ने श्रमिक कल्याण बोर्ड के खिलाफ जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में 9 सितंबर को राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड कार्यालय हमीरपुर का घेराव किया जाएगा, जिसमें धर्मपुर खंड से सैकड़ों मजदूर भाग लेंगे। अभियान की शुरुआत चोलथरा से सीटू जिला प्रधान व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह और खंड अध्यक्ष करतार सिंह चौहान ने की, वहीं गरली-घरवासड़ा क्षेत्र में सोहन सिंह और रणताज़ राणा ने नेतृत्व किया। अभियान के दौरान पर्चे बांटे गए और पंचायत स्तर पर मज़दूर कमेटियों का गठन किया गया। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बोर्ड के पास 1300 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध है, लेकिन चार वर्षों से 1.31 लाख मज़दूरों की करीब 500 करोड़ की सहायता अटकी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के इशारे पर चेयरमैन व सचिव लाभ रोक रहे हैं।

# ऊहल स्टेज-3 परियोजना ने 100 करोड़ रुपए का राजस्व किया पार

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**389 मिलियन यूनिट उत्पादन से 200 करोड़ आय का लक्ष्य**

**ब्यास** वैली पावर कॉरपोरेशन द्वारा संचालित ऊहल स्टेज-3 परियोजना ने 16 अगस्त की मध्यरात्रि तक 100 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर लिया है।

यह जानकारी बिजली बोर्ड लिमिटेड के सलाहकार अनुराग पाराशर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के विशेष निर्देशन और बोर्ड अध्यक्ष संजय गुप्ता की देखरेख में यह लंबे समय से लंबित परियोजना जनवरी 2025 के अंत तक पूरी हुई और अब 100 मेगावाट की पूर्ण क्षमता से बिजली उत्पादन कर रही है। इस वित्तीय वर्ष में लगभग 389 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का लक्ष्य है, जिससे प्रदेश को करीब 200 करोड़ रुपए की आय होने की संभावना है।

परियोजना से उत्पादित बिजली जोगिंद्रनगर, मंडी, पालमपुर और हमीरपुर सबस्टेशनों के माध्यम से उत्तरी ग्रिड तक पहुंचाई जा रही है। पाराशर ने विश्वास जताया कि यह परियोजना भविष्य में प्रदेश की आर्थिकी को और सशक्त बनाएगी।

## द्रंग विस क्षेत्र में डॉक्टरों की कमी: राज ठाकुर

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** द्रंग भाजपा अध्यक्ष राज ठाकुर ने विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि द्रंग के नगवाईं, कटौला, पद्धर और बरोट अस्पताल डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोट और कटौला मात्र एक डॉक्टर के सहारे चल रहे हैं, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी दर्जनों पद रिक्त पड़े हैं। राज ठाकुर ने आरोप लगाया कि मरीजों को इलाज के बजाय डॉक्टर न होने का हवाला देकर मंडी जोनल अस्पताल या अन्य जगहों पर रेफर कर दिया जाता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि डॉक्टरों की नियुक्ति संभव नहीं है तो सरकार को इन संस्थानों में ताले लगा देने चाहिए, ताकि तैनात स्टाफ अन्य अस्पतालों में उपयोगी साबित हो सके।

**गुहार** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिया पलक भारद्वाज को हरसंभव सहायता करने का भरोसा

# 10 साल से न्याय की प्रतीक्षा में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सरकाघाट में दूसरी बार मुलाकात कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाली दिव्यांग खिलाड़ी कुमारी पलक भारद्वाज, निवासी गांव बडरेशा ब्रांग तहसील सरकाघाट जिला मंडी ने अपनी उपलब्धियों के अनुरूप पुरस्कार राशि, सरकारी नौकरी और सम्मान की मांग दोहराई।

मुख्यमंत्री ने पलक की उपलब्धियों की सराहना करते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व महासचिव पवन ठाकुर ने भी पलक से भेंट की और उन्हें प्रोत्साहन राशि बढ़ाने तथा योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी



**पिता बोले- अब भी उपेक्षा होती है तो पदक लौटाने को होंगे मजबूर**

देने का भरोसा दिलाया। पलक के पिता भीम सिंह भारद्वाज ने कहा कि वे पिछले 10 वर्षों से दिव्यांग खिलाड़ियों के हक में आवाज़ उठा रहे हैं। इस दौरान खेल नीति में सुधार तो हुआ, लेकिन नेताओं की अनदेखी के चलते उनकी बेटी को अब तक हिमाचल सरकार से कोई लाभ नहीं मिला।

### पलक भारद्वाज का गौरवशाली सफर

**पलक** भारद्वाज ने वर्ष 2015 में विशेष ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स (लॉस एंजिलिस, अमेरिका) में रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में दो रजत पदक जीतकर देश और विशेष रूप से हिमाचल का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकाया। दुर्भाग्यवश, इस ऐतिहासिक उपलब्धि के 10 वर्ष बाद भी उन्हें राज्य सरकार से कोई पुरस्कार राशि, सरकारी नौकरी या राज्य स्तरीय सम्मान नहीं मिला।

### पुरस्कार राशि में है बहुत फर्क

**वर्ष** 2017 में तत्कालीन मंत्री धनी राम शांडिल द्वारा ऊना में पलक को मात्र 50,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई थी, जो विश्व विजेता के लिए अत्यंत कम होने के कारण पलक ने उसे लौटा दिया। पलक के पिता ने सवाल उठाया कि उसी ओलंपिक में अन्य राज्यों के खिलाड़ियों को 15 से 20 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि दी गई, जबकि हिमाचल में केवल 50,000 रुपए क्यों? भीम सिंह भारद्वाज ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने दोनों सरकारों से कई बार गुहार लगाई है। अगर अब भी उनकी बेटी की उपेक्षा की जाती है, तो वे सरकार को पलक के सारे पदक लौटाने को मजबूर होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 24 को सोहारी में होगा सिद्ध चानो मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** जोल उपतहसील की सोहारी पंचायत में स्थित श्री सिद्ध चानो मंदिर के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 अगस्त को वार्षिक दंगल मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए दंगल कमेटी प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि फाइनल माली में विजेता पहलवान को 41 हजार एवं उपविजेता पहलवान को 30 हजार रुपए की नकद राशि भेंट की जाएगी। दंगल मेले का शुभारंभ और मुख्य अतिथि पुलिस विभाग से रिटायर्ड थानेदार मंगलराम बड़ूहा वाले रहेंगे। मेले में इस बार 'हिमाचल केसरी' और राष्ट्रीय स्तर के पहलवान आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगे। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में कुश्ती मेले एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और खेल आयोजन हैं, जो न केवल स्थानीय पहलवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों को भी आकर्षित करते हैं। इस मौके पर नीलू सोहारी, सूबेदार दिलबाग सिंह व अन्य कमेटी सदस्य भी मौजूद रहे।

### गोंदपुर बनेहड़ा में बिजली की आंख मिचौनी

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा में बार-बार बिजली की कम अधिक वोल्टेज होने के कारण लोगों के महंगे उपकरण टीवी, फ्रिज खराब हो रहे हैं। काफी दिनों से सुबह से शाम तक वोल्टेज कम और अधिक होती रहती है जिस कारण लोग परेशान हैं और बिजली की आंख में मिचौनी से भी लोग परेशान हैं, अगर लाइट रात को 9 के बाद चली जाए तो फिर लाइट सुबह तक नहीं आती है। स्थानीय जनता ने बिजली विभाग के अधिकारियों व प्रशासन से आग्रह किया है कि इस समस्या का समाधान शीघ्र किया जाए और लोगों के हो रहे लाखों के नुकसान को रोका जाए।

### रिपोह में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन



**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना) :** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा टकोली की ओर से रिपोह पंचायत में एकदिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने की। शिविर के दौरान ग्रामीणों को बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें स्वयं सहायता समूह, संयुक्त दायित्व समूह, सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाएं, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना प्रमुख रहीं। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को सावधि जमा और अधिक जमा खाते खोलने के लिए भी प्रेरित किया। शाखा की ओर से सुनील कुमार और निकेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर पंचायत उपप्रधान होशियार सिंह बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने बैंक द्वारा आयोजित ऐसे शिविरों की सराहना करते हुए कहा कि वित्तीय जागरूकता से ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा और भविष्य सुरक्षित होगा।

### टकोली के रैड में 31 को होगा विशाल दंगल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा की उपतहसील जोल के तहत पंचायत टकोली के रैड में 31 अगस्त को विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा। दंगल कमेटी ने बताया कि इस आयोजन में क्षेत्र के नामी-गिरामी पहलवान अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। दंगल कमेटी के प्रधान सूबेदार वीर प्रकाश ने जानकारी देते हुए कहा कि इस बार की बड़ी माली 11,000 रुपए की रहेगी। इसके अलावा अन्य विजेताओं के लिए भी अलग-अलग इनामों की व्यवस्था की गई है। दंगल का आयोजन ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से किया जा रहा है और इसमें आसपास की पंचायतों से भी भारी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दंगल न केवल पारंपरिक खेलकूद को बढ़ावा देता है बल्कि सामाजिक एकजुटता और भाईचारे का प्रतीक भी है। आयोजन को सफल बनाने के लिए कमेटी के सभी सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### बीटन कॉलेज में एड्स जागरूकता पर दिया व्याख्यान



**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एवं स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप रेड रिबन क्लब और यूथ रेड क्रॉस क्लब, एस डी डब्ल्यू जी राजकीय महाविद्यालय बीटन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष एचआईवी एड्स जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. जितिन शर्मा (सीएचसी बीटन) ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एचआईवी एड्स के कारणों, संक्रमण के तरीकों, रोकथाम के उपायों और समाज में फैली भ्रांतियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि इस बीमारी के प्रति जागरूकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही इसके नियंत्रण में सहायक हो सकते हैं। साथ ही, सीएचओ प्रीति (सीएचसी बीटन) तथा अन्य अस्पताल स्टाफ ने भी छात्रों को एचआईवी एड्स की रोकथाम, सुरक्षित व्यवहार, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा सामुदायिक सहयोग की महत्ता पर जागरूक किया। विद्यार्थियों ने इस संवादात्मक व्याख्यान में सक्रिय रूप से प्रश्न पूछकर रुचि दिखाई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुनीता गोयल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर सदैव सजग रहने का आह्वान किया। पूरे आयोजन का सफलतापूर्वक संचालन महाविद्यालय के प्रो. गुरमेल सिंह (नोडल अधिकारी, रेड रिवन क्लब) तथा प्रो. बुट्टा राम (नोडल अधिकारी, यूथ रेडक्रॉस) ने किया।

# तल्प में अवैध खैर कटान का खुलासा

## तीन आरोपियों पर मामला दर्ज, खैर व शहतूत के 85 मोछे किए जब्त

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत वसाल फॉरेस्ट रेंज की तल्प गांव में सरकारी भूमि पर अवैध कटान पर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध कटान से प्राप्त खैर और शहतूत के मोछों को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी जोल में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। इस मामले में तीन व्यक्तियों में नीरज कुमार और शक्ति चंद, गांव घुसाड़ा निवासी, तथा राम बहादुर, नेपाल निवासी पर मामला दर्ज किया गया है। वन विभाग की टीम ने मौके से खैर के 76 मोछे और शहतूत के 9 मोछे बरामद कर उन्हें विभागीय घंडावल डिपो में पहुंचा दिया है।

जानकारी के अनुसार जिन मोछों को ट्रैक्टर के माध्यम से ले जाया जा रहा था, उस ट्रैक्टर व चालक से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कटान में और कितने लोग शामिल थे तथा इनकी भूमिका क्या रही। रामगढ़ धार के रेंज ऑफिसर संदीप कुमार ने बताया कि तल्प क्षेत्र में हुए अवैध कटान



वन विभाग की कार्रवाई में पकड़े गए खैर के मोछे।

की सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरा मामला पुलिस चौकी जोल के हवाले कर दिया। उन्होंने कहा कि विभाग जांच में पुलिस की हरसंभव मदद कर रहा है, साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रारंभिक निरीक्षण में तल्प गांव की सरकारी भूमि पर एक दर्जन पुराने खैर के ठूंड मिले हैं।

अब जांच से यह भी खुलासा होगा कि क्या इनका कटान भी इन्हीं आरोपियों द्वारा किया गया था या इसमें अन्य लोगों की भी संलिप्तता रही है। दूसरी ओर पुलिस चौकी जोल के इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि फॉरेस्ट विभाग की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस इस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है। अशोक कुमार ने कहा कि मामले की तह तक पहुंचने के लिए ट्रैक्टर चालक व अन्य संदिग्धों से लगातार पूछताछ की जा रही है।

वन विभाग को गुप्त सूचना के चलते अवैध कटान का यह मामला उजागर हुआ है। विभागीय सूत्रों का मानना है कि यदि समय रहते इस कटान पर लगाम न लगती तो सरकारी भूमि पर हरे-भरे पेड़ों का और भी बड़ा नुकसान हो सकता था। खैर का पेड़ औषधीय महत्व और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत मूल्यवान माना जाता है। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में खैर के पेड़ों पर अवैध कटान की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं।

### ग्रामीणों की मांग–अवैध कटान रोकने को सख्त कदम उठाए वन विभाग

स्थानीय ग्रामीणों ने भी अवैध कटान पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि खैर जैसे बहुमूल्य पेड़ों का संरक्षण जरूरी है, क्योंकि यह न सिर्फ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हैं बल्कि ग्रामीणों की आजीविका और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा से भी जुड़े हैं। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए नियमित गश्त बढ़ाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस व फॉरेस्ट विभाग की टीम मामले की गहन जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद यह स्पष्ट होगा कि तल्प गांव में हुए पुराने खैर कटान में किन लोगों की संलिप्तता रही और क्या इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं।

## कृषि सहकारी सभा दिलवां में घोटले के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई मांगी



कृषि सहकारी सभा दिलवां में घोटाले को लेकर एएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए बलविंद्र सिंह।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** उपमंडल अंब के तहत पड़ती कृषि सहकारी सभा दिलवां में लाखों रूपयों के घोटले के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग उठाई है। सोमवार को इस संबंध में सोसायटी के प्रधान बलविंद्र सिंह ने एएसपी ऊना संजीव भाटिया को ज्ञापन सौंपा।

प्रधान बलविंद्र सिंह ने बताया कि पूर्व उपप्रधान अर्जुन सिंह निवासी दिलवां व सचिव रिंपी ने मिलकर सभा से करीब 2.91 करोड़ का घोटाला किया है, जिसको लेकर मई 2025 में अंब थाना में शिकायत दी गई थी। इस पर पुलिस ने 22 जून को दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इसी बीच आरोपी अर्जुन सिंह ने अग्रिम जमानत के लिएउच्च न्यायालय में अपील दायर की। जहां से जमानत याचिका 23 जुलाई को रद्द हो चुकी है। बावजूद इसके दोनों आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है।

उन्होंने कहा कि अंब पुलिस के इस रवैये को लेकर उनमें व सभा के खाताधारकों में नराजगी है। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए और उन्हें गिरफ्तार किया जाए। उधर, एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने कहा कि डीएसपी अंब वसुधा सूद से मामले की जानकारी जुटाई है। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए एक लाख



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राष्ट्रीय किसान संगठन हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को उनके निवास ओक ओवर में मिला तथा मुख्यमंत्री राहत कोष में एक लाख का चेक उन्हें सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय महामंत्री देशराज मोदगिल ,प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित ज्ञानचंद शर्मा, प्रदेश मंत्री अनिल सागर, प्रदेश कैशियर ठाकुर करम सिंह, खंड बंगाणा के अध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, महासचिव मोहनलाल शर्मा, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ बंगाणा के अध्यक्ष केवल कृष्ण शर्मा शामिल हुए। इसी के साथ मुख्यमंत्री से किसानों की समस्याओं के संबंध में भी चर्चा हुई, जिसमें प्रदेश में दोबारा भू-एकत्रीकरण प्रारंभ करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने जल्दी करने का आश्वासन दिया है। प्रदेश में भू-एकत्रीकरण का प्रारंभ होना बहुत ही महत्वपूर्ण बात है जिससे प्रदेश की लाखों किसानों की कई गंभीर समस्याओं का हल निकलने वाला है और गांव के विकास के लिए रास्ते या अन्य बातों के लिए भी भूमि उपलब्ध हो सकेगी ।

## स्वतंत्रता पखवाड़े पर कराई प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय महाविद्यालय की रोवर रेंजर इकाई द्वारा स्वतंत्रता पखवाड़े के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम में एकल नृत्य, एकल गीत ,समूह नृत्य, ड्राइंग , पेंटिंग एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मीता शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। एकल गीत में शिवांगी ने प्रथम स्थान, बंटी ने दूसरा एवं अंजलि ने तीसरा स्थान हासिल किया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ग्रुप बी ने प्रथम स्थान, ग्रुप डी ने द्वितीय एवं ए ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार ड्राइंग और पेंटिंग में शिल्पा सोढ़ी ने प्रथम,दमन सिंह राणा ने द्वितीय एवं शाहबाज ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी के साथ नृत्य प्रतियोगिता में काजल एवं टीम



राजकीय महाविद्यालय की रोवर रेंजर इकाई के आयोजन में उपस्थित छात्र व गणमान्य।

प्रथम, पूजा एवं टीम ने द्वितीय तथा रितिका एवं टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया।

प्राचार्य महोदय ने इस कार्यक्रम का आयोजन करवाने के लिए रोवर्स स्काउट लीडर डॉक्टर शाम सिंह बैंस की सराहना की और बच्चों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर डॉक्टर संजय वर्मा, डॉक्टर भगवान दास, प्रोफेसर मंजीत एवं निर्णायक मंडल में डॉक्टर मदन, डॉक्टर रंजू बनोता, डॉक्टर मोनिका ठाकुर एवं प्रो. विकास शामिल रहे।

### अंब कॉलेज में रोजगार मेला आयोजित

**अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब में प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस सेल द्वारा जेटकिंग चंडीगढ़ और एग्रीम एजुकेशन सेंटर के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि सुमित कुमार, सुधीर पठानिया और अंश ने ऑनलाइन मोड से प्लेसमेंट ड्राइव संचालित की। 10 से अधिक कंपनियों के लिए एचआर व तकनीकी साक्षात्कार हुए, जिनमें 30+ विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सुधीर पठानिया ने बीसीए और बीबीए छात्रों को एआई युग में उपलब्ध करियर विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. रेखा शर्मा ने इस पहल की सराहना की और भागीदार संस्थाओं का आभार जताया। सहायक प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. श्रुति के अनुसार 15 छात्रों का चयन हुआ है। यह मेला छात्रों को रोजगार अवसर प्रदान कर उनके करियर को दिशा देने का प्रयास है।

### वन संरक्षण के लिए किया पौधरोपण



**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** वन विभाग ऊना ने वन संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण का कार्य शुरू किया है। इस मुहिम में स्थानीय लोगों की सहभागिता को बढ़ावा देने के प्रयासों को सराहा गया है। अंतराष्ट्रीय सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन में भोजन और पानी की तरह ही महत्वपूर्ण हैं। वन विभाग भरवाई के रेंज अधिकारी पूर्ण राम ने इस मुहिम में सहयोग किया है। डीएफओ ऊना की प्रशंसा करते हुए शर्मा ने कहा कि विभाग के आला अधिकारी जिले में अच्छा कार्य कर रहे हैं।

## वेटरनरी अस्पताल बंगाणा में डॉ. राजेश की हुई स्थायी नियुक्ति

**जनता ने विधायक विवेक शर्मा का जताया आभार**

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय में वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार जंगा की स्थायी नियुक्ति होने से क्षेत्र के पशुपालकों में हर्ष की लहर है। लंबे समय से पशुओं की सेवा में जुटे डॉ. जंगा पहले थानाकलां अस्पताल में सेवाएं दे रहे थे। हाल ही में उनका तबादला किन्नौर हो गया था, जिससे बंगाणा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में भारी चिंता थी। पशुपालकों ने विधायक विवेक शर्मा से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की थी।

जनता की मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक विवेक शर्मा ने तत्परता दिखाई और एक सप्ताह के भीतर ही डॉ. जंगा की स्थायी नियुक्ति बंगाणा वेटनरी अस्पताल में सुनिश्चित करवाई। इस निर्णय से हजारों पशुपालकों को अब स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी और उन्हें इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। डॉ. राजेश कुमार जंगा एक कुशल और अनुभवी चिकित्सक होने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं। वे वर्तमान में थानाखास गोसेंचुरी के प्रभारी हैं, जहां सैकड़ों लोग जुड़कर गोमाता की सेवा में योगदान दे रहे हैं।

इस सेंचुरी का संचालन डॉ. जंगा की दूरदर्शिता और प्रबंधन क्षमता का उदाहरण है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉ. जंगा केवल पशु उपचार तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पशुपालकों को उचित मार्गदर्शन भी देते हैं, जिससे पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि होती है। जनता ने विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस नियुक्ति से जनभावनाओं का सम्मान किया है। लोगों को उम्मीद है कि अब बंगाणा वेटरनरी अस्पताल एक मॉडल संस्थान के रूप में विकसित होगा।

## चौकीमन्यार कॉलेज में पौधरोपण, छात्रों में दिखा उत्साह

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )**

राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई तथा इको क्लब रोड एंड सेफ्टी के संयुक्त तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों को हरा भरा भविष्य बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्राध्यापकगण स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक और स्वर्गधाम परिसर चौकीमन्यार में पौधरोपण किया ओर परिसर को हरियाली से सजाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जिनमें नीम, पीपल, अमरूद, जामुन और आंवला प्रमुख रहे। पौधों को कॉलेज परिसर के अलग-अलग हिस्सों में लगाया गया और प्रत्येक पौधे को मां के





एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण करते छात्र और अध्यापक।

नाम समर्पित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों में पर्यावरण संरक्षण की चेतना जागृत करना और प्रकृति के प्रति भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करना रहा।

प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। ये न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने और जैव विविधता को संरक्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे लगाए गए पौधों की देखभाल को अपनी जिम्मेदारी समझें और 'एक पेड़ मां के नाम' को जीवन का मंत्र बनाएं। इस अवसर पर प्रोफेसर कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी और प्रोफेसर नवीन शर्मा ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाना एक पुण्य कार्य है, लेकिन उससे भी बड़ा कार्य उनकी नियमित देखभाल करना है।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आने वाले दिनों में भी इस तरह के अभियानों को निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि समाज में हरित क्रांति को गति मिल सके। विद्यार्थियों ने भी संकल्प लिया कि वे पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाएंगे।

## चुनाव जीतने के बाद विधायक ने भुलाए किए वादे : बलबीर

**अनंत ज्ञान, अंब**



बलबीर चौधरी अपने समर्थकों के साथ।

भाजपा कार्यालय अंब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक ने मौजूदा विधायक पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के बाद मौजूदा विधायक ने जनता से किए वादों को भुला दिया और पिछले ढाई वर्षों में उनकी छविभू-माफिया की बन चुकी है। पूर्व विधायक ने कहा कि विधायक अपने गांव और पंचायत में ज़मीनों पर कब्ज़ा करने के साथ-साथ सरकारी ज़मीनों से रास्ते निकालने के नाम पर क्रशर उद्योग से जुड़े सौदों में व्यस्त हैं और निजी भूमालिकों व आम जनता को परेशान कर रहे हैं।

पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि विधायक खुद को भगवान शिव की तीसरी आंख बताकर जनता और पार्षदों पर नजर रखने की बात करते हैं, जबकि सच यह है कि उन्होंने इस तीसरी आंख का इस्तेमाल केवल डर और भ्रम फैलाने के लिए किया है। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व विधायक ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इसमें चुनाव से पहले ट्रांसपोर्ट और उद्योग से जुड़े लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन आज क्षेत्र की इंडस्ट्री उजड़ने की कगार पर है। भाजपा सरकार के समय नगर पंचायत अंब को मिला फंड कांग्रेस सरकार ने वापस ले लिया, पर मौजूदा विधायक चुप रहे।

कार पार्किंग, पार्क और इंडोर स्टेडियम के शिलान्यास के बाद भी काम आगे नहीं बढ़ पाया। उन्होंने चुनौती दी कि अगर विधायक ने सच में अंब नगर पंचायत या क्षेत्र के लिए कोई काम करवाया है तो श्वेत पत्र जारी करें, अन्यथा झूठ की राजनीति बंद करें।

**दुर्दशा** जसाना पंचायत के हाई स्कूल के लिए जाने वाली सड़क की हालत खस्ता

## कीचड़ से लथपथ हो रहे छात्र, कुछ नहीं पहुंच पा रहे स्कूल

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की जसाना पंचायत में स्थित राजकीय उच्च विद्यालय जसाना को जाने वाली लिंक सड़क इन दिनों बेहद खस्ता हालत में है। सड़क की टूटी-फूटी और कीचड़ से भरी हालत न सिर्फ ग्रामीणों के लिए, बल्कि दर्जनों स्कूली बच्चों के लिए भी रोजाना परेशानी का सबब बनी हुई है। बरसात के दिनों में तो यह समस्या और अधिक विकराल रूप ले लेती है।

बच्चे रोजाना इसी रास्ते से स्कूल आते-जाते हैं, लेकिन रास्ता इतना जर्जर है कि अकसर फिसलने और गिरने जैसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिससे कुछ बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंडल बंगाणा को अवगत करवाया गया है। बार-बार आश्वासन तो मिले, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सड़क की हालत दयनीय बनी



सड़क पर भारी गाद और कीचड़ आ गया है, जिस कारण छात्रों को परेशानी हो रही है।

हुई है। जसाना स्कूल के मुख्याध्यापक राजेंद्र जंबाल ने बताया कि बच्चों को रोजाना सड़क से गुजरने में भारी दिक्कतें आती हैं। बरसात में पूरा मार्ग कीचड़ से भर जाता है और बच्चे कई बार गिरकर चोटिल हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि इस समस्या को कई बार लोक निर्माण विभाग बंगाणा के अधिकारियों के ध्यान में लाया गया, लेकिन समस्या का आज दिन तक समाधान नहीं हुआ। इस सड़क का महत्व सिर्फ जसाना स्कूल तक ही सीमित नहीं है। यह लिंक सड़क प्रसिद्ध सिद्ध पीठ आसरी गुफा तक भी जाती है, जो जसाना से करीब अढ़ाई किलोमीटर की दूरी पर सोलहसिंगी धार के मध्य स्थित है। हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आसरी गुफा में माथा टेकने आते हैं, लेकिन खराब सड़क के कारण श्रद्धालुओं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग धार्मिक और शैक्षणिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए सरकार और विभाग को इसकी सुध लेनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि विभाग सिर्फ फाइलों में काम दिखा रहा है। जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। सड़क की दुर्दशा के कारण गांव के लोग भी बाजार तक आने-जाने में कठिनाई महसूस करते हैं। गाड़ियों का निकलना तो दूर की बात है, पैदल चलना भी मुश्किल हो चुका है। गांववासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत या निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

जसाना पंचायत की यह सड़क विभागीय लापरवाही की जीती-जागती मिसाल बन चुकी है, ऐसे में अब देखना होगा कि प्रशासन कब जागता है और कब बच्चों व श्रद्धालुओं की पीड़ा को समझकर सड़क को नया जीवन देता है। लोनिवि मंडल बंगाणा के सहायक अभियंता महिंद्र सिंह ने कहा कि मामला ध्यान में है, लेकिन बारिश बाधा बन रही है। जल्द उक्त सड़क का सुधार कर दिया जाएगा।

## चंद्रलोक कॉलोनी में नाले की समस्या का समाधान, नगर निगम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नगर निगम ऊना द्वारा चलाए जा रहे विशेष डीसिल्टिंग एवं सफाई अभियान का सकारात्मक असर अब कॉलोनियों और वार्ड क्षेत्रों में साफ दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में भड़ोलियां-चंद्रलोक कॉलोनी की नाले की पुरानी समस्या का निवारण निगम प्रशासन द्वारा कर दिया गया है।

समस्या के समाधान पर कॉलोनी की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सोमवार को नगर निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर को बाकायदा ज्ञापन सौंप कर धन्यवाद प्रकट किया। ज्ञापन सौंपने वालों में अनूप राणा, अंशुल, जोगिंदर सिंह और केके सहगल शामिल रहे। कॉलोनीवासियों ने निगम प्रशासन की त्वरित कार्यवाही और सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि इस कदम से उन्हें बरसात के दिनों में जलभराव और गंदगी की समस्या से बड़ी राहत मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा यह विशेष सफ़ाई एवं डीसिल्टिंग अभियान शहर की अन्य कॉलोनियों और प्रभावित इलाकों की समस्याओं के समाधान में भी निर्णायक साबित होगा।



नगर निगम का आभार प्रकट करते हुए स्थानीय लोग

# दोहरा नाले में बारिश से भारी नुकसान

## पैदल पुलिया बहने से बढ़ी लोगों की परेशानी, राशन की दुकान बही, 9 लाख से अधिक का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की महाराजा कोठी के तहत दोहरा नाला में बारिश ने खूब कहर बरपाया है। बीते दिन भारी बारिश के कारण दोहरानाला में नाले में आई बाढ़ से जहां सड़कें प्रभावित हुईं। वहीं नाले का मलबा खेतों और घरों में घुस गया, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ा गई। ऐसे में दोहरा नाला में पैदल पुलिया भी बाढ़ की चपेट में आ गई। वहीं, नाले के साथ लगती राशन की दुकान, चिकन शॉप, चाइनीस खाने का स्टॉल और एक शराब का ठेका व घराट भी इसकी चपेट में आ गया। राशन की दुकान के मालिक का इस बाढ़ से 9 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इसके अलावा पैदल पुलिया बहने के चलते अब लोगों को नाला पार करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, राजस्व विभाग के द्वारा नुकसान का जायजा लिया जा रहा है, लेकिन अभी तक प्रभावित परिवारों को कोई भी प्रशासन के द्वारा राहत नहीं दी गई है। बाढ़ प्रभावित लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द उन्हें राहत प्रदान की जाए। वहीं, उन्होंने कहा कि सड़कों व पुलिया का निर्माण भी जल्द से करवाया जाए, ताकि लोगों को अपने उत्पादों को सब्जी मंडी तक पहुंचाने में किसी भी तरह की दिक्कतें पेश न आए।



## बारीउला गांव में भूस्खलन, गोशाला पर मलबा गिरने से चार मवेशी दबे

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जिले की देहुरीधार पंचायत के ग्रामीणों की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

डेढ़ माह में पंचायत में कई स्थानों पर बाढ़ और भूस्खलन से जानमाल का नुकसान हुआ है। वहीं, रविवार सुबह हुई तेज बारिश के कारण पंचायत के बाराउली गांव में एक मकान और गोशाला पर मलबा आ गिरा है। इस घटना में चार मवेशियों के दबने से मौत की सूचना है।

गोशाला में एक गाय, एक बछड़ी और दो भेंड़े दबी हैं। हालांकि, प्रभावित परिवार के सदस्यों ने भागकर जान बचाई है। बालाउली में डाबे राम का मकान और गोशाला भूस्खलन की चपेट में आए। परिवार के सदस्य समय रहते मकान छोड़ गए, लेकिन वे गोशाला में बंधे मवेशियों की जान नहीं बचा पाए।

ग्राम पंचायत प्रधान भगत राम ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवार का हाल जाना और प्रभावितों को आश्वासन दिया कि प्रशासन के समक्ष मामले को रखा जाएगा। वहीं, शैंशर पंचायत के बरोगी गांव में भी पांच परिवारों के संयुक्त मकान के आगे भूस्खलन हुआ है। इससे मकान को ढहने का खतरा बना हुआ है। उधर, देवता मनु ऋषि के मंदिर धारा-देहुरा में भी परिसर का मैदान आधा भूस्खलन से बह गया है।

## हरिपुर कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम दुर्गेश्वरी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली में एक सप्ताह से एंटी रैगिंग सप्ताह सफलतापूर्वक मनाया गया।

एंटी रैगिंग कमेटी के कन्वीनर डॉ. साक्षी व को कन्वीनर ने बताया कि कॉलेज में रैंगिग के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम दुर्गेश्वरी, द्वितीय अनवर बीए प्रथम वर्ष, नारा लेखन में प्रथम तवेंद्र कुमार, द्वितीय शिवानी रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता में आस्था प्रथम रही।

इस अवसर पर उपप्राचार्य प्रो. नरेश कमल ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कॉलेज प्रो. डॉ. शेफाली ने सफल कार्यक्रम के लिए एंटी रैगिंग कमेटी को बधाई दी व सात दिनों से लगातार प्रतियोगिता का संचालन करने को सराहा। कार्यक्रम में डॉ. साक्षी, डॉ. राम सिंह, डॉ. दिनेश, प्रो. ज्योति, प्रो. प्रीति, प्रो. राम कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## पिढुओं और ठेकेदार के खिलाफ परिजनों ने दर्ज कराई शिकायत

- श्रीखंड महादेव यात्रा में श्रद्धालु की दर्दनाक मौत का था मामला
- पैसे की मांग में हुई देरी और अमानवीय व्यवहार की वजह से मौत

**अनंत ज्ञान, आनी**

आस्था और विश्वास की कठिन श्रीखंड महादेव यात्रा इस बार एक दर्दनाक हादसे की गवाह बनी। चंडीगढ़ निवासी 33 वर्षीय अभय की मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पिढुओं और एक ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। मामला कुल्लू एसपी कार्यालय में दर्ज होने के बाद निरमंड थाना स्थानांतरित कर दिया गया है। मृतक के चचेरे भाई विशाल कन्नौजिया ने पुलिस को बताया कि अभय ने 12 जुलाई को श्रीखंड यात्रा शुरू की थी। पार्वती बाग पहुंचने पर उनकी तबीयत बिगड़ गई। एसडीआरएफ और स्थानीय स्वयंसेवकों की मदद से उन्हें भीमड़वारी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने तत्काल अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि यहीं से अमानवीयता की शुरुआत हुई। विशाल ने बताया कि पिढुओं ने मदद के लिए पहले 60 हजार रुपए मांगे, फिर 40 हजार में सौदा तय किया, लेकिन सिंहगाड़ पहुंचते ही पिढुओं ने फोन बंद कर दिए और अभय को बारिश में दो घंटे जमीन पर लिटाए रखा। इस दौरान वे लगातार और पैसे मांगते रहे। अंततः उन्होंने अभय को रास्ते में ही छोड़ दिया। हालत बिगड़ने, नाक से खून बहने और समय पर इलाज न मिलने के कारण 15 जुलाई को अभय ने दम तोड़ दिया। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 106 और 125(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता गहरा गई है।

## अनुज ठाकुर बने वैली छात्र संघ के नए अध्यक्ष




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लोअर (ब्रह्मा) वैली छात्र संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है।

इसमें वैली के छात्र छात्राओं के समर्थन तथा पूर्व अध्यक्षों गोपाल ठाकुर व अंकुश ठाकुर की सहमति से अनुज ठाकुर को संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुज ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि उपाध्यक्ष अंशुल ठाकुर,चेयरमैन शिवांश शर्मा ,वाइस चेयरमैन पियूष , इशिता महासचिव, दीया ठाकुर व अपेक्षा सचिव, तनिष्क ठाकुर सांस्कृतिक सचिव कोषाध्यक्ष त्र्यंबक शर्मा नई कार्यकारिणी के गठन के उपरांत अध्यक्ष अनुज ठाकुर ने कहा कि संघ छात्रों की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा तथा शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

## ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** हाल ही में आई बाढ़ व भूस्खलन से प्रभावित मयाड़ घाटी के लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को विधायक अनुराधा राणा की ओर से जांच शिविर लगाने और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों का पालन करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्र में पहुंची और करपट गांव के ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान जरूरतमंदों को मौके पर ही आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि जैसे ही करपट से आगे सड़क मार्ग बहाल होगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम को अन्य प्रभावित गांवों में भी भेजा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के हर परिवार तक राहत और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## धोधंल नाले पर झूला पुल तैयार, ग्रामीणों को मिली राहत

### छह से अधिक गांवों को मिली हल्की राहत, अनिल और दलीप जुटे हैं समाज सेवा में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति की मयाड़ घाटी के धोधंल नाले में झूला पुल तैयार हो गया है।

झूला पुल के तैयार हो जाने से ग्रामीणों को थोड़ी सी राहत मिली है। गौर हो कि 13 अगस्त को मयाड़ घाटी में जगह-जगह फटे बादल के कारण तीन पुल बह गए थे। इससे घाटी में जन-जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया था। हालांकि, अभी भी ग्रामीणों का जनजीवन पटरी पर नहीं लौटा है, लेकिन इस झूला पुल के बन जाने से ग्रामीणों को राहत मिली है। लाहौल-स्पीति कांग्रेस के पूर्व महासचिव अनिल ठाकुर सहित बीडीसी उपाध्यक्ष दलीप सिंह बोध पांच दिन से मयाड़ घाटी में डटे हुए हैं। अनिल ने बताया कि राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि सभी विभाग अपने-अपने कार्य करने में जुटे हुए हैं।

पीडब्ल्यूडी विभाग सड़कों की बहाली में जुटा हुआ है। उन्होंने बताया कि झूला पुल बनने से करपट, चंगुट, चुरपुट, उडगोस छालिग, शुकटो व खंजर के ग्रामीणों को राहत मिली है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशाषी अभियंता पवन राणा ने बताया कि दो जेसीबी मशीन, एक एलएनटी मशीन तथा दो बुलडोजर युद्धस्तर पर सड़क बहाली के लिए लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मौसम अनुकूल रहा तो तीन-चार दिनों में अस्थायी तौर से सड़क मार्ग बहाल कर दिया जाएगा।



मयाड़ घाटी के धोधंल नाले में तैयार हुए झूला पुल से आवाजाही करते हुए लोग।

> **मयाड़** घाटी के धोधंल नाले में पुनः बाढ़ के कारण सड़क बाधित हो गई थी। सड़क बहाली के साथ-साथ उपरोक्त स्थान पर एक दिन के भीतर झूला तैयार कर लिया गया है और सड़क बहाली का कार्य भी जारी है। मयाड़ क्षेत्र को जल्द मुख्य धारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता व प्रतिबद्धता है।
>
> **अनुराधा राणा, विधायक लाहौल-स्पीति।**

## स्पीति में लादरचा मेले का आज से आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** स्पीति घाटी का ऐतिहासिक और पारंपरिक राज्य स्तरीय लादरचा मेला आज से शुरू हो रहा है। तीन दिवसीय इस मेले का शुभारंभ कार्यकारी एडीसी काजा शिखा मंगलवार को पूजा-अर्चना के साथ करेंगी। कार्यक्रम की शुरुआत काजा के गोंपा में धार्मिक अनुष्ठानों से होगी। इसके उपरांत पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा काजा से गोंपा लादरचा मेला ग्राउंड तक जाएगी। शोभायात्रा में स्पीति के पांचों गोंपाओं के लामागण और चोमोगण, महिला मंडल, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काजा के एनएसएस स्वयंसेवी, स्थानीय सांस्कृतिक दल और सैकड़ों की संख्या में पारंपरिक वेशभूषा में सजे स्थानीय लोग भाग लेंगे। यह आयोजन स्पीति की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। कार्यकारी एडीसी शिखा ने बताया कि लादरचा मेला प्रदेश के प्राचीनतम मेलों में से एक है, जिसे हर वर्ष बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समापन समारोह 21 अगस्त को होगा। इसमें क्षेत्रीय विधायक अनुराधा राणा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। यह मेला न केवल सांस्कृतिक उत्सव है, बल्कि स्थानीय समुदाय की एकता और परंपराओं का प्रतीक भी है।

## धुंधी में हो रहे भूस्खलन ने बढ़ाई राहगीरों की दिक्कत

**अनंत ज्ञान, मनाली**

धुंधी में लगातार हो रहे भूस्खलन ने मनाली-लेह मार्ग पर राहगीरों की दिक्कत बढ़ा दी है।

अटल टनल मार्ग पर सोलंगनाला से धुंधी तक तीन जगह सड़क वाहनों के लिए एक तरफा हो गई है। स्नो गैलरी के नालों में भी बाढ़ आने से मलबा बिखरा पड़ा है। जगह-जगह तैनात पुलिस जवान ट्रैफिक सुचारु रखे हुए हैं। इन दिनों लाहौल घाटी में नकदी फसलें तैयार हैं तथा लेह के लिए भी रसद की सप्लाई हो रही है। इस कारण मनाली-लेह मार्ग पर दिन-रात वाहनों की आवाजाही अधिक है। सड़कों की हालात खस्ता होने के बावजूद लेह मार्ग पर छुटपुट पर्यटकों की आवाजाही जारी है।

पर्यटन नगरी मनाली के पर्यटन कारोबारियों को इस बार लंबे समय तक मंदी की मार झेलनी पड़ी है। सड़कें ठीक न होने के कारण नाममात्र पर्यटक मनाली आ रहे हैं। लेह व काजा की ओर आने-जाने वाले पर्यटक एक दिन के लिए मनाली रुक रहे हैं।

लंबे समय बाद रविवार को अटल टनल के साउथ व नार्थ पोर्टल में पर्यटकों की चहलकदमी देखने को मिली। रविवार को लाहौल व मनाली घाटी में हल्की बारिश हुई लेकिन मनाली लेह, मनाली काजा, मनाली जांस्कर व मनाली किलाड के बीच वाहनों की आवाजाही सुचारु रही। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि धुंधी में लगातार हो रहे भूस्खलन से दिक्कत तो हो रही है लेकिन ट्रैफिक को सुचारु रखा जा रहा है।



धुंधी में लगातार हो रहे भूस्खलन वाली जगह से गुजरते वाहन।

## टैक्सी यूनियन रायसन ब्रांच ने चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



टैक्सी यूनियन रायसन ब्रांच के सदस्यों ने टैक्सी यूनियन रायसन के आसपास सफाई अभियान चलाया। इसके तहत बड़े-बड़े भांग के पौधों को नष्ट किया गया।

इसमें सभी साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंरछड़ी पंचायत के वार्ड मेंबर और टैक्सी यूनियन रायसन के उपप्रधान अमरचंद की अगुवाई में यह कार्यक्रम हुआ। राजकीय चालक परिचालक महासंघ कुल्लू के प्रधान तुले राम ने बताया कि अमरचंद के साथ मिलकर सभी सदस्यों को साथ लेकर यह कार्यक्रम किया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें भी इस कार्यक्रम में भाग लेने का सहयोग करने का मौका मिला। इसके लिए उन्होंने टैक्सी यूनियन रायसन ब्रांच के उपप्रधान अमरचंद का धन्यवाद किया। अमरचंद ने इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी साथियों का धन्यवाद किया और उम्मीद जताई कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम में सभी साथी सहयोग करेंगे। अमरचंद ने चालक-परिचालक महासंघ कुल्लू के प्रधान तुले राम का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में चुन्नी लाल, सुरेश, दीवान, दिशु, तुलेराम, ज्ञान, आजाद आदि साथियों ने भाग लिया।

## एनसीसी हैंगर स्थापना को लेकर डीसी कुल्लू की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक

## निर्माण कार्य समयबद्ध व समन्वित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू, तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में एनसीसी हैंगर स्थापना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ एनसीसी एयर विंग, एयर पोर्ट अथॉरिटी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में डीसी ने निर्माणाधीन एनसीसी हैंगर कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि एनसीसी हैंगर का निर्माण कार्य प्रदेश व जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा, क्योंकि इसके माध्यम से एनसीसी कैडेट्स को आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रशिक्षण स्थल उपलब्ध हो सकेगा। डीसी ने कहा कि एनसीसी हैंगर की स्थापना न केवल कैडेट्स के लिए प्रशिक्षण के अवसर बढ़ाएगी, बल्कि जिले के युवाओं को राष्ट्रीय धारा से जोड़ने का एक मजबूत मंच भी प्रदान करेगी। उन्होंने संबंधित विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कार्य समयबद्ध पूरा किया जाए और विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी तत्परता से करें। उन्होंने बैठक में कहा कि एनसीसी हैंगर को निर्धारित समय पर आरंभ करने के लिए एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार किया जाए। यह एसओपी कार्यों के सुचारु संचालन, विभागीय समन्वय और समय सीमा पालन में सहायक सिद्ध होगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने एमओयू से जुड़े बिंदुओं की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त जयबंती ठाकुर, जिला राजस्व अधिकारी गणेश, विंग कमांडर कुणाला शर्मा, निदेशक कुल्लू-मनाली एयरपोर्ट सिद्धार्थ कुमार कदंब, प्रशांत कुमार, मोहित कपिल सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करती हुई डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश व अन्य अधिकारी।

## लारजी-सैंज मार्ग पर पागल नाला के पास भारी भूस्खलन



**अनंत ज्ञान, सैंज**

जिला कुल्लू की सैंज घाटी को जोड़ने वाली लारजी-सैंज सड़क तलाड़ा व पागलनाला में भारी भूस्खलन के कारण 20 घंटे तक यातायात के लिए बाधित रही।

इस सड़क मार्ग पर जहां रविवार रात को तलाड़ा के पास भूस्खलन हुआ। इससे सड़क मार्ग बंद हो गया था। वहीं, सोमवार सुबह के समय पागल नाला के पास पहाड़ी से काफी मात्रा में मलबा और पत्थर सड़क पर आने से और दिक्कत बढ़ गई। 20 घंटे तक वाहनों की आवाजाही बंद रही। इस कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। सुबह के समय पागलनाला में भूस्खलन की घटना के समय सड़क से गुजर रहे वाहनों को ग्रामीणों ने तुरंत अलर्ट किया। इससे बड़ा हादसा टल गया। लिहाजा, रात करीब 10 बजे से बाधित हुए लारजी- सैंज सड़क मार्ग 20 घंटों बाद यातायात के लिए बहाल हो गया है।

## मटौर पुल पर यातायात जाम

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा के मटौर पुल पर एक बार फिर से यातायात जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। पुल की लोहे की प्लेट में अचानक गैप आ जाने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर लोहे की प्लेट में आए गैप को ठीक करने में लगी हुई है। मटौर पुल की खस्ता हालत के कारण यातायात जाम की समस्या आम हो गई है। पुल के संकरे होने और वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। हाल ही में पुल की लोहे की प्लेट में गैप आने से यातायात प्रभावित हुआ था और घंटों जाम लगा रहा था। संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर लोहे की प्लेट में आए गैप को ठीक करने में लगी हुई है। एसडीएम कांगड़ा इशांत जैसवाल ने कहा कि उन्होंने पहले भी आई की टीम को कहा था कि वहां पर लोहे की प्लेट हिल रही हैं, लेकिन आज अचानक प्लेट में गैप आने से लोगों को समस्या हुई। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने कहा कि कांगड़ा पुलिस को भी कहा गया है कि वहां पर जाकर मौके का जायजा लिया जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाया जाए, ताकि आम जनमानस को कोई परेशानी न हो।

**आयोजन** चायल के जरोट में ऐतिहासिक पड़ेई मेला धूमधाम से संपन्न

## 2035 में फिर लौटेगा पड़ेई मेला



श्रीखंड महादेव कैलाश की गोद में बसी चायल वैली के जरोट में पड़ेई मेले के दौरान लोग समूह में एकत्रित हुए।

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** श्रीखंड महादेव कैलाश की गोद में बसी चायल वैली के जरोट गांव में इस बार ऐतिहासिक पड़ेई मेला धूमधाम से मनाया गया।

यह चायल का सबसे प्राचीन पर्व है, जो हर दस वर्ष बाद भाद्रपद संक्रांति पर अलग-अलग गांवों में आयोजित होता है। इस बार सगोफा और बसवारी गांव के लोगों ने भी इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पर्व 2035 में यहां फिर मनाया जाएगा। समुद्र मंथन के समय अमृत कलश की बूंद यहां गिरी थी। उसी परंपरा के प्रतीक स्वरूप मिट्टी के कलश 'कुंदड़ी' में घी डालकर ऐतिहासिक पड़ेई भोज का आयोजन किया जाता है। इसमें घी पिलाने वालों को देवता और घी पीने वालों को असुर का रूप माना जाता है। इस अनूठी परंपरा का निर्वहन आज भी देव समाज द्वारा किया जाता है। कवि भगवान प्रकाश, पुजारी बृजलाल शर्मा और कारदार रूप लाल ठाकुर के अनुसार यह पर्व सदियों से तीनों गांवों में बारी-बारी आयोजित होता आ रहा है। इस बार देवता बूढ़ा सरोहणी बागा सराहन और रियासी नाग झलैर को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। देवताओं की मौजूदगी से मेले की शोभा बढ़ी। इस अवसर पर कुल्लवी वेशभूषा में भव्य नाटी का आयोजन हुआ। इसमें हजारों लोग शामिल हुए। मेले का समापन देव विदाई के साथ हुआ।

## 15 किलोमीटर पैदल चलकर प्रभावितों को दी फौरी राहत

**अनंत ज्ञान, बंजार**

गत दिनों बंजार उपमंडल के घलिगंचा गांव के समीप रोपी गाड़ नाले में अचानक बादल फटने और क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण फ्लाचन खड्ड का जलस्तर अधिक बढ़ गया। इससे घलिगंचा, दोगड़ा पुल , टीला पुल, घलियाड, बठाहड, में 12 परिवारों के होमस्टे, रेस्टोरेंट, पशुशाला और निजी भूमि को नुकसान पहुंचा है।

उपमंडल अधिकारी बंजार, पंकज शर्मा ने व तिभ ने 15 किलोमीटर पैदल चलकर प्रभावित क्षेत्र का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों से भेंट की। उन्होंने मौके पर ही प्रशासन की ओर से फौरी राहत के रूप में प्रति प्रभावित परिवार 5,000 रुपए राहत राशि वितरित की। उन्होंने बताया कि धटना के तुरंत बाद से प्रशासन द्वारा त्वरित राहत कार्य आरंभ कर दिए थे तथा प्रभावितों को आवश्यक सामग्री और अन्य मदद भी उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रशासन नुकसान का विस्तृत आकलन करवाकर, प्रभावितों को प्रदेश सरकार के नियमों के अनुसार हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।



प्रभावित क्षेत्र का मौके पर जाकर निरीक्षण और प्रभावित परिवारों से भेंट करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### बस स्टैंड में युवती की चक्कर आने से मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन शहर के बस स्टैंड पर सोमवार दोपहर को एक दर्दनाक दुर्घटना पेश आई। 22 वर्ष युवती को अचानक चक्कर आया और कुछ ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान पूनम शर्मा पुत्री दिया दत्त शर्मा, निवासी धीरथ पंचायत बनेठी (नाहन) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पूनम किसी काम से यहां आई थी। बस स्टैंड परिसर में इसी दौरान अचानक उसे चक्कर आया और वह गिर गई। आस-पास के लोगों ने तुरंत उसे गंभीर हालत में नाहन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। एएसपी नाहन योगेश रोल्टा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक दिल की बीमारी से पीड़ित जा रही है। मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा जाएगा।

### मिल्ला गांव में बारिश से चट्टान गिरने का खतरा

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** शिलाई विधानसभा के मिल्ला गांव के लोग भारी खतरे में हैं। गांव के ऊपरी हिस्से में दशकों से टिकी हुई विशाल चट्टान कभी भी गिर सकती है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। इस बार लगातार हो रही भारी बारिश और प्रदेश में बढ़ती आपदाओं के मद्देनजर ग्रामीण चिंतित हैं। स्थानीय निवासियों ने उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) और लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन को ज्ञापन सौंपकर चट्टान हटाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी यह मांग की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बरसात के कारण चट्टान के नीचे की सपोर्टिंग दीवार भी गिर चुकी है, जिससे खतरा और बढ़ गया है। ग्रामीण विक्रम राणा, वीरेंद्र शर्मा, राजेंद्र राणा समेत कई लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द कार्रवाई कर चट्टान हटाई जाए, ताकि किसी बड़ी त्रासदी से बचा जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ और कोई दुर्घटना हुई तो जिम्मेदारी विभाग की होगी।

### जेएनवी में 6वीं कक्षा के लिए 27 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुनिहार ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। प्राचार्य ने बताया कि पूर्व में यह अंतिम तिथि 13 अगस्त निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 27 अगस्त कर दिया गया है। प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 6वीं के लिए यह प्रवेश परीक्षा आगामी 13 दिसंबर को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पात्र छात्र लिंक पर निशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे समय रहते आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण करें, ताकि उनके बच्चों को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर मिल सके। यह परीक्षा ग्रामीण प्रतिभाओं को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने का एक अहम माध्यम है।

### 85 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 27 अगस्त को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन के बद्दी स्थित दो औद्योगिक इकाइयों में 85 पदों को भरने के लिए जिला रोजगार कार्यालय सोलन द्वारा 27 अगस्त को उपरोजगार कार्यालय नालागढ़ में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी जगदीश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मैसर्ज हिमटेक्नो फोर्ज बद्दी में सीएनसी ऑपरेटर के 75 पद और मैसर्ज बिरला टेक्सटाइल बद्दी में ट्रेनी के 10 पदों के लिए साक्षात्कार होंगे। पात्रता के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 25 वर्ष होनी चाहिए और शैक्षणिक योग्यता 12वीं, आईटीआई (फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट) मांगी गई है। इच्छुक उम्मीदवार विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर पंजीकरण के बाद शैक्षणिक योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को इंटरव्यू के दिन सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रातः 10:30 बजे उपरोजगार कार्यालय नालागढ़ पहुंचना होगा। कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए 01792-227242 या 82199-71112 पर संपर्क करें।

### प्राचार्य डॉ. मनीषा ने छात्रों को दिए सफलता के मंत्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए और बी वॉक के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के हॉल में आयोजित हुआ। इसमें कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रमोद ठाकुर ने छात्रों को पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने छात्रों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही नशे से दूर रहने और कॉलेज की गतिविधियों में सक्रिय भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

### युवाओं की भूमिका को बताया पर्यावरण सुरक्षा का आधार

**संजय राजन, अनंत ज्ञान, सराहां।** यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, शिमला की बीए एलएलबी ऑनर्स की छात्राएं वेदिका शर्मा व कोमल ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, सराहां में 'पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका और कानूनी दृष्टिकोण' विषय पर संवाद आयोजित किया। यह संवाद उनके अकादमिक प्रोजेक्ट असाइनमेंट का हिस्सा था। छात्राओं ने पर्यावरण की परिभाषा, उसका मनुष्य से संबंध, वर्तमान स्थिति व संरक्षण की आवश्यकता पर जानकारी दी। उन्होंने भारत सहित अन्य देशों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों और कानूनों की भी जानकारी साझा की। इस संवाद में स्कूल की स्टूडेंट्स ने सक्रिय भाग लिया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अभिलाष शर्मा ने वक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके प्रयासों की सराहना की। छात्राओं ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रोफेसर डॉ. सीमा कश्यप के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ व छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

### रोहित ने बड़ी माली में विक्की को दी मात

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट के गुग्गा माड़ी मेले में कुश्ती विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसमें हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के पहलवानों ने भाग लेकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। बड़ी माली का मुकाबला दिल्ली के रोहित और चंडीगढ़ के विक्की के बीच हुआ। इसमें रोहित विजय रहे। इन दोनों पहलवानों को 31 हजार रुपए छोटी माली के विजेता-उपविजेता को 11 हजार का पुरस्कार दिया गया।

### आपदा प्रभावित क्षेत्रों का प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में जिला अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें आपदा से हुए नुकसान के पुनर्निर्माण व पुनर्स्थापन के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए गए। यह कार्य विश्व बैंक पोषित 'रेजिलिएंट एक्शन फॉर डेवलपमेंट एंड डिजास्टर रिकवरी-हिमाचल प्रदेश' योजना के अंतर्गत किया जाएगा। डीसी ने बताया कि विश्व बैंक की टास्क टीम ने शिमला का दौरा कर आपदा प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी जुटाई है। उन्होंने जिला अधिकारियों से बहुउद्देशीय राहत केंद्र, पैदल पुल, स्कूल व सामुदायिक भवनों जैसी परियोजनाओं के प्राक्कलन जल्द तैयार कर भेजने को कहा है। यह पहल आपदा से होने वाले संभावित नुकसान को कम करने और दीर्घकालीन समाधान की दिशा में एक कदम है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जैसे लोक निर्माण, जल शक्ति, स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी, महिला व बाल विकास आदि मौजूद रहे। इन प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर सरकार को भेजा जाएगा।

### छात्रों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में महिला प्रकोष्ठ इकाई द्वारा जेंडर सेंसिटिजेशन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा, करियर मार्गदर्शन, साइबर जागरूकता, और लैंगिक समानता से जुड़ी जानकारी दी गई। डॉ. प्रियंका भारद्वाज और प्रो. आलिशा चौहान ने महिला उत्पीड़न विरोधी कानून और विशाखा गाइडलाइंस पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षित और सहयोगी वातावरण प्रदान कर उनकी क्षमता को पहचानने में मदद करना था। अंत में प्राचार्य ने छात्रों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

### एनसीसी कैडेट्स ने ली पर्यावरण बचाने की शपथ



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में भारतीय सैन्य अधिकारी एवं सुरक्षा विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट जनरल कमल डावर (सेवानिवृत्त) ने एनसीसी कैडेट्स के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनके साथ राज ढिल्लों और उनकी पुत्री प्रो. जस्लीना ढिल्लों (हार्वर्ड विश्वविद्यालय) भी मौजूद रहीं। जनरल डावर ने छात्रों को सेवा, अनुशासन और उत्तरदायित्व के मूल्यों से अवगत कराते हुए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

# नशा मुक्ति केंद्र की योजना अधर में लटकी स्थानीय विरोध और भूमि संकट बने बाधा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




**सोलन।** युवाओं की नशे की लत छुड़ाने के उद्देश्य से सरकार ने जिला स्तर पर नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने की घोषणा तो की है पर स्वास्थ्य मंत्री के गृह क्षेत्र जिला सोलन में अभी तक यह योजना अधर में है।

जिले भर में कहने को तो कई जगहों पर निजी नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं पर यह नियमों पर खरे नहीं उतरते। वहीं उपयुक्त जमीन न मिलने से सोलन में सरकारी तौर पर नशा मुक्ति केंद्र नहीं बन पाया। हालांकि, प्रशासन की तरफ से पत्र मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सोलन मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर जमीन की तलाश तेज कर दी है। युवाओं को नशे की लत से मुक्ति के लिए सोलन के कंड़ाघाट में नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई गई थी और इसके लिए एक बड़ी इमारत का निर्माण भी कर लिया गया था पर स्थानीय विरोध के चलते यह योजना अधर में लटक गई। इसके बाद इसे सोलन और सिरमौर की सीमा पर स्थित मारयोग में स्थापित करने पर भी चर्चा हुई, लेकिन वह भी परवान नहीं चढ़ सकी, अब सीएमओ सोलन को जिला प्रशासन की ओर से चिट्ठी आई है।

इसमें यह कहा गया है कि वह नशा मुक्ति केंद्र के लिए जगह आइडेंटिफाई करें। इस संबंध में जिले के सभी बीएमओ को आदेश जारी किए गए हैं कि वे जगह का चयन करें। जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के लिए पहले चरण में 75 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल भी पब्लिक मीटिंग के दौरान सोलन में नशा मुक्ति केंद्र बनाने की बात को दोहरा चुके हैं। नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने पहले चरण में प्रदेश के 5 जिलों में सरकारी नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसमें सोलन जिला भी शामिल है।

केंद्र सरकार ने इस परियोजना को स्वीकृति दे दी है और प्रत्येक केंद्र के लिए 75 लाख रुपए का बजट भी मंजूर किया गया है। इन केंद्रों में मरीजों को उपचार के साथ-साथ परामर्श, पुनर्वास और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। हालांकि, फिलहाल सोलन जिले में करीब 19 निजी नशा मुक्ति केंद्र संचालित हो रहे हैं, लेकिन लोगों की लंबे समय से मांग थी कि एक सरकारी केंद्र भी खोला जाए, जहां किफायती और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। बीते वर्ष परवाणू के एक निजी नशा मुक्ति केंद्र में पाई गई खामियों के बाद विभाग ने अन्य केंद्रों का निरीक्षण भी शुरू किया था। ऐसे में सरकारी केंद्र की आवश्यकता और अधिक महसूस की जा रही थी, अब जबकि सरकार और प्रशासन दोनों ही इस दिशा में गंभीर हैं।

उम्मीद की जा रही है कि जिला सोलन को जल्द ही एक आधुनिक और सुविधाजनक सरकारी नशा मुक्ति केंद्र की सौगात मिल जाएगी। सीएमओ सोलन डॉ. अजय पाठक का कहना है कि विभाग की ओर से जिले के सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि केंद्र की स्थापना प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जा सके। बीएमओ को इस कार्य को गंभीरता से लेने और जल्द रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रदेश की 28 लाख बहनें आज भी 1500 रुपए की कर रही हैं प्रतीक्षा: डॉ. बिंदल



बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारतीय जनता पार्टी जिला सिरमौर की नई कार्यकारिणी की पहली बैठक नाहन स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज गुप्ता ने की, जबकि समापन सत्र में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

डॉ. बिंदल ने कार्यकर्ताओं को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 28 लाख बहनें आज भी 1500 रुपए प्रतिमाह के वादे की प्रतीक्षा कर रही हैं। बेरोजगारों को पक्की नौकरी देने का वादा भी अब तक अधूरा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार अब तक की सबसे निकम्मी सरकार साबित हुई है, जिसने स्कूल, अस्पताल, तहसीलें और योजनाएं बंद करने का काम किया है। हिमकेयर, आयुष्मान और सहारा जैसी योजनाएं बंद कर जनता को राहत से वंचित किया गया है। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने टैक्स और कर्ज के बोझ से आम जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल पर भारी कर वसूली, बस किराये में वृद्धि, महिलाओं की छूट समाप्त करना, स्टांप ड्यूटी में सौ गुना बढ़ोतरी, जैसे फैसले आम जनता के हितों के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि यह मित्रों की सरकार बन चुकी है, जो जनता की नहीं, केवल अपने करीबियों की चिंता कर रही है। इस अवसर पर मनीष चौहान, संजय पुंडीर, प्रताप ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सनोरा-नेरीपुल सड़क की बदहाल स्थिति पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

पझोता रासुमांदर क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने नाहन में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप से मुलाकात कर सनोरा से नेरीपुल सड़क मार्ग की बदहाल दशा पर गंभीर चिंता जताई।

यह प्रतिनिधिमंडल देवठी मझगांव वार्ड से जिला परिषद सदस्य विनय भगनाल और निहाल रपटा की अध्यक्षता में आया था। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि सड़क लंबे समय से खराब स्थिति में हैं। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं और कई युवाओं की जान भी जा चुकी है। इस सड़क मार्ग की बदहाली से न केवल लोगों की जान को खतरा है, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। विनय भगनाल ने बताया कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सड़क को चौड़ा करने और उसकी मरम्मत का आश्वासन दिया है। सांसद सुरेश कश्यप ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने विभागीय अधिकारियों को तुरंत धामला से मानवा और नेरीपुल से पुलवाहल तक के सड़क मार्ग की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां भी सड़कें खराब हालत में हैं, उनका जल्द मरम्मत किया जाएगा, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रतिनिधिमंडल में सिद्धार्थ राणा, रूपेंद्र चौहान, वीरेंद्र जालटा, मनीष भगनाल, निशु पुंडीर, महेंद्र हाबी, रिंकू ठाकुर, बंटी भगनाल, दिलीप जस्टा, रोहित मेहता और रमेश ठाकुर सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## गोगा माड़ी दसौरामाजरा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

### विधायक राम कुमार चौधरी ने जताई गोगा जाहरवीर में गहरी आस्था

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**



गोगा माड़ी दसौरामाजरा के दरबार में विधायक राम कुमार चौधरी गोगा भक्तों के साथ हाजरी लगाते हुए।

**बद्दी।** गोगा नवमीं के पावन अवसर पर गोगा माड़ी दसौरामाजरा में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने गोगा जाहर पीर के दरबार में सिर झुकाकर क्षेत्र की सुख-शांति और सुरक्षा की कामना की। इस अवसर पर गोगा माड़ी प्लांखवाला की भगत चंचल रघुवंशी ने भजनों से गोगा जाहर पीर की महिमा का गुणगान किया और विधिवत पूजा-अर्चना कर उन्हें भोग लगाया गया।

इस मौके पर दून के विधायक राम कुमार चौधरी भी मौजूद रहे। उन्होंने गोगा जाहर पीर के प्रति गहरी आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि बीबीएन क्षेत्र के लोग गोगा जाहर पीर को अपने रक्षक के रूप में मानते हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की हर पंचायत में गोगा जाहर पीर की माड़ियों की स्थापना होती है, जहां लोग उनकी पूजा करते हैं। आज भी गोगा जाहर पीर के भगत छत्र लेकर क्षेत्र में भ्रमण करते हैं और उनकी महिमा गाते हैं, जो सदियों से चली आ रही एक पुरानी परंपरा है। विधायक ने कहा कि गोगा जाहर पीर की कृपा से ही बीबीएन क्षेत्र सुरक्षित और खुशहाल है। गोगा नवमीं के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसमें सैकड़ों गोगा भक्त शामिल हुए। गोगा भगत सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि यह भजन-कीर्तन और भंडारा हर वर्ष आयोजित होता है और लोग बड़ी श्रद्धा से इसमें भाग लेते हैं। इस अवसर पर चंचल रघुवंशी, पूर्व प्रधान अच्छर पाल कौशल, समाजसेवी कमल ज्ञानी, बीडीसी पुष्पेंद्र कौर, पूर्व बीडीसी सोनू देवी सहित अन्य गणमान्य लोग और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## भाजपा को झटका, 11 परिवार कांग्रेस में शामिल

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** श्री रेणुका जी क्षेत्र की खाला क्यार पंचायत में भाजपा को करारा झटका लगा है। यहां 11 परिवार भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। इससे क्षेत्र में सियासी हलचल तेज हो गई है। 17 अगस्त को थाना खेगवा के प्रेम भवन में आयोजित कार्यक्रम में इन परिवारों ने कांग्रेस का दामन थामा। बताया गया कि भाजपा नेताओं के व्यवहार से असंतुष्ट होकर इन लोगों ने पार्टी बदलने का निर्णय लिया। कांग्रेस में शामिल होने वालों में तुल बहादुर, उपेंद्र बहादुर, मन बहादुर, हीरा लाल, कौशल्या देवी, अजय कुमार, वीरेंद्र कुमार, मंगल सिंह, विक्रम सिंह, राम सिंह और रतन कुमार शामिल हैं। इन परिवारों ने डिप्टी स्पीकर और स्थानीय विधायक विनय कुमार की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस ज्वाइन की है। विधायक ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## कैंप में 51 यूनिट रक्त एकत्रित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन में रोटरी क्लब और प्राणीशास्त्र विभाग के संयुक्त प्रयास से डॉ. वाईएस परमार पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। पुलिस अधीक्षक मुख्यातिथि और प्रो. अमर सिंह चौहान विशिष्टातिथि थे। कॉलेज प्राचार्य प्रो. विभव शुक्ला, डॉ. निशी एवं जूलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. विनीत कुमार ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया कि यह वर्ष का पहला रक्तदान शिविर था और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। रोटेरियन नीरज गुप्ता ने रक्तदान को जीवनरक्षक कार्य बताया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर रोटेरियन भविष्या गौतम, दिलप्रीत सिंह, अमन सबरवाल, सुनील शर्मा और अशोक सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जनेड़घाट-बीनू सड़क भूस्खलन से बंद, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

- फसल ढुलान के लिए ग्रामीणों को करना पड़ रहा लंबा सफर
- सड़क बंद होने से रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही

**कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल की चायल क्षेत्र में ग्राम पंचायत बांजनी की जनेड़घाट-शिलाई-बीनू संपर्क सड़क पिछले पांच दिनों से भारी भूस्खलन के कारण बंद है। खासतौर पर शिलाई बाग गांव के पास यह सड़क टूटने से आसपास के कई गांवों और उपगांवों की आवाजाही तथा फसल ढूलान प्रभावित हो रहा है।

यह संपर्क सड़क ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा पंचायत के माध्यम से बनाई गई है। यह मध्यम भार के वाहनों के लिए उपयुक्त है और खिन्ना, मझान, शिलाई, बाग, बीनू व नरूद जैसे गांवों की आवाजाही का एकमात्र मार्ग है। भूस्खलन के कारण सड़क बंद होने से अब ग्रामीणों को अपनी फसलें बीनू से साधुपुल पहुंचाने के लिए जनेड़घाट व चायल होकर करीब 34 किलोमीटर लंबा अतिरिक्त रास्ता तय करना पड़ रहा है। इससे फसल ढूलान महंगा और कठिन हो गया है। इसके अलावा कई गांवों के लोग चार-पांच किलोमीटर पैदल चलकर अन्य मार्गों से आवाजाही करने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभाग के उदासीन रवैये से नाराज ग्रामीणों ने सरकार से सड़क को जल्द ठीक करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ, तो वे सड़कों पर आने को मजबूर हो सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बंदी से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी और खेती दोनों प्रभावित हो रही है, इसलिए तुरंत मरम्मत आवश्यक है।

## गिरि नदी इस वर्ष पहुंची 3.80 मीटर जलस्तर पर

**बीआर चौहान, राजगढ़**



सिरमौर और शिमला जिले की सीमा पर बहने वाली गिरि नदी इस वर्ष बरसात में उफान पर।

जिला सिरमौर और शिमला की सीमा पर बहने वाली गिरि नदी इस वर्ष बरसात के दौरान 3.80 मीटर की अधिकतम जलस्तर पर पहुंची, जो कि सामान्य से ऊपर है, लेकिन अब तक का सर्वोच्च रिकॉर्ड नहीं है। वर्ष 2008 में 20 सितंबर को आई भीषण बाढ़ में गिरि नदी का जलस्तर 8.80 मीटर तक पहुंचा था, जो आज तक का सबसे अधिक दर्ज किया गया जलस्तर है।

यशवंतनगर के मरयोग में स्थित केंद्रीय जल आयोग कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष बरसात के दौरान गिरि नदी का जलस्तर अधिकतम 898.80 मीटर दर्ज किया गया। जल आयोग के कनिष्ठ अभियंता के अनुसार, यशवंतनगर में नदी का बेस लेवल 895 मीटर तय किया गया है। इसके आधार पर पानी की गहराई मापी जाती है। इस वर्ष का जलस्तर 3.80 मीटर रहा, जो कि सामान्य से अधिक जरूर है, पर 2008 की भयावह बाढ़ के करीब भी नहीं। गिरि नदी में बाढ़ आने से क्षेत्र की कई पेयजल और सिंचाई परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं।

नदी का उफान देख स्थानीय निवासी एक बार फिर सहम उठे। हालांकि, भारी वर्षा के बावजूद जलस्तर अपेक्षाकृत कम रहने से बड़ी क्षति से बचाव हुआ। इतिहास की बात करें तो वर्ष 1995 में गिरि नदी में सर्वाधिक जल प्रवाह (डिस्चार्ज) 1787.59 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया था, जो अब तक नहीं टूटा है। गिरि नदी का केचमेंट एरिया 1349 वर्ग किलोमीटर है, जिससे भारी वर्षा के दौरान नदी का प्रवाह तीव्र हो जाता है। पुराने समय में ग्रामीण बाढ़ का अनुमान नदी में मौजूद बड़ी शिलाओं से लगाते थे, जब ये शिलाएं जल में डूब जाती थीं, तो लोग इसे स्वाजा (स्थानीय देवता) का प्रकोप मानते थे और बलि जैसे धार्मिक अनुष्ठान करते थे। यशवंतनगर में गिरि नदी पर एक स्वचालित सैटेलाइट कैमरा भी स्थापित किया गया है, जो जलस्तर की जानकारी सीधे दिल्ली स्थित केंद्रीय जल आयोग के मंडल कार्यालय को भेजता है। इससे नदी की लगातार निगरानी की जाती है और आपदा प्रबंधन में मदद मिलती है।

**संवाद** डॉ. शांडिल ने हिन्नर में 2.78 करोड़ रुपए की योजनाओं का किया लोकार्पण

# संपर्क, स्वास्थ्य और समृद्धि की राह पर हिमाचल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डाहर से पौंडी पैदल पथ पुल का लोकार्पण करते कर्नल धनीराम शांडिल।

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्राम स्तर तक गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं, बेहतर संपर्क साधन, आधुनिक शिक्षण संस्थान तथा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वे ग्राम पंचायत हिन्नर में जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों के साथ संवाद कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने हिन्नर में 2.78 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इनमें 1.53 करोड़ रुपए से बना डाहर से पौंडी पैदल पथ पुल तथा 1.25 करोड़ रुपए से डाहर से चकला तक 3 किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग शामिल है। डॉ. शांडिल ने डाहर से रेहा काटल के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा का शुभारंभ करते हुए बस को हरी झंडी भी दिखाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार योजनाबद्ध ढंग से समाज के सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने अपने ढाई वर्ष के कार्यकाल में चुनावी घोषणा-पत्र की 10 में से 6 गारंटियों को पूर्ण किया है। हिमाचल प्रदेश, दूध पर समर्थन मूल्य देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए 'राजीव गांधी स्टार्टअप योजना' के तहत 680 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही, सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य, 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाना है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में अब तक 185 चिकित्सक, 130 स्टाफ नर्सें, 67 लैब तकनीशियन, 45 फार्मासिस्ट और 61 ऑपरेशन थिएटर सहायक नियुक्त किए जा चुके हैं। शीघ्र ही 200 और चिकित्सकों की भर्ती की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने गौड़ा में गिरि नदी पर सोलन के लिए निर्मित पेयजल भंडारण टैंक व पंप हाउस का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को एक और टैंक के निर्माण की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता रमेश ठाकुर, बीडीसी सदस्य मनीष ठाकुर, सेवानिवृत्त कर्नल डॉ. संजय शांडिल, एसडीएम कंडाघाट गोपाल शर्मा, पूर्व प्रधान निशा ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## 20 सितंबर तक मांगें न मानीं, तो पेंशनर्स प्रदेशभर में करेंगे प्रदर्शन



पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर व महासचिव भूपराम वर्मा।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों व पेंशनर्स के लिए न तो महंगाई भत्ते की किस्त और न ही लंबित संशोधित वित्तीय लाभों की कोई घोषणा करने से पेंशनर्स में भारी नाराजगी है।

प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर और महासचिव भूपराम वर्मा ने सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि अगर 20 सितंबर से पहले 13 फीसदी महंगाई भत्ते समेत सभी लंबित देनदारियां नहीं दी गईं, तो पेंशनर्स प्रदेशभर में उग्र आंदोलन करेंगे। सुरेश ने बताया कि वे हिमाचल पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष भी हैं और समिति के 15 संगठनों की आपात बैठक 10 दिनों के भीतर बुलाई जा रही है, जिसकी तैयारी में प्रदेश महासचिव इंदर पाल शर्मा जुटे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संशोधित ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट, कम्युटेशन और 110 महीनों का महंगाई भत्ता अभी तक नहीं मिला है। कई पेंशनरों के चिकित्सा बिल भी वर्षों से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 15 अप्रैल 2025 को देहरा में घोषित 3 फीसदी डीए भी अब तक नहीं दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर विधायकों के वेतन में बढ़ोतरी और महंगी सरकारी गाड़ियों पर खर्च किया जा रहा है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं निकाला, तो सितंबर के अंत तक सचिवालय व विधानसभा घेराव जैसे आंदोलन किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### अग्रोहा में अत्याधुनिक संग्रहालय की स्थापना की जाएगी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ऐतिहासिक नगरी अग्रोहा को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पुरातात्विक और सांस्कृतिक स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में आयोजित समीक्षा बैठक में अग्रोहा के व्यापक विकास की रणनीति पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्रोहा, महाराजा अग्रसेन की प्राचीन राजधानी होने के कारण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। इसके विकास से यह आस्था और पर्यटन दोनों का केंद्र बन सकेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि अग्रोहा में अत्याधुनिक संग्रहालय की स्थापना की जाएगी, जिसमें खुदाई से प्राप्त पुरावशेषों को संरक्षित कर प्रदर्शित किया जाएगा। हिसार-अग्रोहा मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट ऑथोरिटी को एक समग्र मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें अग्रोहा को एकीकृत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की विस्तृत रणनीति होगी। इसके अतिरिक्त, अग्रोहा के आसपास के पुरातात्विक टीलों की जियो टैगिंग कर उन्हें संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाएगा। अब तक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा की गई खुदाई से यह स्पष्ट हुआ है कि अग्रोहा भारत के ऐतिहासिक परिदृश्य में एक नई पहचान स्थापित करने की क्षमता रखता है।

### साढ़े चार साल बाद हथियार सप्लायर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** रोहतक के बहुचर्चित जाट कॉलेज अखाड़ा हत्याकांड में बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस मामले में मुख्य आरोपी को अवैध हथियार और गोलियां सप्लाई करने वाला दर्शन नामक आरोपी आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। दर्शन, जो कि ढुंगर गांव का रहने वाला है, पिछले साढ़े चार वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 5000 रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। पुलिस के अनुसार, 12 फरवरी 2021 को जाट कॉलेज के जिम्रेज्यि हाल में सुखविंद्र नामक युवक ने मुख्य कोच मनोज, उनकी पत्नी साक्षी, बेटे सरताज, कोच प्रदीप मलिक, सतीश दलाल और खिलाड़ी पूजा तोमर की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। मुख्य आरोपी सुखविंद्र को तो घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन उसे हथियार देने वाला दर्शन तब से फरार था। पुलिस को रविवार देर रात आरोपी के मुजफ्फरनगर में होने की गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर सोमवार शाम को कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और अन्य नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

### विश्वविद्यालयों में बनेंगे पांच एक्सीलेंस सेंटर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा को खेलों में अग्रणी बनाए रखने और मिशन ओलंपिक 2036 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश के विश्वविद्यालयों में खेल विभाग के 5 एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक सेंटर में तीन खेलों की सुविधा होगी। कुल मिलाकर 15 खेलों का प्रशिक्षण एवं सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विश्वविद्यालयों के साथ बैठक कर इस कार्य को जल्द पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में मिशन ओलंपिक 2036 के संबंध में खेल विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### कार में सो रहे युवक को कार सहित किया अगवा

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** यहां एक ड्राइवर को बंधक बनाकर उससे गाड़ी लूटने और फिर गाड़ी को बेचने की योजना बनाने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि आरोपियों में एक नाबालिग है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार डीएलएफ सेक्टर-2 पुलिस थाना क्षेत्र में एक युवक अपने दोस्तों के साथ मिराज क्लब सेक्टर-29 में किराये पर कार लेकर गया था। रात को क्लब से वापस आकर वह कार में ही सो गया सोमवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे तीन युवक कार के पास अए। उन्होंने युवक को जगाकर पीछे की सीट पर धकेल दिया और एक युवक खुद कार चलाने लगा। इससे पहले कि युवक कुछ समझ पाता, उन्होंने कार की गति बढ़ा दी। राष्ट्रीय राजमागर्ग संख्या-48 पर उन्होंने जैकवार वाइन शॉप के निकट युवक को कार से बाहर फेंक दिया।

### बीजेपी की वोट चोरी का पर्दाफाश, कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की जवाबदेही की मांग

# कांग्रेस कमेटी ने निकाला कैंडल मार्च

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



चंडीगढ़। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आज भोपल सिंह स्टेडियम, सेक्टर 45, चंडीगढ़ से विशाल कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रव्यापी आंदोलन का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य बीजेपी द्वारा चुनाव आयोग (ईसीआई) की मिलीभगत से की जा रही बड़े पैमाने पर चुनावी धांधली और वोट चोरी का पर्दाफाश करना था। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडे, मोमबत्तियां और तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे और गगनभेदी नारे लगाए 'वोट चोर गद्दी छोड़' जिससे यह स्पष्ट संदेश गया कि भारत की जनता लोकतंत्र की हत्या बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मार्च का नेतृत्व चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने किया, जबकि आयोजन चंडीगढ़ यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष संदीप गुज्जर ने किया। वरिष्ठ डिप्टी मेयर जसबीर बंटी, डिप्टी मेयर तरुणा मेहता, पार्षद सचिन गालव, विजय राणा, जाहिद परवेज खान, आसिफ चौधरी, यदविंद्र मेहता, जफर सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए एचएस लक्की ने बीजेपी और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला और कहा कि राहुल गांधी के खुलासों ने मोदी की तथाकथित लोकतंत्र की नकली परत को पूरी तरह उतार दिया है। मतदाता सूची में हेरफेर, लाखों नामों की कटौती और फर्जी नामों का जोड़ा जाना बीजेपी-ईसीआई की मिलीभगत को उजागर करता है। कल मुख्य चुनाव आयुक्त की प्रेस कॉन्फ्रेंस ने आयोग की खुली पक्षपातपूर्ण सोच को सामने ला दिया वह भाषा एक संवैधानिक प्राधिकरण की नहीं बल्कि बीजेपी के एजेंट की थी। यह लोकतंत्र के खिलाफ राजद्रोह से कम नहीं है। अगर चुनाव आयोग बीजेपी की कठपुतली बनना चाहता है, तो उसे अस्तित्व में रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। चंडीगढ़ कांग्रेस पूरी जवाबदेही, पूर्ण पारदर्शिता और मोदी सरकार व हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की बीजेपी सरकारों के तत्काल इस्तीफे की मांग करती है, जिन पर वोट चोरी के ये चौंकाने वाले आरोप हैं। कांग्रेस पार्टी तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सच्चाई सामने नहीं आती।

### चंडीगढ़ कांग्रेस ने दोहराया-मार्च सिर्फ शुरुआत

प्रदर्शन के दौरान सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी स्वागत किया गया, जिसमें आज बिहार की मतदाता सूची के मामले में चुनाव आयोग को कड़ा झटका दिया गया। कोर्ट ने अस्थायी ड्राफ्ट रोल प्रकाशित करने, 65 लाख हटाए गए मतदाताओं के नाम बहाल करने और हटाने के कारण बताने का निर्देश दिया। साथ ही, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वोटर शामिल करने के लिए आधार कार्ड स्वीकार किया जाए। संदीप गुज्जर ने इस निर्णय को 'समझौता किए हुए आयोग पर जनता की जीत' बताया।
चंडीगढ़ कांग्रेस ने दोहराया कि यह मार्च सिर्फ शुरुआत है। संविधान और भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को बचाने के लिए यह लड़ाई और तेज होगी। पार्टी ने संकल्प लिया कि जब तक चुनावी प्रणाली से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म कर उसकी विश्वसनीयता बहाल नहीं होती, तब तक यह संघर्ष पूरे देश में जारी रहेगा।

# एमसीएम ने आध्यात्मिक उत्साह के साथ इंडक्शन वीक का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय ने अपने इंडक्शन वीक की शुरुआत एक आध्यात्मिक वातावरण में हवन समारोह के साथ की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज गवर्निंग बॉडी के वरिष्ठ सदस्य श्री आरसी जीवन उपस्थित रहे। पवित्र यज्ञ का अनुष्ठान आर्य समाज, सेक्टर 16, चंडीगढ़ के पंडित दाऊ दयाल द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर नई छात्राएं और संकाय सदस्य एकत्रित हुए और पवित्र अग्नि में आहुतियां अर्पित कर नए शैक्षणिक सत्र की सफलता और मंगल की कामना की। आरसी जीवन ने हर्ष व्यक्त किया कि छात्राओं की नई शैक्षणिक यात्रा दिव्य आशीर्वाद के साथ प्रारंभ हो रही है। उन्होंने इस पावन अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यज्ञ केवल एक अनुष्ठान नहीं बल्कि 'एक भावना, एक संवेदना और एक श्रेष्ठ कर्म' है, जो जीवन में प्रगति और अनुशासन का प्रतीक है।

उन्होंने छात्राओं से ईश्वर के वास्तविक गुणों को समझने का आग्रह किया और बताया कि सृष्टि, आचरण और परिवर्तन ही दिव्यता का मूल स्वरूप हैं। उन्होंने छात्राओं को एकमात्र सत्य का ही उपासक बनने की सलाह दी। आगे उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि दया और धर्म ही उनके कर्मों का आधार होना चाहिए। स्वामी दयानंद सरस्वती जी के वचनों का उल्लेख किया।

# लैंड स्टैक प्रोजेक्ट एक अग्रणी पहल : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ में लैंड स्टैकिंग प्रोजेक्ट को पायलट आधार पर लागू करने हेतु गठित समिति की पहली बैठक आज एस चोकलिंगम, प्रिंसिपल सेक्रेटरी एवं सीईओ, महाराष्ट्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त, चंडीगढ़ सहित अन्य समिति सदस्यों ने भाग लिया। लैंड स्टैक प्रोजेक्ट एक अग्रणी पहल है, जिसका उद्देश्य एक व्यापक, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-आधारित भूमि अभिलेख प्रबंधन प्रणाली का निर्माण करना है।

यह एकीकृत भूमि सूचना प्रणाली होगी, जिसमें किसी भी भूमि से संबंधित सभी विवरण एक ही डेटाबेस में उपलब्ध रहेंगे। इसके माध्यम से विभागों तथा नागरिकों को मात्र एक क्लिक पर यह जानकारी प्राप्त हो सकेगी कि कोई प्लॉट निर्माणाधीन है या नहीं।

यह प्रणाली भूमि से संबंधित विश्वसनीय जानकारी की कमी को भी दूर करेगी, जो स्वामित्व, ज़ोनिंग या विधिक प्रतिबंधों की पुष्टि हेतु संपत्ति लेन-देन के समय अत्यंत महत्वपूर्ण है।

लैंड स्टैक प्रोजेक्ट के उद्देश्य एवं लक्ष्य हैं एकीकृत एवं पारदर्शी भूमि अभिलेख डेटाबेस का निर्माण, प्रमाणित डिजिटल रिकॉर्ड्स के माध्यम से संपत्ति लेन-देन को सरल बनाना, सटीक भू-स्थानिक आंकड़ों द्वारा शहरी नियोजन एवं आधारभूत ढांचे के विकास को सशक्त करना, तथा विवाद, मुकदमेबाजी और भूमि से जुड़े मामलों में देरी को कम करके नागरिक सेवाओं को सुदृढ़ करना।

साथ ही, यह सुशासन को बढ़ावा देगा, जिसमें जवाबदेही, विभागीय समन्वय और न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप सुनिश्चित होगा। इसके अतिरिक्त, ब्लॉकचेन और आधुनिक आईटी समाधानों का उपयोग कर आंकड़ों की प्रामाणिकता, गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# अनुबंध कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा के लिए शुरू होगा ऑनलाइन पोर्टल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने अनुबंधित कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा संबंधी मामलों में पारदर्शिता, सटीकता एवं एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने का निर्णय लिया है। हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) नियम, 2025 के अंतर्गत आवेदन इस पोर्टल के माध्यम प्रस्तुत किए जाएंगे और इसी के माध्यम से इन पर विचार किया जाएगा।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को लिखे एक पत्र में कहा गया है कि कई विभागों, बोर्डों और निगमों द्वारा नए प्रावधानों पर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा था। ऐसे में राज्य सरकार ने पूरी प्रक्रिया को सरल और एकरूप बनाने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने का निर्णय लिया है। यह आवेदन प्रक्रिया समयबद्ध होगी, जिससे प्रशासनिक देरी कम होगी।

इस संबंध में सभी विभागों, बोर्डों और निगमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे मामले मानव संसाधन विभाग को स्पष्टीकरण अथवा परामर्श हेतु न भेजें, क्योंकि पूरा कार्य ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही किया जाएगा। इसलिए सभी विभागों और बोर्डों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऑनलाइन प्रणाली के शुभारंभ का इंतजार करें, क्योंकि आगे की पूरी प्रक्रिया इसी माध्यम से संचालित होगी।

### पहाड़ी क्षेत्र मोरनी व कालका में सुगम होगा आवागमन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला पंचकूला के पाहड़ी क्षेत्र मोरनी व कालका में लोगों को सुगम आवागमन सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 19 गांवों के लगभग 61 किलोमीटर कच्चे रास्तों को पक्का कर पेवर ब्लॉक की सडक़ें बनाने के निर्देश दिए। इन सड़कों की चौड़ाई 12 फुट होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को लोक निर्माण विभाग और वन विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने वन विभाग से एनओसी लेकर शीघ्र इन गांवों में सडक़ों के निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। मोरनी व कालका के पहाड़ी क्षेत्र के इन गांवों में सडक़ बनने से वहां के निवासियों को आवाजाही के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

## देश-विदेश

# पुलिस का दावा-यूट्यूबर ज्योति ने बनाए थे कश्मीर बांध के वीडियो

**एजेंसी, हिसार**



पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की 18 अगस्त को हिसार कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। कोर्ट ने उसे 7 दिन की न्यायिक हिरासत में फिर जेल भेज दिया। ज्योति के वकील कुमार मुकेश ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि 25 अगस्त को ज्योति की कोर्ट में फिजिकल पेशी होगी, जिसमें उसे चार्जशीट की कॉपी सौंपी जाएगी। हिसार पुलिस ने 14 अगस्त को कोर्ट में ज्योति के केस की 2500 पन्नों की चार्जशीट सौंपी थी, जिसमें पुलिस ने जांच के आधार पर जासूसी के सबूत होने के दावे किए हैं। जांच से जुड़े पुलिस सूत्रों से कई अहम खबरें सामने आई हैं। हालांकि चार्जशीट की कॉपी अभी किसी को नहीं मिली है, इस वजह से औपचारिक तौर पर पुलिस के दावों की पुष्टि नहीं हो सकी है। यह भी दावा किया गया है कि ज्योति लगातार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारियों और एजेंटों के संपर्क में थी। ज्योति ने भारत में संवेदनशील जगहों के न केवल वीडियो बनाए, बल्कि उनको पाकिस्तानी एजेंटों को शेयर भी किया। ज्योति ने कश्मीर में डैम के वीडियो शूट किए थे। ये डैम भारत के लिहाज से बेहद संवेदनशील माने जाते हैं। हालांकि ज्योति ने कौन से डैम के वीडियो बनाए, अभी इसके बारे में कुछ नहीं बताया है। (अनंत ज्ञान)

**गिरफ्तारी की भनक लगते ही डिलीट कर दिया था डेटा**

### पन्नू ने वॉशिंगटन में करवाया रेफरेंडम

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** खालिस्तानी समर्थक व सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अब अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में रेफरेंडम करवाया है। पन्नू ने इस रेफरेंडम का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें दावा कर रहा है कि वे हिंदुस्तान के टुकड़े करने के लिए बम तैयार कर रहा है। लेकिन इसके साथ ही एक तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें एक पंडाल में खाली कुर्सियां नजर आ रही हैं। पन्नू वीडियो में दावा कर रहा है- ये हिंदुस्तान में टुकड़े करने के लिए बम तैयार किए हैं। जितने भी बम बने हैं, वे अपने झंडे खड़े करें- जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल। हर एक बम में रेफरेंडम का बारूद है। हिंदुस्तान को तहस-नहस किया जाएगा। खालिस्तान जिंदाबाद। वॉशिंगटन डीसी में खालिस्तान समर्थक दिल्ली बनेगा खालिस्तान और हरियाणा बनेगा खालिस्तान के भी नारे लगाते वीडियो में दिखे हैं। (अनंत ज्ञान)

# गया में 'वोटर अधिकार यात्रा' में समर्थकों-पुलिस में धक्का-मुक्की

**एजेंसी, पटना**



वोटर लिस्ट रिवीजन के खिलाफ वोटर अधिकार यात्रा के दूसरे दिन राहुल गांधी का काफिला औरंगाबाद से गया पहुंच गया है। गया में राहुल की यात्रा को लेकर युवाओं में क्रेज दिखा। लोग राहुल-तेजस्वी को देखने के लिए बसों की छत और पेड़ पर चढ़ गए। इस दौरान दोनों पार्टी के समर्थकों और पुलिस में हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। युवाओं का कहना है, 'हम लोग राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को देखने आए हैं। उनसे उम्मीद है। बिहार में वैसे तो बस पेपर लीक हो रहा है।' सोमवार सुबह राहुल गांधी औरंगाबाद के देव पहुंचे। जहां सूर्य मंदिर में राहुल गांधी ने पूजा की। दंडवत द्वार से राहुल गांधी मंदिर के अंदर गए। गर्भ गृह में पहुंचे, हाथों में फूल लेकर संकल्प किया फिर पूजा की। भगवान के आगे माथा टेका। करीब 5 मिनट बाद गर्भ गृह से बाहर निकले तो ललाट पर तिलक, गले में माला और कंधे पर गुलाबी चुनरी थी। उसके बाद उन्होंने जल चढ़ाकर मंदिर की परिक्रमा भी की। (अनंत ज्ञान)

### पटना में एसटेट कैंडिडेट्स पर पुलिस का लाठीचार्ज

**एजेंसी, पटना।** पटना में एसटेट और लाइब्रेरियन की परीक्षा की मांग को लेकर अभ्यर्थियों पर सोमवार को पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। अभ्यर्थी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पटना कॉलेज परिसर से सीएम हाउस के घेराव के लिए निकले थे। कैंडिडेट्स भिखना पहाड़ी, खेतान मार्केट, जेपी गोलंबर होते हुए डाकबंगला चौराहा पहुंचे। यहां से सीएम हाउस जाने का प्लान था। इससे पहले पुलिस ने डाकबंगला चौराहे पर अभ्यर्थियों को पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोका था। वाटर कैनन की गाड़ी भी बुलाई गई थी। कैंडिडेट्स बैरिकेडिंग पर चढ़कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। वो यहां से आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बल प्रयोग कर सभी को खदेड़ा। (अनंत ज्ञान)

### कोच्चि में टेकऑफ से पहले एयर इंडिया प्लेन खराब

**एजेंसी, कोच्चि।** केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर सोमवार रात एयर इंडिया के प्लेन में टेकऑफ से पहले खराबी आ गई। फ्लाइट कोच्चि से दिल्ली जाने वाली थी। कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। एयर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि फ्लाइट संख्या एआई504 में उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी का पता चला। कॉकपिट क्रू ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उड़ान नहीं भरने का फैसला किया और विमान को रखरखाव जांच के लिए वापस बे में ले आए। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय मूल की कृशांगी ब्रिटेन की सबसे युवा सॉलिसिटर



**एजेंसी, लंदन।** भारतीय मूल की लॉ ग्रेजुएट कृशांगी मेश्राम इंग्लैंड और वेल्स की सबसे कम उम्र की सॉलिसिटर बन गई हैं। वह 21 साल की हैं। कृशांगी पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ी और फिलहाल यूएई में रह रही हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स ओपन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई शुरू की। 18 साल में फर्स्ट क्लास ऑनर्स की डिग्री हासिल कर ली। कृशांगी ने कहा- मैं ओपन यूनिवर्सिटी की बहुत आभारी हूं कि उसने मुझे 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की नींव रखी, बल्कि कानून के प्रति एक गहरा और स्थायी जुनून भी मिला। (अनंत ज्ञान)

### ओडिशा में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** ओडिशा के संबलपुर जिले में एक 14 वर्षीय लड़की के साथ पांच लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि यह घटना रविवार शाम 6.30 से सात बजे के बीच जिले के जुजुमुरा इलाके में हुई, जब पीड़िता शौच के लिए अपने घर से बाहर गई थी। पीड़िता के परिवार द्वारा जुजुमुरा पुलिस स्टेशन में की गई लिखित शिकायत के आधार पर, नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो किशोरों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

# मुंबई में भारी बारिश, स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी

**एजेंसी, मुंबई**



मुंबई और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह से तेज बारिश जारी है। कई इलाकों में पानी भर गया है। इसके चलते सड़कों पर लंबा जाम लगा हुआ है। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में मुंबई में 54 मिमी बारिश हुई है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने मुंबई के सभी स्कूल और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है। लोगों से अपील की है कि बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे मुंबई में बहुत ज्यादा बारिश का अलर्ट जारी किया है। बारिश के कारण मुंबई एयरपोर्ट की कई फ्लाइट्स लेट हो गई हैं। हालांकि, एयरपोर्ट प्रबंधन ने डिले फ्लाइट्स की संख्या नहीं बताई है। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के अनुसार, मुंबई एयरपोर्ट की फ्लाइट्स औसतन 54 मिनट देर से उड़ रही हैं। लोकल ट्रेन भी 15 से 20 मिनट देर से चल रहीं। (अनंत ज्ञान)

### विपक्ष को चोर-चोर करने की आदत: संबित पात्रा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा के मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के लोगों की हताशा की सीमा इस कदर बढ़ गई है कि हमेशा चोर-चोर करते रहते हैं। संबित पात्रा ने आगे कहा कि- राफेल के समय पर चौकीदार चोर, अब वोट की चोरी। यह स्वाभाविक है, जिसके स्वभाव में जो होता है, उन शब्दों का प्रयोग वो बार-बार करता है। यूपी में दो लड़के थे, यहां भी दो लड़के हैं। ये जेल यात्रा, बेल यात्रा सबकुछ करने के बाद अब कौन सी यात्रा कर रहे हैं, पता नहीं चोरी की यात्रा, कुछ नहीं होने वाला है। जनता जनार्दन है, सब कुछ जानती है। एक चारा चोर और दूसरा पूरे भारत के सब पदार्थों की चोरी करने वाले परिवार, ये मिलकर संवैधानिक संस्थाओं को चोर घोषित करने का काम कर रहे हैं, यह आपत्तिजनक है।

# रोजगार मिलने तक प्रवासी श्रमिकों को 5000 प्रति माह देगी ममता सरकार

**एजेंसी, कोलकाता**



प्रवासी श्रमिकों को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा तोहफा दिया है। सीएम ने प्रवासी मजदूरों के पुनर्वास के लिए योजना शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत प्रवासी श्रमिकों को एक वर्ष तक या जब तक उन्हें रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हर महीने पांच हजार रुपए दिए जाएंगे। कई राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों को निशाना बनाए जाने सीएम ममता बनर्जी केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों पर हमला पूर्व नियोजित है। भाजपा शासित राज्यों में लगभग 22 लाख प्रवासी श्रमिक और उनके परिवार परेशान हैं। मंत्रिमंडल ने वापस लौटने और अपना जीवन नए सिरे से शुरू करने के इच्छुक प्रवासी श्रमिकों के पुनर्वास में मदद के लिए इस योजना को मंजूरी दे दी है।

सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया था कि बंगाली बोलने वाले भारतीयों को बांग्लादेशी कहकर जबरन बाहर भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल के प्रवासी मजदूरों को दूसरी जगहों पर सिर्फ उनकी भाषा की वजह से परेशान किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि जब वह इसका विरोध करती हैं, तो कुछ लोग उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाने की मांग करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### नाइजीरिया में नाव पलट जाने से 40 लोग लापता

**एजेंसी, अबुजा।** उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया में रविवार को एक नदी में नाव पलट जाने से कम से कम 40 लोग लापता हैं। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने रविवार देर रात एक बयान में कहा कि यह दुर्घटना सोकोतो राज्य के गोरोन्यो इलाके के आसपास उस समय हुई जब लोग नाव में सवार होकर बाजार जा रहे थे। आपातकालीन एजेंसी ने कहा कि 10 लोगों को बचाया गया है। खोज और बचाव अभियान जारी हैं। नाइजीरिया में बारिश के मौसम में दूरदराज के इलाकों में ऐसी दुर्घटनाएं आम हैं, जो अक्सर नावों के क्षमता से अधिक भरे होने और खराब रखरखाव वाले जहाजों के कारण होती हैं। पिछले महीने भी उत्तर-मध्य नाइजीरिया के एक बाज़ार में यात्रियों को ले जा रही एक नाव पलट गई, जिसमें कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

**बढ़ोतरी** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार में हरियाली, मार्केट गुलजार

# सेंसेक्स में 676, निफ्टी में 246 अंक का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**




दिवाली तक जीएसटी व्यवस्था में बड़े सुधार की योजना से वाहन और टिकाऊ उपभोक्ता सामान कंपनियों के शेयरों में भारी खरीदारी हुई। इससे सोमवार को भारतीय बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी द्वारा भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने का भी बाजार पर सकारात्मक असर पड़ा। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 676.09 अंक या 0.84 प्रतिशत उछलकर 81,273.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,168.11 अंक या 1.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,765.77 अंक पर पहुंचा। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 245.65 अंक या 1.00 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,876.95 पर आ गया। कारोबार के दौरान यह 390.7 अंक या 1.58 प्रतिशत बढ़कर 25,022 पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सबसे अधिक 8.94 प्रतिशत चढ़ी। वहीं, जाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और ट्रेंट के शेयर भी लाभ में रहे। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 24 पैसे बढ़कर 87.35 (अनंतिम) पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

### सोने और चांदी के दामों में गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 18 अगस्त को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 286 रुपए गिरकर 99,737 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,00,023 रुपए पर था। वहीं, 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी की कीमत आज 916 रुपए कम होकर 1,14,017 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,933 रुपए पर थी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पीएसजी ने 1-0 से संघर्षपूर्ण जीत के साथ अभियान किया शुरू

एजेंसी, पेरिस। चैंपियंस लीग की चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग 1 के अपने शुरुआती मैच में नैनटेस पर 1-0 की जीत दर्ज करके फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में खिताब बचाने का अपना अभियान शुरू किया। पीएसजी की टीम इस मैच में लय में नहीं दिखी। मैच का एकमात्र गोल पुर्तगाल के मिडफील्डर विटिना ने 67वें मिनट में किया। उन्होंने लगभग 20 मीटर दूर से गेंद को लो और डिफेंडर चिडोजी अवाजिएम को छकाकर गोल किया। कोच लुइस एनरिक की टीम के लिए यह गोल काफी साबित हुआ, जो एक बार फिर गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के बिना खेल रही थी। अनुभवी स्ट्राइकर ओलिवियर गिरोड को लीग 1 में वापसी करने पर गोल करने में केवल 11 मिनट लगे, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था, उनकी नई टीम लिली ने ब्रेस्ट के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला। (अनंत ज्ञान)

### अहमदाबाद मैराथन के नौवें सत्र का आयोजन 30 नवंबर को

एजेंसी, अहमदाबाद। 'रन फॉर आवर सोल्जर्स' (हमारी सेना के सम्मान में दौड़)' के थीम के साथ अहमदाबाद मैराथन के नौवें सत्र का आयोजन 30 नवंबर को यहां के साबरमती रिवरफ्रंट पर होगा। इस आयोजन में चार दौड़ श्रेणियां होंगी। इसमें मैराथन, हाफ-मैराथन, 10 किमी की दौड़ और पांच किमी की दौड़ शामिल हैं। यह विभिन्न आयु वर्ग और फिटनेस स्तर के प्रतिभागियों को आकर्षित करेगी। 'अडानी स्पोर्ट्स लाइन' द्वारा आयोजित इस मैराथन को एक बार फिर साबरमती रिवरफ्रंट से हरी झंडी दिखाई जाएगी, जो अटल ब्रिज, गांधी आश्रम और एलिस ब्रिज जैसे शहर के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थानों से होकर गुजरेगी। इस मैराथन का मुख्य थीम 'रन फॉर आवर सोल्जर्स' है। आयोजन के दौरान इस साल महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान देश के रक्षा बलों के असाधारण प्रयासों को सम्मानित किया जाएगा। 'अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल)' के निदेशक प्रणव अडानी ने कहा, ''यह मैराथन एक शानदार परंपरा बन गई है। इस दौड़ के उत्सव में हजारों की संख्या में लोग शामिल होते है। इसकी असली आत्मा 'रन फॉर आवर सोल्जर्स' है।'' उन्होंने कहा कि हमारे बहादुर सैनिकों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में असाधारण साहस दिखाया जिसके प्रति आभार व्यक्त करना चाहते है।(अनंत ज्ञान)

### लद्दाख मैराथन में भाग लेंगे 6,000 से ज्यादा धावक, 11 सितंबर से होगा आयोजन

एजेंसी, नई दिल्ली। लद्दाख मैराथन के 12वें सत्र का आयोजन 11 से 14 सितंबर तक होगा, जिसमें 30 देशों के 6,000 से अधिक धावक भाग लेंगे। इस मैराथन में छह वर्गों के दौड़ में पांच किमी की 'कम्युनिटी रन' से लेकर दो अल्ट्रा-मैराथन शामिल हैं। आयोजकों ने बताया कि दुनिया की सबसे ऊंची एआईएमएस (एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेसेस) प्रमाणित मैराथन में दो कठिन अल्ट्रा-मैराथन में 72 किमी की खार्दुंग ला चैलेंज और बेहद कठिन माने जाने वाले 122 किमी की सिल्क रूट अल्ट्रा शामिल है। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, ''यह रेस लेह और उसके आसपास होगी, जहां प्रतिभागी सिंधु नदी के किनारे खार्दुंग ला और नुब्रा के ऊंचे दर्रों से होते हुए और हिमालय के कुछ सबसे शानदार नजारों के बीच दौड़ेंगे।'' इस आयोजन में मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी), 11.2 किमी की दौड़, और 'रन लद्दाख फॉर फन' की पांच किमी की दौड़ भी शामिल हैं। सिल्क रूट अल्ट्रा 11 सितंबर को शुरू होगी, जिसमें धावक 10,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित क्यारी गांव से 122 किमी का रास्ता तय करते हुए खार्दुंग ला दर्रे को पार करके लेह बाजार पहुंचेंगे। (अनंत ज्ञान)

**खूबसूरत अंदाज में तानिया भाटिया**

प्रतिभाशाली क्रिकेटर, तानिया भाटिया पंजाब के लिए लिस्ट-ए (13 वर्ष और 345 दिन) और टी20 (15 वर्ष और 89 दिन) में डेब्यू करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। बल्ले से तो वह कमाल की हैं ही, 27 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी तेज विकेटकीपिंग के लिए जानी जाती हैं।



## क्वार्टर फाइनल मैच | आकाश दीप, कप्तान किशन दलीप ट्रॉफी से बाहर

# अभिमन्यु करेंगे पूर्व क्षेत्र की अगुवाई

एजेंसी, कोलकाता

भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन चोट से उबरने के कारण उत्तर क्षेत्र के खिलाफ होने वाले दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में पूर्व क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं कर पायेंगे। किशन टीम के कप्तान भी थे।

भारतीय घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के मैदानों में खेला जाएगा। इंग्लैंड के हालिया दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच खेलने वाले आकाशदीप कमर की चोट से अभी तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाए हैं। 28 वर्षीय इस गेंदबाज की जगह बिहार के मुख्तार हुसैन को पूर्व क्षेत्र की टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में 10 विकेट सहित शृंखला में 13 विकेट लेने वाले बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश ने क्षेत्रीय चयन समिति को बताया है कि चिकित्सीय सलाह के अनुसार वह इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अक्टूबर से शुरू होने वाली टेस्ट शृंखला के लिए फिट होने की उम्मीद है। इस बीच किशन भी हाथ की चोट से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं। किशन के एक करीबी सूत्र ने कहा, '' किशन के ई-बाइक से गिरने के बाद उनके हाथ में कुछ टांके लगे हैं और वह फिलहाल बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरना) में हैं।''




सूत्र के अनुसार, ''यह गंभीर नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले दो चार दिवसीय मैचों के लिए वह भारत 'ए' टीम में चयन लिए फिट हो जाएंगे।''(अनंत ज्ञान)

### असम के ऑलराउंडर रियान पराग होंगे उपकप्तान

बंगाल के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को पूर्वी क्षेत्र का कप्तान बनाया गया है जबकि असम के ऑलराउंडर रियान पराग उनके उप-कप्तान होंगे। ईश्वरन इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के भारत दौरे का हिस्सा थे लेकिन उन्हें पदार्पण का मौका नहीं मिला। किशन की जगह ओडिशा के आशीर्वाद स्वाइन को टीम में शामिल किया गया है। झारखंड के कुमार कुशाग्र के पहले पसंद के विकेटकीपर होने की संभावना है। दलीप ट्रॉफी से अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर वापसी करेंगे। शमी ने पिछले दो साल में प्रथम श्रेणी का सिर्फ एक मैच खेला है। शमी के साथ मुकेश कुमार भी टीम का हिस्सा है।

### दलीप ट्रॉफी के लिए पूर्व क्षेत्र टीम

**अभिमन्यु** ईश्वरन (कप्तान), रियान पराग (उप-कप्तान), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), आशीर्वाद स्वाइन (विकेटकीपर), उत्कर्ष सिंह, मनीशी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, मुख्तार हुसैन और मोहम्मद शमी।
**स्टैंडबाई :** मुख्तार हुसैन, वैभव सूर्यवंशी, स्वास्तिक समल, सुदीप कुमार घरामी, राहुल सिंह।

## एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल के लिए किया क्वालिफाई

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग 2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह मुकाबला स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होगा। नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया डायमंड लीग मीट में हिस्सा नहीं लिया था और उनके 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले अगले डायमंड लीग चरण में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है। (अनंत ज्ञान)




### तालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद नीरज

हालांकि, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि वह ब्रसेल्स में हिस्सा लेंगे या नहीं क्योंकि नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम तालिका के हिसाब से डायमंड लीग फाइनल के लिए जगह पक्की कर ली है। नीरज ने दो डायमंड लीग मीट में हिस्सा लिया और वह 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। नीरज एक चरण में शीर्ष पर रहे थे, जबकि एक अन्य डायमंड लीग मीट में दूसरे स्थान पर थे। नीरज से आगे 17 अंक लेकर केशोर्न वालकॉट और 15 अंकों के साथ जूलियन वेबर हैं। ब्रसेल्स चरण के बाद तालिका में शीर्ष छह पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे।

### इस सीजन बेहतरीन रहा नीरज का प्रदर्शन

नीरज ने पांच जुलाई को नीरज चोपड़ा क्लासिक में हिस्सा लिया था जहां उन्होंने 86.18 मीटर का थ्रो कर खिताब जीता था। नीरज के लिए यह सीजन अब तक शानदार रहा है क्योंकि उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में बहुप्रतिक्षित 90 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया था। उन्होंने 90.23 मीटर का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका था और वह वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। इसके बाद नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान प्राप्त किया था। नीरज 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाले विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे।

## भारतीय तीरंदाज पहली फ्रेंचाइजी लीग में लेंगे भाग

एजेंसी, नई दिल्ली

दीपिका कुमारी, धीरज बोम्मादेवरा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा सहित भारत के शीर्ष तीरंदाज पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) में भाग लेंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह प्रतियोगिता अक्तूबर में यहां यमुना खेल परिसर में 11 दिन तक आयोजित की जाएगी। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा दुनिया भर के प्रमुख रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज हिस्सा लेंगे। इनमें कई चोटी के खिलाड़ी शामिल हैं जिनके नाम की घोषणा बाद में की जाएगी। एपीएल को विश्व तीरंदाजी और एशियाई महासंघ का समर्थन प्राप्त है।



उद्घाटन सत्र में नीलामी के बजाय ड्राफ्ट प्रणाली अपनाए जाने की संभावना है, जिसमें प्रत्येक टीम में आठ सदस्य (चार पुरुष और चार महिला) होंगे। टीमों में अधिकतम दो विदेशी तीरंदाज शामिल हो सकते हैं, जिनमें से कम से कम एक का 'प्लेइंग फोर' का हिस्सा होना अनिवार्य है। यह प्रतियोगिता दूधिया रोशनी में खेली जाएगी। भारतीय तीरंदाजों का चयन विश्व रैंकिंग के साथ-साथ भारतीय तीरंदाजी संघ के हालिया चयन ट्रायल के आधार पर किया गया है। भारतीय खिलाड़ियों में दीपिका, धीरज, तरुण दीप राय और अतनु दास पर सभी की निगाह टिकी रहेगी।

कंपाउंड में विश्व रिकॉर्ड धारक ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव आकर्षण का केंद्र होंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''हमें खुशी है कि तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले सत्र में भारत के सर्वश्रेष्ठ तीरंदाज भाग लेंगे। यह लीग लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करेगी और मुकाबले भी काफी कड़े होंगे। (अनंत ज्ञान)

## सिराज को आउट करने का पल हमेशा याद रहेगा: बशीर

एजेंसी, लंदन

ऑफ स्पिनर शोएब बशीर का मानना है कि भारत के मोहम्मद सिराज को आउट करके लॉर्ड्स टेस्ट मैच में इंग्लैंड को जीत दिलाने का पल उन्हें हमेशा याद रहेगा। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने ऐसे समय में सिराज को आउट करके इंग्लैंड को जीत दिलाई जब भारत रविंद्र जडेजा की शानदार पारी से जीत की तरफ बढ़ रहा था। बशीर ने इसका श्रेय अपने पूर्व साथी मोईन अली को दिया।



बशीर ने द संडे टाइम्स से कहा, ''मैं पहली बार मोईन अली से एजबेस्टन में मिला था और हमने बहुत बातें कीं। मोईन ने मुझे कैरम बॉल फेंकने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं और उनका यह कहना कि 'खुद पर भरोसा रखो,' मेरे लिए बहुत मायने रखता था।'' बशीर ने कहा, ''मैं पिछले कुछ समय से कैरम बॉल पर काम किया। मैं इस गेंद का लगातार अभ्यास कर रहा था। मैंने सिराज को इसी गेंद पर आउट किया (पहली पारी में स्टंप आउट), एक बहुत ही धीमी गेंद पर जिसकी गति लगभग 43 से 44 मील प्रति घंटा थी।''

उन्होंने कहा, ''सिराज को दूसरी पारी में आउट करने का पल मुझे हमेशा याद रहेगा क्योंकि भारत तब जीत की तरफ बढ़ रहा था। हम मौके बना रहे थे लेकिन विकेट हासिल नहीं कर पा रहे थे। मुझे खुशी है कि कप्तान ने मुझ पर भरोसा दिखाया और मैं उनके भरोसे पर खरा उतरा।''(अनंत ज्ञान)

## खेल प्रशासन में शीर्ष पदों के लिए अब कार्यकारी परिषद में एक कार्यकाल काफी

एजेंसी, नई दिल्ली

खेल मंत्रालय खेल महासंघों के शीर्ष पदों के लिए 'युवा प्रशासकों' और 'खिलाड़ियों' को प्रोत्साहित करने के लिए पहले से निर्धारित दो कार्यकाल के पात्रता नियम को खत्म कर इसे सिर्फ एक कार्यकाल तक सीमित करना चाहता है। पिछले सप्ताह संसद में पारित हो चुके राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक को औपचारिक रूप से एक अधिनियम बनने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार है। इसमें राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) में अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव लड़ने हेतु मानदंड निर्धारित किए गए है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पिछले हफ्ते संशोधित विधेयक पारित होने के बाद पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि यह बदलाव प्रशासकों का एक बड़ा प्रतिस्पर्धी क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संतुलन बनाता है।

उन्होंने तर्क दिया, '' महासंघों के चुनावों में दावेदारी पेश करने के लिए न्यूनतम पूर्व कार्यकाल की शर्त को कम करने का निर्णय योग्य और सक्षम उम्मीदवारों के विकल्प को व्यापक बनाने के लिए लिया गया। इसमें यह भी सुनिश्चित किया गया कि उनके पास प्रभावी ढंग से सेवा करने के लिए पर्याप्त अनुभव हो।'' मांडविया ने कहा, 'खेल विधेयक से जुड़े विचार-विमर्श में खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों सहित कई हितधारकों ने जोर दिया कि अत्यधिक प्रतिबंधात्मक पात्रता नियम पद पर बैठे लोगों को मजबूत करते हैं और नए नेतृत्व के लिए अवसरों को सीमित करते हैं।'' वर्तमान अध्यक्ष पीटी उषा और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के प्रमुख कल्याण चौबे अगर चाहें तो फिर से चुनाव लड़ सकें, नियमों में ढील दी गई है।

**पीटी उषा और कल्याण चौबे लड़ सकते है चुनाव**



संशोधित प्रावधान राज्य निकायों के अध्यक्षों, सचिवों और कोषाध्यक्षों के लिए भी राष्ट्रीय खेल संघों में नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए दावा करने का रास्ता बनाता है, जिससे चुनाव के समय प्रतिस्पर्धा का दायरा बढ़ेगा। ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी उषा और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के प्रमुख कल्याण चौबे अगर चाहे तो फिर चुनाव लड़ सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

## त्रिकूद खिलाड़ी डोपिंग के कारण निलंबित

एजेंसी, नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाली एक महिला त्रिकूद खिलाड़ी को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने प्रतिबंधित पदार्थ के परीक्षण में पॉजिटिव पाए जाने के बाद निलंबित किया है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि 30 वर्ष से अधिक की यह खिलाड़ी 2023 में हांगझोउ एशियाई खेलों में भी भाग ले चुकी है।

फिलहाल इस एथलीट की पहचान गुप्त रखी जा रही है। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि वह किस प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाई गई है। नवीनतम असफल परीक्षण से भारतीय एथलीटों का चिंताजनक रूप से नियमित रूप से डोप उल्लंघन में फंसना जारी है।

इससे पहले 11 अगस्त को राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चक्का फेंक खिलाड़ी गगनदीप सिंह सहित कुछ अन्य खिलाड़ी उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल थे जिन्हें नाडा ने तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया। इन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपना अपराध स्वीकार कर लिया था।

## अदिति सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पोर्टलैंड क्लासिक में छठे स्थान पर रही



एजेंसी, पोर्टलैंड (ओरेगन)

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक आखिरी दौर में पांच अंडर 67 के शानदार कार्ड के साथ एलपीजीए टूर के 'द स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक' में छठे स्थान पर रही। अदिति का यह मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

यह इस सत्र में दूसरा मौका है जब वह शीर्ष 10 में रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त नौवां स्थान (मायाकोबा में रिवियेरा माया ओपन) था। अदिति ने चार दौर में 69-70-65-67 के कार्ड के साथ कुल 17 अंडर का स्कोर बनाया। आखिरी दौर में दो बोगी के मुकाबले सात बर्डी लगाए। जापान की अकेई इवाई छह अंडर 64 का कार्ड खेलने के बाद चार शॉट से बड़ी जीत दर्ज की। उनका कुल स्कोर 24 अंडर का रहा।

अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर ने आखिरी दौर में सात अंडर के कार्ड के साथ 20 अंडर का स्कोर बनाया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। कनाडा की सवान्नाह ग्रेवाल सात अंडर के स्कोर के साथ 38वें स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

### अनिर्बान लाहिड़ी इंडियन पोलिस में संयुक्त 27वें स्थान पर

एजेंसी, वेस्टफील्ड (अमेरिका)। अनिर्बान लाहिड़ी ने 69 के कार्ड के साथ इंडियानापोलिस में एलआईवी गोल्फ स्पर्धा में 27वें स्थान के साथ किया। स्पेनिश मुनोज ने जॉन रहम के साथ 22 अंडर पार के स्कोर के साथ शीर्ष पर बराबरी करने के बाद प्ले ऑफ में जीत दर्ज की। रहम हालांकि सत्र की तालिका में दूसरे वर्ष शीर्ष पर रहे। लाहिड़ी का सत्र का 25वां स्थान 'लॉक जोन' से एक स्थान नीचे है। 'लॉक जोन' 2026 में खेलने के लिए खिलाड़ियों का स्थान सुनिश्चित करता है।




### अहलावत डैनिश गोल्फ चैंपियनशिप में 34वें स्थान पर रहे

एजेंसी, कोपनहेगन (डेनमार्क)। वीर अहलावत डीपी वर्ल्ड टूर के डैनिश गोल्फ चैंपियनशिप के आखिरी दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद 34वें स्थान पर रहे। अहलावत ने डेनमार्क के फ्यूरेसो गोल्फ क्लब में अपने आखिरी दौर में तीन बर्डी और चार बोगी लगाए। इस प्रदर्शन से 'रेस टू दुबई' रैंकिंग में 139वें से 136 स्थान पर पहुंच गए। इस तालिका में शीर्ष 113 स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को 'कैटेगरी 10 कार्ड' मिलेगा जिससे वे अगले सत्र में इस टूर के ज्यादातर टूर्नामेंटों में हिस्सा ले पाएंगे।



## एटलेटिको मैड्रिड ने 16 साल में पहली बार स्पेनिश लीग में पहला मैच गंवाया



एजेंसी, मैड्रिड

कई नए खिलाड़ियों के साथ खेल रही एटलेटिको मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे 16 साल में पहली बार ला लिगा के अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा।

एटलेटिको ने शुरुआत में बढ़त हासिल की लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया और उसे एस्पेनयोल ने 2-1 से हरा दिया। यह 2009 के बाद पहला अवसर है जबकि एटलेटिको को स्पेनिश लीग के शुरुआती मैच में पराजय झेलनी पड़ी। एटलेटिको ने 37वें मिनट में जूलियन अल्वारेज के फ्री किक से बढ़त बना ली, लेकिन 73वें मिनट में मिगुएल रुबियो और 84वें मिनट में पेरे मिल्ला के गोल के कारण उसे हार का मुंह देखना पड़ा।

गेटाफे ने सेल्टा विगो पर 2-0 से जीत दर्ज की। विजेता टीम की तरफ से एड्रियन लिसो और क्रिस्टेनस उचे ने दूसरे हाफ में गोल किए। (अनंत ज्ञान)


## एशिया कप हॉकी | एशिया कप में अगले कुछ दिनों में होगा अंतिम फैसला

# बांग्लादेश ले सकता है पाकिस्तान की जगह

एजेंसी, नई दिल्ली

हॉकी पुरुष एशिया कप में बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान की जगह ले सकती है। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होना है और अगर पाकिस्तान ने अगले कुछ दिनों में इसमें भाग लेने की पुष्टि नहीं की तो बांग्लादेश को उसकी जगह शामिल किया जाएगा।

भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह एशिया कप के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देगी, लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर यात्रा करने से मना कर दिया है। (अनंत ज्ञान)



### अगले दो दिन में स्थिति होगी स्पष्ट

आयोजकों ने आठ टीमों के टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह भरने के लिए बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया ने कहा कि अगले 48 घंटों में वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा, भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देने को तैयार है, लेकिन अगर वे भारत नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है। अगर पाकिस्तान नहीं आता है तो बांग्लादेश को पहले ही भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा चुका है, लेकिन पुष्टि के लिए दो दिन और इंतजार करना होगा। न तो पाकिस्तान और न ही बांग्लादेश ने अभी तक हमें इसकी पुष्टि की है। लेकिन बांग्लादेश पाकिस्तान की जगह ले सकता है।

**ये टीमें एशिया कप में लेंगी हिस्सा**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ सैन्य टकराव के बाद एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी अनिश्चित हो गई थी। एशिया कप 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। मेजबान भारत के अलावा, एशिया कप में भाग लेने वाली अन्य टीमें चीन, जापान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, ओमान और चीनी ताइपे हैं।

## यानिक सिनर को ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए मिला जोड़ीदार

एजेंसी, न्यूयॉर्क

यानिक सिनर को अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में खेलने के लिए नया जोड़ीदार मिल गया है जबकि एम्मा राडुकानू और कार्लोस अल्कराज की जोड़ी पहले दौर में नंबर एक वरीयता प्राप्त टीम का सामना करेगी।



अमेरिकी ओपन मिश्रित युगल टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होगा जिसमें 16 टीम भाग लेंगी। इसके लिए ड्रॉ रविवार को डाले गए। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 10 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर अब 10 बार की महिला युगल प्रमुख चैंपियन कैटरीना सिनियाकोवा के साथ जोड़ी बनाएंगे। उन्हें एम्मा नवारो के साथ जोड़ी बनानी थी लेकिन अगले हफ्ते मैक्सिको के मॉन्टेरी में होने वाले महिला टूर्नामेंट में खेलने के लिए उन्होंने नाम वापस ले लिया।

इस प्रतियोगिता में रविवार को जिन अन्य नई टीमों को जोड़ा गया उनमें दो बार की अमेरिकी ओपन महिला चैंपियन नाओमी ओसाका और गेल मोनफिल्स, कैरोलिना मुचोवा और आंद्रे रुबलेव तथा कैटी मैकनली और लोरेंजो मुसेट्टी शामिल हैं। अल्कराज और राडुकानू दोनों पूर्व अमेरिकी ओपन एकल चैंपियन हैं। उनका सामना जेसिका पेगुला और जैक ड्रेपर की टीम से होगा, जिन्हें संयुक्त एकल रैंकिंग के आधार पर नंबर एक वरीयता दी गई है। (अनंत ज्ञान)